
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 217 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 17 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## एनएच-54 मुआवजा घोटाले में गुरदासपुर की एसडीएम अनुप्रीत कौर रंधावा गिरफ्तार

समाज जागरण

चंडीगढ़। डॉ. अनुप्रीत कौर रंधावा को राष्ट्रीय राजमार्ग-54 (एनएच-54) भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाले में पंजाब पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। वर्तमान में वह गुरदासपुर में उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के पद पर तैनात हैं। उन पर करीब 1.63 करोड़ रुपये के सरकारी मुआवजे के गबन का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, यह मामला वर्ष 2019 का है, जब डॉ. रंधावा तरनतारन जिले के पट्टी में एसडीएम और भूमि अधिग्रहण के सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। उसी दौरान एनएच-54 परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चलाई गई थी। आरोप है कि अधिग्रहण मुआवजे की राशि पांच ऐसे लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई, जिनकी जमीन परियोजना के लिए अधिग्रहित ही नहीं की गई थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह कथित फजीवाड़ा पट्टी सब-डिवीजन के कई गांवों से जुड़ा हुआ है। जांच एजेंसियों के



अनुसार, दस्तावेजों में बिना अनुमति के स्वीकृतियां और हस्ताक्षर पाए गए, जिनमें डॉ. रंधावा की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र लांबा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि 2019 में दर्ज इस मामले की जांच जारी है। यह प्रकरण फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है।

सूत्रों के मुताबिक, डॉ. रंधावा को पहले भी निलंबित किया जा चुका है। उनका नाम 88 लाख रुपये के एक अन्य कथित गबन मामले में भी सामने आया था, जिसमें उनके भाई की संलिप्तता की भी जांच हुई थी।

पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की पूछताछ जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# पाकिस्तान बढ़ाएगा रक्षा बजट, IMF सुधारों के बीच जनता पर बढ़ सकता है टैक्स का बोझ

समाज जागरण

इस्लामाबाद। डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी कांग्रेस के भीतर पाकिस्तान को लेकर बढ़ती नाराजगी के बीच पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष 2026-27 में रक्षा बजट में बड़ी बढ़ोतरी की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.56 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर करीब 2.66 लाख करोड़ रुपये किए जाने का अनुमान है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह बढ़ोतरी ऐसे समय की जा रही है जब पाकिस्तान गंभीर



आर्थिक संकट, महंगाई और IMF की शर्तों के दबाव से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त 100 अरब रुपये जुटाने के लिए सरकार टैक्स बढ़ाने और राजस्व संग्रह में इजाफा करने की योजना बना रही है।

पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, IMF के साथ हुए समझौतों के तहत पाकिस्तान अपनी कुल आय बढ़ाकर लगभग 17.14 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए डिजिटल भुगतान व्यवस्था को बढ़ावा देने और सरकारी खर्चों में सुधार के वादे किए गए हैं।

इस बीच पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की भूमिका और सेना के बढ़ते खर्च को लेकर भी विपक्षी दलों और विश्लेषकों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार भ्रष्टाचार प्रभावित संस्थानों के ऑडिट का भी दावा कर रही है, हालांकि आलोचकों का कहना है कि सेना और शीर्ष अधिकारियों की जवाबदेही अब भी बड़ा मुद्दा बनी हुई है।

हालांकि, नूरखान एयरबेस पर ईरानी लड़ाकू विमानों को छिपाने संबंधी दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिका या पाकिस्तान की ओर से भी इस मामले पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक संकट के दौर में रक्षा बजट में बढ़ोतरी पाकिस्तान की आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाल सकती है, क्योंकि सरकार को राजस्व बढ़ाने के लिए नए टैक्स और सख्त आर्थिक कदम उठाने पड़ सकते हैं।

## गडचिरोली में बड़ी सफलता: 'ऑपरेशन अंतिम प्रहार' के तहत 8 माओवादी गिरफ्तार, SP एम. रमेश ने दी जानकारी

गडचिरोली। गडचिरोली जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक एम. रमेश ने जानकारी दी कि सीआरपीएफ और गडचिरोली पुलिस ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन अंतिम प्रहार' चलाया, जिसके तहत 8 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी के अनुसार इस अभियान के बाद जिले के आधिकारिक वांटेड रिकॉर्ड में अब कोई भी माओवादी शेष नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन लगातार चल रही नक्सल विरोधी रणनीति का हिस्सा था, जिसमें खुफिया जानकारी और सुरक्षा बलों के समन्वय से यह सफलता हासिल हुई। प्रशासन का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हुई है

# राजगीर में मलमास मेले की भव्य शुरुआत की तैयारी, 17 मई से होगा धार्मिक उत्सव का आगाज

समाज जागरण

राजगीर (बिहार)। ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी राजगीर में आयोजित होने वाले मलमास मेला 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक चलने वाले इस भव्य मेले को लेकर पूरे ब्रह्मकुंड क्षेत्र में सजावट और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर रविवार को ब्रह्मकुंड परिसर स्थित यज्ञशाला में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम का आगाज होगा। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका राजगीर का पहला दौरा होगा।



कार्यक्रम के दौरान सुबह 6:30 से 9 बजे तक तीर्थ पूजन और आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 9 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। मुख्यमंत्री द्वारा ब्रह्मकुंड परिसर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर और सप्तधारा क्षेत्र में ध्वज पूजा की जाएगी।

मेला स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को देखते हुए कई मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है। उद्घाटन समारोह सरस्वती कुंड परिसर में आयोजित किया जाएगा, जहां संध्या गंगा महाआरती का भी आयोजन होगा।

कार्यक्रम में कई संत-महात्माओं के साथ-साथ राज्य के उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों के भी शामिल होने की संभावना है। मलमास मेले के दौरान विभिन्न तिथियों पर शाही स्नान, विशेष महाआरती और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

## नोएडा प्राधिकरण ने विभिन्न सेक्टरों में भूखंड आवंटन प्रक्रिया शुरू की, 19 मई से 11 जून तक होंगे आवेदन

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 17 मई 2026: नोएडा प्राधिकरण ने शहर के प्रमुख सेक्टरों में औद्योगिक, संस्थागत, व्यावसायिक एवं होटल श्रेणी के भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रक्रिया 19 मई 2026 से शुरू होकर 11 जून 2026 तक चलेगी।

प्राधिकरण के अनुसार भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन और इंटरव्यू प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नोएडा को उद्योग, व्यापार और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने के साथ निवेशकों और संस्थानों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

### विभिन्न श्रेणियों में होंगे भूखंड आवंटित

औद्योगिक भूखंडों का आवंटन विनिर्माण एवं प्रोसेसिंग इकाइयों के लिए ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा।

# भारत अवसरों की भूमि, तकनीक और मानवता से सशक्त विकास की ओर अग्रसर: पीएम मोदी

**नीदरलैंड में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत निभा रहा अहम भूमिका**

विशेष संवाददाता/समाज जागरण

डेटलाइनः द हेग (नीदरलैंड): द हेग में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आज "अवसरों की भूमि" बन चुका है, जो तकनीक और मानवता–दोनों के संतुलन से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियाँ कई गंभीर चुनौतियों से भरी हुई हैं और यह दशक दुनिया के लिए "चुनौतियों का दशक" साबित हो रहा है। ऐसे समय में भारत नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है।

### तकनीक, मानवता और विकास पर भारत का फोकस

भारत तकनीक और मानवता के संतुलन के साथ विकास कर रहा है

नवाचार और आर्थिक प्रगति में भारत की भूमिका तेजी से बढ़ रही है



वैश्विक सहयोग में भारत एक भरोसेमंद साझेदार बनकर उभर रहा है

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी पर जोर

प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी और वैश्विक संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया को अब मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड ऊर्जा सुरक्षा और जल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सहयोग बढ़ा रहे हैं।

### भारत–यूरोपीय संघ एफटीए पर टिप्पणी

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों पक्षों के संबंधों को नई मजबूती देगा। उन्होंने नीदरलैंड को भारतीय कंपनियों के लिए यूरोप में प्रवेश का "स्वाभाविक प्रवेश द्वार" बताया।

### प्रवासी भारतीयों की भूमिका की सराहना

प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समुदाय भारत और नीदरलैंड के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### द हेग में उत्साहपूर्ण स्वागत

कार्यक्रम के दौरान भारतीय समुदाय के उत्साह को देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां मिला स्नेह और अपनापन ऐसा प्रतीत हुआ जैसे वे भारत में किसी उत्सव का हिस्सा हों। उन्होंने द हेग को भारत-नीदरलैंड मित्रता का जीवंत प्रतीक बताया।

# भरी महफिल में पुतिन का हाथ खींचने वाली ये महिला कौन थी? वायरल हुआ वीडियो

**रूसी राष्ट्रपति भी रह गए हैरान, सोशल मीडिया पर छाया पुराना किस्सा**

विशेष संवाददाता

नई दिल्लीः रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने सख्त और अनुशासित व्यक्तित्व के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं। इंटरनेशनल मंचों पर अक्सर बड़े नेता भी उनके सामने संयमित व्यवहार करते हैं, लेकिन एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान ऐसा वाकया हुआ जिसने सभी को चौंका दिया।

### सम्मान समारोह में हुआ अनोखा पल

यह घटना रूस के एक सरकारी सम्मान समारोह की बताई जाती है, जहां पत्रकारों और हस्तियों को सम्मानित किया जा रहा था। इसी दौरान एक महिला स्टेज पर पहुंचीं और पुतिन ने उन्हें सम्मान स्वरूप हैंडशेक, मेडल और बुके प्रदान किया।

इसके बाद जब पुतिन फोटो के लिए आगे बढ़ने लगे, तभी उस महिला ने उनका हाथ पकड़ लिया और उन्हें कैमरे के सामने खड़ा कर लिया। यह पल अचानक होने के कारण कुछ देर के लिए माहौल असहज हो गया।



### कौन थीं ये महिला?

इस घटना में शामिल महिला रूस की जानी-मानी टीवी एंकर, पत्रकार और बिजनेसवुमन टीना कंदेलाकी बताई जाती हैं।

टीना कंदेलाकी रूसी मीडिया की प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और अपनी बेबाक शैली के लिए जानी जाती हैं।

### पुतिन की प्रतिक्रिया भी चर्चा में

घटना के दौरान पुतिन कुछ पल के लिए हैरान नजर आए, हालांकि उन्होंने स्थिति को संभाल लिया। सोशल मीडिया पर इस पुराने वीडियो को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं।

### क्या है इस घटना की चर्चा का कारण?

कार्यक्रम के दौरान अचानक हुए अप्रत्याशित व्यवहार

पुतिन का असहज लेकिन संयमित रिएक्शन

टीना कंदेलाकी की बेबाक छवि और आत्मविश्वास

सोशल मीडिया पर वायरल पुराना वीडियो क्लिप

यह घटना भले ही पुरानी हो, लेकिन आज भी सोशल मीडिया पर समय-समय पर वायरल हो जाती है, क्योंकि इसमें एक तरफ रूस के मजबूत नेता और दूसरी तरफ एक आत्मविश्वासी महिला पत्रकार का अनोखा पल देखने को मिलता है।

# ब्रिक्स और भारत: बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा रहा भारत

**वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव के बीच BRICS बन रहा उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मजबूत मंच**

विशेष संवाददाता/समाज जागरण

नई दिल्लीः 21वीं सदी में वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है। शीत युद्ध के बाद लंबे समय तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव वाली एकध्रुवीय व्यवस्था रही, लेकिन अब दुनिया बहुध्रुवीय (Multipolar) संरचना की ओर बढ़ रही है।

इसी बदलाव के बीच ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह इफ्क्ऊर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में एक वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है।




### BRICS का विस्तार और बढ़ता प्रभाव

2009 में आर्थिक सहयोग मंच के रूप में शुरू हुआ BRICS आज केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

यह समूह विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग करता है

IMF, विश्व बैंक और G7 जैसे संस्थानों के विकल्प पर चर्चा को मजबूत करता है

वैश्विक आर्थिक और वित्तीय ढांचे में सुधार का पक्षधर है

### भारत के लिए BRICS का रणनीतिक महत्व

भारत के लिए BRICS केवल आर्थिक मंच नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत इस मंच के माध्यम से "वैश्विक दक्षिण" की आवाज और "संतुलनकारी शक्ति" के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है।

# पश्चिम बंगाल में पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्रों की होगी पुनः जांच, 15 साल के रिकॉर्ड की समीक्षा के आदेश

**2011 से 2026 तक जारी SC, ST और OBC प्रमाणपत्रों का होगा विस्तृत सत्यापन**

कोलकाताः पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में पिछले 15 वर्षों के दौरान जारी किए गए सभी पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्रों की पुनः जांच कराने का निर्णय लिया है।

पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग विकास विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वर्ष 2011 से 2026 के बीच जारी सभी जाति प्रमाणपत्रों का पुनः सत्यापन किया जाए।

### 1.69 करोड़ प्रमाणपत्र जांच के दायरे में

सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस अवधि में राज्य में लगभग 1.69 करोड़ जाति प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं–

करीब 1 करोड़ SC प्रमाणपत्र

लगभग 21 लाख ST प्रमाणपत्र

लगभग 48 लाख OBC प्रमाणपत्र

सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरक्षण और अन्य सरकारी लाभों का गलत फायदा न उठा सके।

# मलमास की परंपरा और सनातन का सांस्कृतिक प्रवाह

**– महेन्द्र तिवारी**

भारतीय कालगणना केवल तिथियों और महीनों की गणना भर नहीं है, बल्कि वह प्रकृति, खगोल, धर्म और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने की एक अद्भुत व्यवस्था भी है। इसी व्यवस्था का एक विशेष और



अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है अधिक मास, जिसे मलमास तथा पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह पवित्र काल 17 मई से 15 जून तक रहेगा और इस बार यह ज्येष्ठ महीने में पड़ रहा है, इसलिए इसे अधिक ज्येष्ठ मास कहा जाएगा। यह संयोग विशेष माना जा रहा है क्योंकि ज्येष्ठ मास में अधिक मास का आगमन बहुत लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार ऐसा योग पुनः लगभग 2037 में बनेगा। इस कारण 2026 का पुरुषोत्तम मास धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित है। चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है जबकि सौर वर्ष लगभग 365 दिनों का। दोनों के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर रह जाता है। यही अंतर 3 वर्षों में लगभग 1 महीने के बराबर हो जाता है। इस असंतुलन को ठीक करने के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त मास जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है। यह व्यवस्था भारतीय ज्योतिष और खगोल विज्ञान की अद्भुत सूझबूझ को दशार्ती है। अधिक मास का उद्देश्य केवल तिथियों का संतुलन नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन की भागदौड़ से थोड़ा विराम देकर आत्मिक उन्नति की ओर ले जाना भी है।

प्राचीन ग्रंथों में अधिक मास को पहले उपेक्षित माना गया था। किसी भी देवता ने इसे स्वीकार नहीं किया। तब यह मास भगवान विष्णु के पास पहुंचा। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम देकर पुरुषोत्तम मास घोषित किया। तभी से यह महीना विष्णु भक्ति, जप, तप, दान और साधना का श्रेष्ठ काल माना जाने लगा। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने में किया गया पुण्य कई गुना फल देता है। यही कारण है कि लोग इस दौरान व्रत, कथा, भागवत पाठ, गीता अध्ययन और दान-पुण्य में विशेष रुचि लेते हैं।

अधिक मास को सांसारिक कार्यों की अपेक्षा आध्यात्मिक साधना का समय माना गया है। इसलिए विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ, नया व्यापार आरंभ करना तथा नए घर या वाहन की खरीद को सामान्यतः टाल दिया जाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि यह महीना अशुभ है। वास्तव में यह महीना बाहरी विस्तार को रोककर भीतर की यात्रा करने का अवसर देता है। भारतीय चिंतन में यह विचार अत्यंत गहरा है कि मनुष्य केवल भौतिक उपलब्धियों से पूर्ण नहीं होता। उसे समय-समय पर अपने भीतर लौटना भी आवश्यक है। पुरुषोत्तम मास इसी आंतरिक यात्रा का प्रतीक है।

इस अवधि में भगवान विष्णु की उपासना विशेष फलदायी मानी जाती है। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, गीता और भागवत का श्रवण, तुलसी पूजा, दीपदान, अन्नदान और जलदान को अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। पीले वस्त्रों का दान, गरीबों को भोजन कराना तथा गौसेवा का भी विशेष महत्व बताया गया है। अनेक लोग इस महीने में एक समय भोजन, मौन व्रत या नियमित जप का संकल्प लेते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे मन की अशांति कम होती है और व्यक्ति के भीतर संयम तथा धैर्य का विकास होता है।

वर्ष 2026 के पुरुषोत्तम मास की एक और बड़ी विशेषता बिहार के राजगीर में लगने वाला ऐतिहासिक मलमास मेला है। राजगीर प्राचीन काल से ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है। यह नगर हिंदू, बौद्ध और जैन तीनों परंपराओं के लिए महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि मलमास के दौरान 33 करोड़ देवी-देवता राजगीर में निवास करते हैं। इसी विश्वास के कारण लाखों श्रद्धालु इस अवधि में वहां पहुंचते हैं। ब्रह्मकुंड और अन्य गर्म जलकुंडों में स्नान कर लोग पूजा और दान करते हैं।

राजगीर का मलमास मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि लोकजीवन, संस्कृति और परंपरा का विशाल उत्सव भी है। यहां साधु-संतों के प्रवचन, कथा, भजन, धार्मिक अनुष्ठान और लोककलाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। बिहार सरकार और नालंदा जिला प्रशासन ने 2026 के मेले की तैयारी पहले से शुरू कर दी है। लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवास, यातायात और सुरक्षा की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

भारतीय समाज में अधिक मास का प्रभाव केवल धार्मिक जीवन तक सीमित नहीं रहता। इसका असर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी पड़ता है। चूंकि इस दौरान मांगलिक कार्य स्थगित कर दिए जाते हैं, इसलिए विवाह और अन्य समारोह अगले महीनों में अधिक संख्या में होते हैं। इसी कारण वर्ष 2026 में रक्षाबंधन, नवरात्र और दीपावली जैसे त्योहार सामान्य समय से लगभग 20 दिन बाद आएंगे। यह परिवर्तन भारतीय पंचांग की गतिशीलता को दशार्ता है।

यदि गहराई से देखा जाए तो अधिक मास आधुनिक जीवन के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। आज का मनुष्य निरंतर भागदौड़, तनाव और प्रतिस्पर्धा में उलझा हुआ है। उसके पास स्वयं से मिलने का समय कम होता जा रहा है। पुरुषोत्तम मास मानो यह संदेश देता है कि जीवन केवल उपलब्धियों की दौड़ नहीं है। कभी-कभी रुकना, स्वयं को समझना और भीतर की शांति को खोजना भी आवश्यक है। यही कारण है कि यह महीना केवल धार्मिक नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।

भारतीय साहित्य और लोकसंस्कृति में भी अधिक मास का विशेष स्थान रहा है। लोकगीतों, कथाओं और पुराणों में इस महीने की महिमा का वर्णन मिलता है। गांवों में आज भी बुजुर्ग इस अवधि को संयम और साधना का समय मानते हैं। महिलाएं कथा और भजन में भाग लेती हैं, पुरुष मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में सेवा करते हैं तथा परिवारों में धार्मिक वातावरण बनता है। यह महीना समाज को सामूहिक रूप से आध्यात्मिकता की ओर मोड़ने का कार्य करता है।

वर्ष 2026 का अधिक ज्येष्ठ मास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह परंपरा, खगोल विज्ञान और अध्यात्म तीनों को एक साथ जोड़ता है। एक ओर यह चंद्र और सूर्य गणना के बीच संतुलन स्थापित करता है, दूसरी ओर मनुष्य को आत्मिक संतुलन की ओर भी प्रेरित करता है। राजगीर का मेला इसकी सांस्कृतिक भव्यता को और अधिक जीवंत बना देता है। ऐसे समय में जब आधुनिक जीवन तेजी से बदल रहा है, पुरुषोत्तम मास भारतीय सभ्यता की उस गहरी चेतना की याद दिलाता है जिसमें समय केवल घड़ी की सुई नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा भी है।

# नेशन फर्स्ट पर आगे बढ़ता नेपाल

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**

नेपाल की राजनीति इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस बदलाव से उसके चीन और भारत जैसे पड़ोसी नाराज होते हैं तो इसकी चिंता नेपाल को शायद नहीं है। नेपाल पूरी तरह से नेशन फर्स्ट पर चल रहा है। काठमांडू की सत्ता अब पहले की तरह भारत पर आर्थिक और राजनीतिक रूप से निर्भर रहने के पक्ष में नहीं दिखती। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जिनसे यह साफ संकेत जाता है कि नेपाल अब ह्यनेपाल प्रथमह्न की नीति पर आगे बढ़ना चाहता है। यही वजह है कि व्यापार, सीमा, कस्टम ड्यूटी और चीन के साथ रिश्तों जैसे मुद्दे अब नेपाल की घरेलू राजनीति और राष्ट्रवाद का हिस्सा बन चुके हैं। भारत के लिए चिंता केवल नेपाल के कुछ फैसले नहीं हैं, बल्कि वहां तेजी से बदलती राजनीतिक सोच है। नेपाल और भारत के बीच करीब 1850 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है। दोनों देशों के नागरिक बिना वीजा और पासपोर्ट के आवाजाही करते हैं। अनुमान है कि हर दिन 50 हजार से ज्यादा लोग रोजगार, व्यापार, शिक्षा और पारिवारिक कारणों से सीमा पार करते हैं। नेपाल के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा भारत के साथ होता है। 2025-26 में दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 13 अरब डॉलर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें सबसे बड़ा असंतुलन यह है कि नेपाल ने भारत से करीब 11 अरब डॉलर का सामान आयात किया, जबकि उसका निर्यात केवल 2 अरब डॉलर के आसपास रहा। यही लगभग 9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा अब नेपाल की नई राष्ट्रवादी राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है।

नेपाल के उद्योग परिसंघ और आर्थिक विशेषज्ञों का एक वर्ग लगातार यह दावा करता रहा है कि भारतीय बाजार से आने वाले सस्ते उत्पादों ने नेपाली उद्योगों को कमजोर कर दिया। कपड़ा उद्योग, कृषि आधारित कारोबार और छोटे विनिर्माण क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। इसी सोच के तहत बालेन शाह सरकार ने भारत से नेपाल लाए जाने वाले 100 नेपाली रुपये से अधिक कीमत के सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने का फैसला किया। सरकार का कहना था कि इससे घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिलेगा और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन इस फैसले का असर सीधे सीमा क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला था। वीरगंज, विराटनगर, नेपालगंज और भैरहवा जैसे शहरों में हजारों छोटे व्यापारी भारतीय बाजारों से राशन, कपड़े, दवाइयां और घरेलू सामान खरीदकर नेपाल ले जाते हैं। व्यापारियों का अनुमान था कि नई ड्यूटी व्यवस्था लागू होने के बाद रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती थी। नेपाल पहले ही महंगाई और बेरोजगारी के दबाव से जूझ रहा है। विश्व बैंक के अनुसार नेपाल में युवा बेरोजगारी दर 20 प्रतिशत से ऊपर है। ऐसे में यह फैसला आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला माना गया।




नेपाल के भीतर इस फैसले का विरोध शुरू हो गया। व्यापारी संगठनों और सीमा-पार कारोबारियों ने इसे अव्यावहारिक बताया। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और अदालत ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए टैक्स वसूली पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि सरकार को सीमा क्षेत्रों की सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखना होगा। अदालत के इस हस्तक्षेप ने साफ कर दिया कि नेपाल में राष्ट्रवादी राजनीति तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उसकी सीमाएं अब भी संवैधानिक संस्थाएं तय कर रही हैं। दरअसल नेपाल में भारत को लेकर असहजता कोई नई बात नहीं है। 2015 में नेपाल के नए संविधान को लेकर पैदा हुए विवाद और उसके बाद सीमा पर आपूर्ति बाधित होने की घटनाओं ने भारत-विरोधी भावना को गहरा किया। उस समय नेपाल में पेट्रोल, गैस और दवाइयों की भारी कमी हो गई थी। नेपाल के भीतर बड़ी संख्या में लोग आज भी मानते हैं कि उस दौर में भारत ने दबाव की राजनीति अपनाई थी। उसी समय के बाद ह्यआर्थिक आत्मनिर्भरताह्न और ह्यराष्ट्रीय सम्मानह्न जैसे मुद्दे तेजी से लोकप्रिय हुए।

बालेन शाह ने इसी भावना को राजनीतिक ताकत में बदला। नेपाल की लगभग 42 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और यही युवा वर्ग सोशल मीडिया आधारित राष्ट्रवादी राजनीति से तेजी से प्रभावित हो रहा है। नेपाल में भारत के साथ आर्थिक निर्भरता कम करने और ह्यस्वतंत्र विदेश नीतिह्न की मांग लगातार बढ़ रही है। कई राष्ट्रवादी समूह भारत के साथ सीमा नियंत्रण सख्त करने की बात भी खुले तौर पर कर रहे हैं। हालांकि नेपाल केवल भारत से दूरी बनाकर चीन के करीब जाता हुआ भी नहीं दिखना चाहता। चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना के तहत नेपाल में सड़क, रेलवे और ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 8 अरब डॉलर तक के निवेश प्रस्तावित हैं। लेकिन नेपाल सरकार अब इन परियोजनाओं की लागत और ऋण शर्तों की समीक्षा कर रही है। काठमांडू में यह डर मौजूद है कि अत्यधिक चीनी कर्ज नेपाल को आर्थिक रूप से कमजोर कर सकता है। इसके बावजूद चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और मशीनरी के क्षेत्र में चीन नेपाल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है।

दूसरी तरफ नेपाल यह भी समझता है कि भारत से पूरी दूरी बनाना उसके लिए संभव नहीं। नेपाल की पेट्रोलियम जरूरतों का लगभग पूरा हिस्सा भारत से आता है। समुद्री व्यापार के लिए नेपाल पूरी तरह भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर है। नेपाल के लाखों नागरिक रोजगार के लिए भारत आते-जाते हैं। दोनों देशों के बीच पारिवारिक और सांस्कृतिक रिश्ते इतने गहरे हैं कि उन्हें केवल राजनीतिक फैसलों से खत्म नहीं किया जा सकता। दिल्ली भी इस बदलते नेपाल को लेकर सतर्क है। भारत समझता है कि केवल ऐतिहासिक रिश्तों के भरोसे अब नेपाल में अपना प्रभाव बनाए रखना आसान नहीं होगा। यही कारण है कि हाल के वर्षों में भारत ने नेपाल में रेलवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, बिजली ट्रांसमिशन और डिजिटल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर तेजी से निवेश बढ़ाया है। नेपाल ने 2025-26 में भारत को लगभग 1000 मेगावाट बिजली निर्यात की, जिससे उसे करीब 15 अरब नेपाली रुपये की आय हुई। फिलहाल नेपाल की राजनीति ऐसे दौर में पहुंच चुकी है जहां राष्ट्रवाद सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बन गया है। लेकिन आने वाले समय में सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि क्या ह्यनेपाल प्रथमह्न की यह नीति नेपाल को आर्थिक रूप से मजबूत बना पाएगी या फिर भारत जैसे सबसे बड़े साझेदार से लगातार बढ़ता तनाव उसकी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ेगा। क्योंकि भूगोल और इतिहास की सच्चाई यही है कि भारत और नेपाल चाहे जितनी राजनीतिक दूरी बनाने की कोशिश करें, दोनों देशों का भविष्य अब भी एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ है।

(वैश्विक विश्लेषण)

# तेल की धार बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार।

विश्व अर्थव्यवस्था की धमनियों में यदि किसी तत्व को रक्त की उपमा दी जाए तो वह निस्संदेह तेल है। विश्व के सभी देशों में भारत सहित पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ा दिए गए हैं इनमें सबसे कम भारत में ही पेट्रोलियम पदार्थों के रेट बढ़ाए गए हैं। यह थोड़ी राहत की बात हो सकती है परंतु भारत की जैसी अर्थव्यवस्था पर निश्चित तौर पर यह बढ़े हुए पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आम जनता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत में आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने का प्रभाव आम जनता पर हमेशा उनकी जेब पर भारी कटौती किए जाने का अंदेशा रहता है। भारत एक विकासशील देश है और यहां की अर्थव्यवस्था बहुत ही संवेदनशील एवं परिवर्तनशील है भारत की जनसंख्या वैश्विक देश में अग्रणी मानी जाती है देश में यदि थोड़े से भी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इस पर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी परिवर्तन परिलक्षित होता है। पेट्रोलियम पदार्थ केवल वाहनों का ईंधन भर नहीं हैं, बल्कि आधुनिक औद्योगिक सभ्यता की गति, उत्पादन, परिवहन, ऊर्जा और व्यापार की आधारशिला हैं। जब तेल की कीमतों में असंतुलित वृद्धि होती है तो उसका प्रभाव केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खेतों की मिट्टी से लेकर कारखानों की मशीनों और आम आदमी की रसोई तक महसूस किया जाता है। आज वैश्विक स्तर पर बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों ने भारत सहित अनेक देशों की आर्थिक संरचना को झकझोर कर रख दिया है।




रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, ओपेक देशों की उत्पादन नीतियां तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान ने कच्चे तेल की कीमतों को अस्थिर बना दिया। एक समय जो कच्चा तेल 60 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच उपलब्ध था, वह कई अवसरों पर 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गया। इसका सीधा प्रभाव उन देशों पर पड़ा जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर हैं। भारत अपनी कुल पेट्रोलियम आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का अर्थ है–देश के आयात बिल में भारी वृद्धि, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव और व्यापार घाटे का विस्तार।

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि ने परिवहन लागत को तेजी से बढ़ाया। ट्रकों के भाड़े बढ़े तो फल, सब्जी, अनाज, दूध और दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो गईं। किसान के लिए डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं, बल्कि सिंचाई और कृषि उपकरणों की शक्ति है। डीजल महंगा होने का अर्थ है खेती की लागत बढ़ना। इसका परिणाम यह हुआ कि उत्पादन महंगा हुआ और महंगाई की दर लगातार ऊपर जाने लगी। आम नागरिक की आय स्थिर रही लेकिन खर्चों में वृद्धि होती गई। मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के लिए घरेलू बजट संतुलित करना कठिन हो गया।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने एक बार कहा था कि ऊर्जा की बढ़ती कीमतें विकासशील देशों के लिए दोहरी चुनौती हैं–एक ओर महंगाई बढ़ती है और दूसरी ओर विकास की गति धीमी पड़ती है।

वास्तव में यही स्थिति आज अनेक देशों में दिखाई देती है। बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ गई। छोटे और मध्यम उद्योग, जो पहले ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा और मंदी से जूझ रहे थे, अब ऊर्जा लागत के दबाव में कमजोर पड़ने लगे हैं।।विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाओं ने भी चेतावनी दी है कि ऊर्जा संकट वैश्विक आर्थिक मंदी को और गहरा कर सकता है। जब परिवहन और उत्पादन महंगा होता है तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं। उपभोक्ता कम खरीदारी करते हैं, बाजार की मांग घटती है और उद्योगों का विस्तार रुकने लगता है। यही कारण है कि कई देशों में आर्थिक विकास दर अनुमान से कम रही। यूरोप में गैस और तेल संकट ने ऊर्जा आधारित उद्योगों को प्रभावित किया, जबकि एशियाई देशों में आयात लागत ने आर्थिक संतुलन बिगाड़ा।

अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड ने कहा था कि यदि उत्पादन और परिवहन महंगे हो जाएं तो बाजार की आत्मा कमजोर पड़ जाती है। आज यह कथन बिल्कुल सटीक प्रतीत होता है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें केवल व्यक्तिगत वाहन उपयोग को प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि रेल, विमानन, शिपिंग और सार्वजनिक परिवहन की लागत को भी बढ़ाती हैं। विमान कंपनियों ने किराए बढ़ाए, मालवाहक कंपनियों ने अतिरिक्त शुल्क लगाए और इसका भार अंततः उपभोक्ता पर पड़ा।

भारत सरकार ने समय-समय पर उत्पाद शुल्क में कटौती और राज्यों द्वारा वैट कम करने जैसे कदम उठाए, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार की अस्थिरता ने राहत को सीमित रखा। दूसरी ओर सरकारों के सामने भी चुनौती थी क्योंकि ईंधन पर मिलने वाला कर राजस्व विकास योजनाओं और आधारभूत संरचना निर्माण का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि कर घटाए जाते हैं तो सरकारी आय प्रभावित होती है, और यदि कीमतें बढ़ती हैं तो जनता पर बोझ पड़ता है। यह एक जटिल आर्थिक संतुलन बन गया है। ऊर्जा संकट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि केवल पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं है। इसलिए विश्व अब वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत ने सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में कई योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मंचों पर ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भारत के भविष्य की आवश्यकता बताया है। उनका मानना है कि यदि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है तो ऊर्जा के क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी होगी। हालांकि केवल नीतियां बना देने से समस्या समाप्त नहीं होगी। आवश्यक है कि सार्वजनिक परिवहन को मजबूत किया जाए, ऊर्जा संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जाए और वैकल्पिक ऊर्जा तकनीकों को सस्ता व सुलभ बनाया जाए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेल उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच संतुलित संवाद आवश्यक है, ताकि बाजार में कृत्रिम अस्थिरता कम हो सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि तेल की बढ़ती धार ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर दिया है। महंगाई, उत्पादन लागत, बेरोजगारी, व्यापार घाटा और आर्थिक असंतुलन जैसी समस्याएं इसी ऊर्जा संकट की परछाईं बनकर उभरी हैं। यदि विश्व को स्थिर और संतुलित आर्थिक विकास की ओर बढ़ना है तो ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों, संतुलित नीतियों और वैश्विक सहयोग को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा पेट्रोल-डीजल की यह बढ़ती आग केवल इंजन ही नहीं, अर्थव्यवस्था की पूरी संरचना को धीरे-धीरे झुलसाती रहेगी।

संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

## सत्ता का वैभव नहींङ्क?

*यह सिर्फ "सत्ता" का "वैभव" नहीं,*
*जवाबदेही का "बोझ" हैं राजनीति।*
*यह केवल कुर्सियों की चमक नहीं,*
*जन-मन मौन "खोज" हैं राजनीति।*

*यहाँ हर एक निर्णय लेने के पीछे,*
*हजारों-हजार उम्मीदें सांस लेती।*
*निरक्षर नेता के एक हस्ताक्षर से,*
*यूं कई पीढ़ियाँ भी राहें चुन लेती।*

*मुकुट दिख जाता स्वर्णिम सबको,*
*पर भीतर काँटों की थकान होती।*
*रैली और भीड़ के नारों से भी परे,*
*रातों में आत्मा से "पहचान" होती।*

*ये राजनीति यदि "सेवा" बन जाए,*
*तो इतिहास को भी बदल सकती।*
*और यदि स्वार्थसिद्धि में ढल जाए,*
*तो फिर सभ्यता भी नष्ट हो सकती।*

*यह मात्र शब्दों का ही उत्सव नहीं,*
*कर्तव्य परायणता का "तप" होती।*
*यह सिर्फ "सत्ता" का "वैभव" नहीं,*
*जवाबदेही का "बोझ" हैं राजनीति।*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*


# मलेमास (अधिक मास) की शुभकामनाएँ

**पवित्र मलेमास के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।**

यह पावन मास आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति लेकर आए। भगवान विष्णु और श्री हरि की कृपा से आपके सभी कष्ट दूर हों और घर-परिवार में खुशहाली बनी रहे। इस पवित्र समय में दान, जप, तप और भजन-कीर्तन से अपने जीवन को और अधिक मंगलमय बनाएं।

**मलेमास की ढेरों शुभकामनाएँ**


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# किशोरियों को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर, 16 मईः ग्राम चौना, बिसरख स्थित सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी "संदेश" द्वारा किशोरियों को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित ह्लमहीने के वो पांच दिनह्व अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद और हापुड़ जनपद के 57 इंटर कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

अभियान के माध्यम से कुल 32,031 छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, एनीमिया से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यशालाओं के दौरान विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित शिक्षिकाओं ने छात्राओं को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक संकोच से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया।

वक्ताओं ने कहा कि सही जानकारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और शिक्षा में निरंतरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही स्वच्छ सैनिटरी उत्पादों के उपयोग, संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

अभियान की विशेषता यह रही कि कार्यक्रमों से पूर्व 63 शिक्षिकाओं का विशेष ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया, ताकि वे छात्राओं तक वैज्ञानिक एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। इसके अतिरिक्त 34 वालंटियर्स ने विद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें अपनी जिज्ञासाएं खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रमों में यह भी बताया गया कि माहवारी को लेकर जागरूकता बढ़ाना केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और महिला सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है।

संदेश संस्था की सचिव डॉ. पूनम सिंह परिहार ने कहा कि किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सम्मान से जुड़े ऐसे जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अत्यंत आवश्यक हैं। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जनपद में चला व्यापक जागरूकता अभियान, लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

## "क्या करें और क्या न करें" की जानकारी देकर डेंगू से बचाव के लिए किया गया जागरूक

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ः राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जनपद गौतमबुद्धनगर में विभिन्न स्थानों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम "Community Participation Dengue Control: Check, Clean and Cover" रखी गई है। उन्होंने कहा कि डेंगू एडीज मच्छर से फैलने वाला रोग है, जो साफ पानी में पनपता है, इसलिए सतर्कता और स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।




**गांव से लेकर शहर तक चला जागरूकता अभियान**

जिला मलेरिया अधिकारी टीम, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौला में आशाओं के साथ संगोष्ठी आयोजित कर डेंगू से बचाव की शपथ दिलाई गई ग्राम बरौला की गली संख्या-02 में विशेष अभियान चलाकर 41 घरों का निरीक्षण किया गया

ग्रीन फील्ड मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चों को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया

पोस्टर एवं हैंडबिल के माध्यम से "क्या करें और क्या न करें" की जानकारी दी गई

**साफ-सफाई और रोकथाम पर जोर**

अधिकारियों ने बताया कि घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। यदि कहीं जलजमाव हो तो उसमें मोबिल ऑयल डालने की सलाह दी गई।

साथ ही कूलर, फ्रिज की ट्रे, पानी के बर्तन, ड्रम आदि को सप्ताह में एक बार खाली कर साफ करने के निर्देश दिए गए। नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लावीर्साइड का छिड़काव भी किया गया।

**श्रमिकों और आमजन को किया गया जागरूक**

सेक्टर-65 स्थित साहू इंटरनेशनल अटायर प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 350 श्रमिकों को डेंगू से बचाव की जानकारी दी गई।

इसके अलावा दादरी, बिसरख, कानीगढ़ी और डाढा क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोष्ठियों, रैलियों और प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

**रैली, पोस्टर और शपथ के माध्यम से संदेश**

अभियान के दौरान आशा कार्यकताओं, एएनएम और स्वास्थ्य अधिकारियों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। पोस्टर और हैंडबिल वितरित कर लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए गए। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की कि लोग अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और डेंगू से बचाव के सभी उपाय अपनाएं, ताकि इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# जायद फसलों में कीट-रोग से बचाव को लेकर कृषि विभाग की एडवाइजरी जारी

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 16 मई, 2026ः जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर विवेक दुबे ने जनपद के किसानों को सलाह दी है कि जायद फसलों में तापमान में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण कीट एवं रोगों के प्रकोप की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में किसानों को विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार आवश्यक सावधानियां अपनानी चाहिए, जिससे फसलों को सुरक्षित रखा जा सके।

कृषि विभाग के अनुसार मक्का फसल में तना बेधक कीट के नियंत्रण के लिए आर्थिक क्षति स्तर 10 प्रतिशत मृत गोभ दिखाई देने पर डाईमिथोएट या नोवालुरोन आधारित दवाओं के छिड़काव की सलाह दी गई है। वहीं फॉल आर्मी वर्म के प्रबंधन हेतु पक्षी आश्रय (बर्ड पर्चर), प्रकाश प्रपंच, फेरोमोन ट्रैप तथा जैविक नियंत्रण के उपाय अपनाने पर जोर दिया गया है।

अरहर की फसल में फल मक्खी से बचाव के लिए डाइमेथोएट, इमिडाक्लोप्रिड एवं एसिटामिप्रिड के नियंत्रित उपयोग की सलाह दी गई है। इसके साथ ही स्टेरिलिटी मोजैक रोग से प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट करने तथा कीटनाशकों के छिड़काव से रोग के प्रसार को रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

उर्द एवं मूंग की फसल में सर्कोस्पोरा पत्ती धब्बा रोग के लिए मेटीरम तथा टेबुकोनाजोल का छिड़काव प्रभावी बताया गया है। वहीं पीला चित्तवर्ण रोग के लिए सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु स्टिकी ट्रैप लगाने और डाइमेथोएट या एजाडिरेक्टीन के छिड़काव की सलाह दी गई है।

गन्ना फसल में लाल सड़न रोग से बचाव के लिए प्रतिरोधी किस्मों का प्रयोग, स्वस्थ बीज का चयन तथा जैविक उपचार अपनाने पर जोर दिया गया है। पायरिला एवं टॉप बोरर कीट नियंत्रण के लिए जैविक एवं रासायनिक दोनों तरीकों के संयोजन की सलाह दी गई है।

आम के फलों को गिरने से बचाने के लिए एएनए के निर्धारित अनुपात में 10 से 15 दिन के अंतराल पर 2 से 3 छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

कृषि विभाग ने किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (ठढरर) ऐप का उपयोग करने की भी सलाह दी है, जिसके माध्यम से किसान कीट एवं रोग की पहचान, फोटो आधारित निदान तथा विशेषज्ञों से तत्काल सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

विभाग ने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर किसान अपनी फसलों को कीट एवं रोगों से प्रभावी रूप से सुरक्षित रख सकते हैं।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ःजिला चिकित्सालय गौतमबुद्धनगर, नोएडा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अवसर पर एक्शनरूट फाउंडेशन एनजीओ द्वारा गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं एवं देखभालकताओं के लिए मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में महिला ओपीडी में आए समस्त लाभार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें गर्भावस्था में देखभाल, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु की स्वच्छता, टीकाकरण, माता-शिशु में खतरे के लक्षणों की पहचान तथा समय पर स्वास्थ्य सेवाएं लेने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं को फल भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. अजय राणा (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. रुचि सिंह (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अरुण, डॉ. प्रियंका बाजवाला (कार्यकारी निदेशक, एक्शनरूट फाउंडेशन) सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही आज अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों की ओपीडी सेवाएं भी संचालित रहीं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार–

ओपीडी मरीजः 2546
आभा स्कैन ओपीडीः 1986
अमरनाथ यात्रा श्रद्धालुः 22
आई ऑरेशनः 10
सिजेरियन ऑपरेशनः 3
जनरल ओटी (माइनर): 16, मेजरः 11
नए डॉग बाइट मरीजः 51
पुराने डॉग बाइट मरीजः 214
कुल डॉग बाइटः 265
मेडिकोलीगल (पुलिस): 6
अन्य केसः 32
कुल केसः 303

अधिकारियों ने बताया कि पीएमएसएमए जैसे अभियानों का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है।

# थाना जारचा पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध चाकू बरामद

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगरः थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से मारपीट



और चाकू से हमले के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि ग्राम के ही अमित पुत्र रवि कुमार और भूपेन्द्र उर्फ सेटी पुत्र जोनी द्वारा उसके भाई के साथ गाली-गलौच करते हुए डंडों से मारपीट की गई तथा चाकू से हमला किया गया, जिसमें उसका भाई घायल हो गया।

इस संबंध में थाना जारचा पर मु0अ0सं0 84/26 धारा 109(1)/115/352 इठर के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों वांछित अभियुक्तों को ग्राम ऊंचाअमीरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमित पुत्र रवि कुमार (उम्र 30 वर्ष) एवं भूपेन्द्र उर्फ सेटी पुत्र जोनी (उम्र 28 वर्ष), निवासी ग्राम तातारपुर, थाना जारचा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अमित के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## 171 शिकायतें दर्ज, 14 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण संवाददाता



गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ः जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसामान्य की कुल 171 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 14 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

तहसील सदर में उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील दादरी में उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में सर्वाधिक 112 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया।

अधिकारियों ने शेष शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, जिसके लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

# शनि जयंती एवं शनि अमावस्या पर श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ः नोएडा स्थित सेक्टर-14ए के श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती एवं शनि अमावस्या के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अष्टकुंडीय श्री शनि महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति अर्पित की और शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



आचार्य पुष्कर चंद्र भट्ट के सान्निध्य में आयोजित महायज्ञ के दौरान पूरा मंदिर परिसर "जय शनिदेव" के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में शनि सेवा समिति के अध्यक्ष मान सिंह चौहान सहित समिति के पदाधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह, नोएडा एसीईओ वंदना त्रिपाठी सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शनि सेवा समिति के अध्यक्ष मान सिंह चौहान ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं और उनकी आराधना से जीवन की बाधाएं दूर होकर सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगभग 13 वर्षों बाद शनि जयंती का दुर्लभ संयोग शनिवार को बना, जिससे यह दिन धार्मिक एवं ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

समिति के मंत्री एवं सचिव एडवोकेट राजीव मिश्रा ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों ने तिल, तेल, काला वस्त्र एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण का आयोजन चलता रहा। आचार्य पुष्कर चंद्र भट्ट ने कहा कि शनि जयंती शनिदेव की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम अवसर है। उन्होंने श्रद्धालुओं को जरूरतमंदों को काले वस्त्र, तिल, उड़द की दाल, लोहे के बर्तन एवं सरसों का तेल दान करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शाम को भजन संध्या एवं भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

# थाना फेस-2 पुलिस द्वारा ऑनलाइन फर्जी भुगतान कर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगरः थाना फेस-2 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को विश्वास में लेकर फर्जी ऑनलाइन भुगतान दिखाकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने मु0अ0सं0 194/2026 धारा 318(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त समीर अंसारी पुत्र मेहराज अंसारी को बी.पी.एल कट के पास बंद पड़ी कंपनी से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 13 एसी इनडोर, 13 एसी आउटडोर, 3 विंडो एसी, 1 फ्रिज, 1 कूलर, 1 एलईडी टीवी तथा 2440 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त एनसीआर क्षेत्र में दुकानदारों को झांसे में लेकर फर्जी ऑनलाइन पेमेंट दिखाता था और पोर्टर के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक सामान मंगवाकर बिना भुगतान किए फरार हो जाता था।

गिरफ्तार अभियुक्त समीर अंसारी मूल रूप से शास्त्री पार्क, थाना शास्त्री पार्क, नई दिल्ली का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह कासिम विहार, ग्राम सबापुर, थाना ट्रोनिका सिटी, जिला गाजियाबाद में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 21 वर्ष बताई गई है।

पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 318(4)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा मोबाइल स्नैचिंग करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ः थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आरटीओ ऑफिस के पास से पकड़ा गया।




पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त लोकेन्द्र उर्फ लक्की पुत्र आकाश है, जिसके कब्जे से स्नैच किए गए विभिन्न कंपनियों के 18 मोबाइल फोन, एक अवैध चाकू तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

अभियुक्त मूल रूप से ग्राम ललपुरा, थाना ललपुरा, जनपद हमीरपुर का निवासी है तथा वर्तमान में ग्राम सफाबार्द, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 23 वर्ष बताई गई है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 13 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद मोबाइल फोन, अवैध चाकू एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया गया है।

# थाना जारचा पुलिस द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 16 मई 2026ः थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से फर्जी रजिस्ट्री कर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना जारचा पर पंजीकृत 06 मुकदमों में वांछित था।



पुलिस के अनुसार अभियुक्त विनोद कुमार सिंह पुत्र हरपाल सिंह को लाल कुआं के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्वयं को भू-स्वामी दशार्ते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि की रजिस्ट्री कराई तथा वादी से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की।

इस मामले में पूर्व में 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त विनोद कुमार सिंह मूल रूप से ग्राम आदमपुर, थाना टप्पल, जनपद अलीगढ़ का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह गाजीपुर, थाना पटपड़गंज, दिल्ली में रह रहा था।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है और उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# थाना फेस-2 पुलिस द्वारा मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगरः थाना फेस-2 नोएडा पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों को ईदगाह पार्क तिराहे, सेक्टर-80 नोएडा के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सलमान पुत्र जमशेद और मौ0 सादिक पुत्र शाहिद हसन के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।

पूछताछ में अभियुक्त सलमान ने बताया कि वह हापुड़ के थाना कोतवाली क्षेत्र का निवासी है, जबकि दूसरा अभियुक्त मौ0 सादिक ग्राम ककराला ख्वासपुर, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है। दोनों की उम्र क्रमशः 29 वर्ष और 20 वर्ष बताई गई है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद मोबाइल फोन और अवैध चाकू को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर पुलिस की कार्रवाई, 21 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

समाज जागरण संवाददाताः नोएडा, 17 मई 2026ः पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के तहत थाना कासना पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 21 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम नागरिकों को असुविधा होने के साथ सामाजिक माहौल भी प्रभावित होता है।

# नोएडा एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 17 मई को 11 केवी विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित, आरडीएसएस योजना के तहत होगा कार्य

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, गौतमबुद्धनगरः वितरण खंड (तकनीकी)-33 केवी, नोएडा एक्सप्रेसवे (पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ) द्वारा उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 17 मई 2026 (रविवार) को 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-132 नोएडा पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण विद्युत कार्य किया जाएगा।

**11 केवी वीसीबी बदलने का कार्य, 10 घंटे आपूर्ति रहेगी बाधित**

विभागीय जानकारी के अनुसार उपकेंद्र पर 11 केवी क्षतिग्रस्त वीसीबी को बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते संबंधित उपकेंद्र से निर्गत सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

यह कार्य आरडीएसएस (Revamped Distribution Sector Scheme) के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाना है। इस विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से नोएडा एक्सप्रेसवे क्षेत्र के कई आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र प्रभावित रहेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं–

ग्राम नगली नगला, सेक्टर-134, ए-4 सेक्टर-132, रोहिलापुर सेक्टर-132, प्लॉट नंबर ए-8 से ए-12 सेक्टर-132, शाहपुर सेक्टर-128 एवं सेक्टर-131, प्लॉट नंबर 18 से बी-38 सेक्टर-132, डीपीएस स्कूल सेक्टर-132, बी-19 सेक्टर-132, प्रोमेथियस स्कूल, एटीसी सेक्टर-132, कल्पतरू एवं पारस मॉल सेक्टर-128, तथा इस्ट-वेस्ट प्लॉट एए सेक्टर-132 नोएडा।

**उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील**

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान धैर्य बनाए रखें और विभागीय कार्य में सहयोग करें।

विभाग ने कहा कि यह कार्य भविष्य में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डीएम अस्मिता लाल ने 'नन्ही कली' पहल का किया शुभारंभ, नवजात बेटियों के इलाज में 70% तक की छूट

## मूर्ति नर्सिंग होम में बना नन्ही कली सहायता काउंटर; डॉ. अभिनव तोमर बोलेः बीपीएल परिवारों की बेटियों को मिलेगी आर्थिक मदद

**समाज जागरण**




बड़ौत। नगर के नेहरू रोड स्थित डॉ. नरेंद्र कुमार मूर्ति नर्सिंग होम में नवजात बेटियों के लिए 'नन्ही कली पहल' का शुभारंभ जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल ने किया। इस पहल के तहत अब गरीब मां-बाप को बेटियों के इलाज के लिए बेबस नहीं होना पड़ेगा। यह सुविधा मूर्ति नर्सिंग होम के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव तोमर द्वारा शुरू की गई है। 'नन्ही कली' पहल के अंतर्गत बेटियों के इलाज और परामर्श में 70% तक की छूट दी जाएगी। अस्पताल में 'नन्ही कली सहायता काउंटर' का शुभारंभ विधि-विधान से किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अभियान की शुरूआत करते हुए नन्ही कलियों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया। नवजात बच्चियों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया और डीएम ने बच्चियों व उनके माता-पिता को केक खिलाकर सम्मानित किया। इस संबंध में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव तोमर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और बीपीएल परिवारों की बेटियों तथा नवजात बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और इलाज में आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अस्पताल में भर्ती सभी नवजात बच्चियों के लिए 70% तक की छूट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह 'मिशन सेवा' के तहत शुरू किया गया प्रयास है। इस अवसर पर एसडीएम भावना सिंह, नगर पालिका परिषद के ईओ मनोज कुमार रस्तोगी, जेई शिखा दुबे, सीएससी प्रभारी विजय कुमार गर्ग, संजय जैन, कपिल कुमार के अलावा डॉ. नरेंद्र कुमार मूर्ति नर्सिंग होम के सभी डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम अस्मिता लाल की अध्यक्षता में बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 48 में से 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

## डीएम बोलींः समय अंतर्गत हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण; फार्मर रजिस्ट्री, सीएम युवा उद्यमी योजना पर चलेगा विशेष अभियान

**समाज जागरण**




बागपत। बड़ौत तहसील में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने जनसामान्य की शिकायतें सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि जिन विभागों की जो शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में 41 शिकायतें प्राप्त हुईं और 10 का निस्तारण किया गया। वहीं वित्त राजस्व अधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में 6 शिकायतें आईं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि पात्रों को योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाए। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, मकान सूचीकरण, जनगणना 2027 की स्वगणना और सीएम युवा उद्यमी योजनाओं पर अधिक फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं पर विशेष अभियान चलाया जाए। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। आईजीआरएस संदर्भ को लेकर डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यालय आते ही सबसे पहले आईजीआरएस बोर्ड देखें और प्राप्त शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भावना सिंह, नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, 30 तमंचे बरामद, 3 गिरफ्तार

## बड़ौत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई, नहर पटरी के खंडहर में चल रही थी फैक्ट्री, एक आरोपी फरार, एसपी ने टीम को 25 हजार इनाम दिया

**समाज जागरण**




बागपत। बड़ौत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 30 तैयार तमंचे, बड़ी संख्या में अधबने हथियार और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बड़ौत क्षेत्र में नहर की पटरी के पास एक खंडहरनुमा इमारत में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। सूचना पर बड़ौत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। पुलिस को देखकर एक आरोपी मौके से भाग निकला, जबकि तीन को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलीम निवासी सरूरपुर, मेरठ और फरमान व शोएब निवासी पांची गांव, चांदीनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे काफी समय से यहां तमंचे तैयार कर आसपास के जिलों में सप्लाई कर रहे थे। एसपी सूरज कुमार ने बताया कि बरामद हथियारों में 30 तैयार तमंचे 315 बोर और 12 बोर के हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में अधबने तमंचे, कारतूस, नाल, बट, रेती, हथौड़े, ड्रिल मशीन और अन्य उपकरण मिले हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क कहां तक फैला है और ये हथियार किन लोगों को सप्लाई किए जा रहे थे। गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए 25 हजार रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध हथियार बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, विराट नर्सिंग होम सील, बिना डॉक्टर हो रहा था मरीजों का इलाज

## डीएम अस्मिता लाल के निर्देश पर छापा, मौके पर नहीं मिला कोई विशेषज्ञ, स्टाफ नहीं दिखा सका कागजात, स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर सख्त चेतावनी

**समाज जागरण**

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित विराट नर्सिंग होम पर छापा मारकर उसे सील कर दिया। नर्सिंग होम में बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. विकास राजपूत के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नर्सिंग होम पहुंची। टीम ने अस्पताल स्टाफ से पंजीकरण, डॉक्टरों की डिग्री और अन्य जरूरी कागजात मांगे, लेकिन स्टाफ कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। नर्सिंग होम प्रबंधन मौके पर कोई भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त न करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल को तत्काल सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने सख्त चेतावनी दी है कि जिले में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों और लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बिना पंजीकरण, बिना योग्य डॉक्टर और बिना मानकों के चल रहे अस्पतालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि नर्सिंग होम कब से संचालित हो रहा था और यहां कितने मरीजों का इलाज किया गया। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि इलाज के लिए केवल पंजीकृत और मान्यता प्राप्त अस्पतालों में ही जाएं।

# बाजिदपुर में खसरा नंबर 138 पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

## पीड़ित प्रवीण बोलेः शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, दबंगों ने की जातिसूचक टिप्पणी; कब्जा नहीं हटा तो करेंगे पलायन

**समाज जागरण**



बड़ौत। बाजिदपुर गांव के लोगों ने दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रवीण पुत्र जयकुमार सिंह ने बताया कि खसरा नंबर 138 पर कुछ दबंग लोगों ने कब्जा जमा लिया है। इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है। प्रवीण ने आरोप लगाया कि दबंग लोगों द्वारा गरीबों पर जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया तो वे गांव से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अनिल कुमार, अमित कुमार, शुभम कुमार, अंजलि, सुनीता, शालू, रेखा, बसपा नेता विक्रम भाटी, कालीचरण, वंदना, अदिति, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में 12 गांवों के किसानों की महापंचायत, रवि बैसला ने उठाई पेंशन और नौकरी की मांग

## भागौट में बोले समाजसेवी- जब सोने-चांदी के दाम आसमान छू रहे तो किसान की जमीन कौड़ियों के भाव क्यों, सर्किल रेट बढ़ाकर दें मुआवजा

**समाज जागरण**



चांदीनगर। खेकड़ा तहसील क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में रविवार को भागौट गांव में 12 गांवों के किसानों की महापंचायत आयोजित की गई। ग्राम प्रधान काशी के आवास पर हुई इस पंचायत में सैकड़ों किसान जुटे और सरकार की अधिग्रहण नीति के खिलाफ एकजुट होकर रणनीति बनाई। पंचायत में मुख्य रूप से खेकड़ा क्षेत्र के सिगोली तगा, खैला, गौना, सरफाबाद, फुलैरा, भागौट, गढ़ी कलंजरी, गढ़ी नवादा आदि गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों का कहना है कि सरकार औद्योगिक क्षेत्र के नाम पर उनकी उपजाऊ जमीन को मौजूदा सर्किल रेट पर अधिग्रहित करना चाहती है, जो उन्हें किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है। पंचायत को संबोधित करते हुए समाजसेवी रवि बैसला ने सरकार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब बाजार में सोने-चांदी के दाम हर दिन बढ़ रहे हैं, महंगाई चरम पर है, तो किसान की जमीन का रेट वर्षों पुराने सर्किल रेट पर क्यों आंका जा रहा है। सरकार को किसानों की जमीन का सर्किल रेट तत्काल बढ़ाकर मुआवजा देना चाहिए। रवि बैसला ने आगे कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद किसान भूमिहीन हो जाएगा। खेती उसकी आजीविका का एकमात्र साधन है। जमीन जाने के बाद उसके सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि जिस किसान की जमीन अधिग्रहित की जाए, उसके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही किसान को आजीवन पेंशन देने की व्यवस्था की जाए, जिससे उसका बुढ़ापा सुरक्षित रह सके। पंचायत में मौजूद किसानों ने एक स्वर में कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनके हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेंगे। सर्किल रेट बढ़ाए बिना वे अपनी एक इंच जमीन भी अधिग्रहण नहीं होने देंगे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में सर्वसम्मति से भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर सरकार से वार्ता और आगे की रणनीति तय करने के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता जगमाल ने की और संचालन विजयपाल यादव ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र बैसला, लीलू प्रमुख, जय भाटी प्रधान, रवि किशन, वीरेंद्र यादव, सतीश त्यागी, काशी प्रधान सहित 12 गांवों के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर

**समाज जागरण**

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद बागपत की तरफ से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जेंडर इक्वलिटी एंड वूमेन वेलफेयर रहा। जिला जज अंकिता सिंह द्वारा छात्राओं को विभिन्न विभिन्न प्रकार की विधिक जानकारी




दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं को जेंडर इक्वलिटी की लिंगभेद तथा लिंग समानता के बारे में जानकारी दी गई कि पुरुष व स्त्री इस समाज के तथा परिवार के तो पहिए होते हैं, जिसमें समानता के आधार पर उनका आकलन होना चाहिए।आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है तथा साथ ही साथ गृह कार्य व धनराशि का योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में आए सीनियर एडवोकेट संजय गौड द्वारा भी कार्यक्रम के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। छात्राओं ने तरह-तरह के प्रश्न पूछ कर अपने मन में उत्पन्न जिज्ञासाओं को शांत किया। जिला जज द्वारा छात्राओं को कैसे पढ़ाई करनी है तथा अपने उद्देश्य की कैसे प्राप्ति करनी है। इस विषय में भी जानकारी दी। सभी छात्राओं ने जिला जज मैडम का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा जिला जज मैडम का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम में इंदु, छवि श्रीवास्तव, अंकुर शर्मा आदि ने अपना योगदान दिया।

# सच्चा मित्र हितैषी होता है : रवि शास्त्री

**समाज जागरण**

बागपत। आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा जून माह में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए जनता वैदिक इंटर कॉलेज बड़ौत में एकदिवसीय संस्कारशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा मंत्री रवि शास्त्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा सच्चा मित्र हितैषी होता है, जो आपको अच्छी आदतें सिखाए और बुराइयों से बचाएं, ऐसे सच्चे मित्र का सम्मान करें और आपत्ति काल में उसकी सहायता भी करें।



आज सच्चे मित्र की पहचान करना बहुत कठिन है। जो दिखावटी मित्र हो उनसे बचकर रहें, सावधान रहें। बल्कि धीरे-धीरे उससे संबंध तोड़ दे अन्यथा समय आने पर वह आपकी हानि भी कर सकते है और जो सच्चा मित्र दिखाई दे, उसके साथ पूरी श्रद्धा से मित्रता निभाए। उसका सम्मान करें। सच्चा मित्र बनने का प्रयत्न करें। तभी आपका जीवन सुखमय हो सकेगा। शिविर में प्राचीन युद्ध कौशल कला तलवार ,लाठी भाला आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के लिए बजितपुर, लोहड़ा, लोयन , मलकपुर आदि गांव में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ यशपाल शास्त्री, प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, अमरपाल आर्य, रामबली, भूपेंद्र, विकास, पूनम , अनुज आदि उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियानः पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल बोले- बूथ मजबूती ही भाजपा की ताकत

## मवीकलां के द हरी कैसल रिसोर्ट में हुआ आयोजन; एकात्म मानववाद को बताया पार्टी की मूल आत्मा, योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

**समाज जागरण**




बागपत। मवीकलां स्थित द हरी कैसल रिसोर्ट में शनिवार को भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में जिले भर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं मेरठ के पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद ही भाजपा की मूल आत्मा है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि अंत्योदय के सिद्धांत पर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण देती है। राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ को मजबूत करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि संगठन ही सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ता इसकी रीढ़ हैं। प्रशिक्षण में एबीवीपी के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा ने कार्य पद्धति, पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सरदार एसपी सिंह व क्षेत्रीय आईटी संयोजक अम्बर स्वामी ने मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया व आईटी प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने व्यावहारिक सत्र पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकताओं को वैचारिक मजबूती देना, बूथ सशक्तिकरण, कार्यपद्धति सिखाना, योजनाओं की जानकारी देना और नया नेतृत्व गढ़ना है। इस दौरान राज्य मंत्री केपी मलिक, जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह चौहान, लोकेश दीक्षित, मंडल प्रभारी व जिला प्रशिक्षण वर्ग संयोजिका सरिता चौधरी, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री सतेंद्र तुगाना, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. कुलप्रकाश, सुदेश चौहान, वेदपाल उपाध्याय, सूरजपाल सिंह, नपाध्यक्ष नीलम धामा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. अमित राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रमेन्द्र धामा, ओम सिंह सहित प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी मौजूद रहे।

# संयुक्त पत्रकार महासभा की मीरापुर कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, संगठन में दूर हुई गलतफहमियां

**समाज जागरण**




मीरापुर। संयुक्त पत्रकार महासभा पत्रकारों का एक सशक्त एवं सक्रिय संगठन है, जो हमेशा पत्रकार हितों और संगठनात्मक एकता को प्राथमिकता देता आया है। इसी क्रम में मीरापुर कार्यालय पर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के साथियों के बीच चल रही गलतफहमियों को दूर कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना रहा। बैठक में संयुक्त पत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान संगठन के कुछ साथियों के बीच चल रहे गिले-शिकवों पर विस्तार से चर्चा की गई और आपसी संवाद के माध्यम से सभी मतभेदों का समाधान कराया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जो साथी पूर्व में संगठन के ग्रुप से रिमूव हो गए थे, उन्हें दोबारा संगठन से जोड़ते हुए ग्रुप में शामिल किया जाएगा। साथ ही मोनू कुमार एवं रोहित दिलावर को भी पुनः संगठन में जिम्मेदारी के साथ शामिल किए जाने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा कि संयुक्त पत्रकार महासभा एक परिवार की तरह है और हमेशा परिवार की तरह ही रहेगा। संगठन में समय-समय पर उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन आपसी भाईचारे और संवाद से हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जनपद मुजफ्फरनगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। उस बैठक में संगठन के सभी साथियों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोनू कुमार ने कहा कि वह हमेशा संगठन के साथ मजबूती से खड़े हैं और पत्रकार हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। संरक्षक रोहित दिलावर ने भी संगठन की एकता एवं मजबूती पर बल देते हुए सभी साथियों को मिल-जुलकर कार्य करने की अपील की। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर स्वागत किया और संगठनात्मक एकता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम का माहौल भाईचारे, सौहार्द और आपसी विश्वास से भरपूर रहा।

# शनि जयंती पर सूरजकुंड महादेव एवं शनि धाम मंदिर में हुआ भव्य धार्मिक आयोजन

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के मोहल्ला रायजादगान स्थित सिद्ध पीठ पर्यटन स्थल सूरजकुंड महादेव एवं शनि धाम मंदिर में अमावस्या और शनि जयंती के अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शनि महाराज की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शनिवार सुबह मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे एवं सुगंधित पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दोपहर के समय मंदिर पुजारी जनार्दन शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में मंदिर समिति के पदाधिकारी महेंद्र अग्रवाल, मिंटू सैनी, साहब सिंह सैनी, बाबूराम कश्यप सहित दर्जनों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की। हवन संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। देर शाम शनि मंदिर में मंगल आरती का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नगर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शनि महाराज से परिवार की सुख-समृद्धि एवं संकटों से मुक्ति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पंकज, शिवकुमार, सचिन, पुष्पा, सुमन, सुभाष सैनी, कमल, संतरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं की गईं। आयोजन शांतिपूर्ण और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ।



# चार लोगों पर मारपीट करने का आरोप कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती सलेमपुर मार्ग निवासी इकबाल पुत्र नसीबू ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह विगत 19 अप्रैल को इरफान पुत्र मीरहसन निवासी मोहल्ला गुजरान, के यहां से हुक्का पीकर अपने घर सलेमपुर रोड लौट रहा था। रास्ते में नेशनल पब्लिक स्कूल के पास सड़क पर भीड़ जमा थी। जब उसने भीड़ जमा होने का कारण पूछा तो आरोप है कि सद्दाम पुत्र शहीद, अनवर पुत्र मंगता, शमीम पुत्र सलीम और रफीक पुत्र मजीद निवासी मोहल्ला बाईपास केराना रोड, निकट नेशनल स्कूल, ने एक राय होकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में इकबाल को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे सरकारी अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन




**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर के बीएसएम स्कूल में कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पमालाएं, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सूर्यवीर सिह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। टॉपर्स विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि सफलता केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों का संगम ही विद्यार्थियों को जीवन में उच्च शिखरों तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है और उन्हें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# इंग्लैंड से सामान भेजने के नाम पर महिला से ठगे लाखों रुपए

**समाज जागरण**

**शामली।(फुरकान जंग)**

थाना साइबर क्राइम में एक महिला ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने इंग्लैंड से सामान भेजने का झांसा देकर उससे करीब आठ लाख रुपये ठग लिए।

कैराना के मोहल्ला आलकला निवासी पूनम चौहान पत्नी पंकज चौहान ने साइबर क्राइम थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 नवंबर 2025 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि इंग्लैंड से उसके लिए कुछ सामान आ रहा है, जिसे छुड़वाने के लिए कुछ धनराशि जमा करनी होगी। आरोपी के झांसे में आकर महिला ने उसके द्वारा भेजे गए बार कोड के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में रकम जमा करनी शुरू कर दी।पीड़िता के अनुसार उसने स्वयं, अपने पति एवं अन्य माध्यमों से 8 दिसंबर 2025 तक करीब आठ लाख रुपये आरोपी के बताए खातों में जमा करा दिए। इसके बाद 11 दिसंबर को आरोपी ने फिर फोन कर 1.26 लाख रुपये और जमा करने का दबाव बनाया। महिला ने रुपये न होने की बात कही तो आरोपी ने उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी। इसके बाद महिला ने पूरी घटना अपने पति को बताई, तब उन्हें एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के कहने पर उसने अपने जेवर तक गिरवी रख दिए थे। घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान और सदमे में है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गर्मी के मौसम को लेकर वार्षिक एक्वामीट कार्यक्रम का आयोजन




**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पहली बार वार्षिक एक्वामीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्विमिंग रेस, वाटर बास्केटबॉल, वाटर वॉलीबॉल, टग ऑफ वार तथा वाटर चेस जैसे विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक खेलों का आयोजन किया गया। स्विमिंग पूल में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यार्थियों ने रोमांचक अनुभव प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की मनोरंजक एवं शैक्षिक प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों के जीवन में संतुलन बना रहता है तथा उनके सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। एक्वामीट में आयोजित 25 मीटर सीनियर बॉयज स्विमिंग रेस में स्पीड हाउस के चिराग ने प्रथम, एंबीशन हाउस के शिवांक ने द्वितीय तथा लेगेसी हाउस के आदी मलिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 25 मीटर जूनियर बॉयज स्विमिंग रेस में स्प्रिट हाउस के अभिनव जांगिड़ प्रथम, एंबीशन हाउस के अब्दुल द्वितीय तथा डिस्कवरी हाउस के आरिज तृतीय रहे। बॉयज वाटर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एंबीशन हाउस ने प्रथम, लेगेसी हाउस ने द्वितीय तथा स्प्रिट हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गर्ल्स वाटर वॉलीबॉल में एंबीशन हाउस प्रथम, स्प्रिट हाउस द्वितीय तथा डिस्कवरी हाउस तृतीय स्थान पर रहा। 100 मीटर गर्ल्स फ्री स्टाइल स्विमिंग रेस में स्प्रिट हाउस की तैय्यबा ने प्रथम, एंबीशन हाउस की सिया ने द्वितीय तथा लेगेसी हाउस की अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉयज वाटर टग ऑफ वार में लेगेसी हाउस प्रथम, स्प्रिट हाउस द्वितीय तथा डिस्कवरी हाउस तृतीय रहा। 100 मीटर बॉयज वाटर रिले रेस में स्प्रिट हाउस के अमन ने प्रथम, चिराग ने द्वितीय तथा अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम प्रतियोगिता में स्प्रिट हाउस प्रथम, एंबीशन हाउस द्वितीय तथा लेगेसी हाउस तृतीय रहा। वाटर आर्चरी में लेगेसी हाउस के रक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वाटर चेस में अथर्व कंसल एवं चिराग जैन विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन आरिफ के निर्देशन में किया गया।

# रालोद के जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर वरिष्ठ नेता प्रमेन्द्र सिंह नम्बरदार को जनपद महासचिव घोषित किया। उनकी नियुक्ति को संगठन में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया गया कि प्रमेन्द्र सिंह नम्बरदार पूर्व में भी राष्ट्रीय लोकदल में विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रमेन्द्र सिंह नम्बरदार का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली खान, तरसपाल मलिक मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, तीन पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के मोहल्ला इदरीश बेग बिहार निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तीन युवकों के खिलाफ थाने फर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस किशोरी व आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला इदरीश बेग विहार, कांधला देहात निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत 10 मई को सुबह करीब 10 बजे उसकी नाबालिग पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।पीड़ित का आरोप है कि मोहल्ले का ही निवासी नदीम पुत्र अकबर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही इस कार्य में भूरा पुत्र शमशाद और मोईन पुत्र रहीसू द्वारा सहयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। और उसके पुत्री उसके घर से अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गई है। गुरुवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों सहित किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपीय सहित किशोरी की तलाश की जा रही है जल्दी किशोरी को सकुशल बरामद किया जाएगा।

# पुलिस चेकिंग में चाकू के सहित चाकूबाज आरोपी गिरफ्तार




**समाज जागरण**

कांधला। थाना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में जनपदभर में अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुढ़ाना मार्ग से ग्राम भभीसा निवासी रोहित पुत्र कालूराम को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया है शनिवार को पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद करते हुए इसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है।

# छात्राओं के लिए प्रेरक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन



**समाज जागरण**

शामली। शहर के स्थानीय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में शनिवार को छात्राओं के लिए प्रेरक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपेंद्र शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए अनुशासित एवं निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उपेंद्र शर्मा ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और कठोर परिश्रम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने बस्ते को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनावश्यक भार से मुक्त रखने के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में अनिता बंसल, रुबी गुप्ता, रश्मि जैन, प्रीति एवं गोल्डी मलिक शामिल रहे। प्रतियोगिता में पूर्वी, अनन्या भारद्वाज, शिवांगी गर्ग, लक्षिका, आयशा, अदिति, परिधि, अक्षरा, रिमझिम, प्रियांशी, अक्षिता, विधि, वंशिका, परी, एंजिला तोमर, शगुन एवं मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पचास वर्ष की उम्र में होता है मेनोपॉज सिंड्रोम, डा विजेन्द्र कुमार



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली में तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार ने महिलाओं में होने वाले पोस्ट मेनोपॉजल सिंड्रोम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह समस्या मेनोपॉज के बाद उत्पन्न होती है। सामान्यतः मेनोपॉज 50 वर्ष की आयु के आसपास होता है, लेकिन बदलती जीवनशैली, खानपान और खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण यह समस्या अब 40 से 50 वर्ष की आयु के बीच भी देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि यह मुख्य रूप से एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण होता है। इस हार्मोन की कमी से महिलाओं में हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही हड्डियां कमजोर और भुरभुरी होने लगती हैं, जिसे ऑस्टियोपोरोसिस कहा जाता है। इसी कारण अधिक उम्र में महिलाओं को फ्रैक्चर होने की संभावना अधिक रहती है। इसके अलावा शरीर में विटामिन डी-3 और कैल्शियम की कमी भी हो जाती है। डॉ. विजेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्ट मेनोपॉजल सिंड्रोम के प्रमुख लक्षणों में रात में अत्यधिक पसीना आना, हॉट फ्लैशेज, जननांगों में ड्राइनेस, वैवाहिक संबंध बनाते समय दर्द होना, बार-बार पेशाब आना, पेशाब पर नियंत्रण कम होना, एंजायटी, मूड में बदलाव तथा डिप्रेशन जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि यदि इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर उचित उपचार कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि इसके उपचार में सबसे पहले जीवनशैली में बदलाव, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम पर ध्यान दिया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी, नॉन हार्मोनल दवाइयां तथा जननांगों की समस्या के लिए लुब्रिकेंट का उपयोग भी कराया जाता है।

# जिले की तीनों तहसीलों में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तीनों तहसीला में आई 107 शिकायतों में से मात्र 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शामली सभागार में डीएम आलोक यादव ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को तहसील शामली में संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, विद्युत विभाग, भूमि विवाद, पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम ने बताया कि पूर्व में दिए गए निदेशों के तहत स्वास्थ्य, पूर्ति, विद्युत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष काउंटर लगाकर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। डीएम आलोक यादव ने कहा कि इस व्यवस्था से फरियादियों को एक ही छत के नीचे समस्याओं का समाधान मिल सकेगा तथा उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से नौ राशन कार्ड एवं पांच अन्य विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन मौजूद रहे। वहीं तहसील कैराना में एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर एसडीएम शिवाजी यादव मौजूद रहे। तहसील ऊन में एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई।

शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों को सुरक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि विद्यालय परिसर में होने वाली तोड़फोड़ एवं स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने विद्यालय परिसरों में दुर्व्यवहार को दंडनीय अपराध घोषित करने संबंधी व्यवस्था लागू करने की मांग की। कहा कि विद्यालयों में प्रवेश केवल टीसी के आधार पर ही किया जाए तथा बिना टीसी के प्रवेश लेने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे का प्रवेश सरकारी विद्यालय से निजी विद्यालय में कराता है तो सरकारी विद्यालय द्वारा टीसी जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिक्षक संघ ने यू-डायस पोर्टल से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मांग की कि छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय की जानकारी संशोधित करने का अधिकार विद्यालयों को दिया जाए। साथ ही किसी छात्र को दूसरे विद्यालय में भेजने से पहले मूल विद्यालय के प्रधानाचार्य के मोबाइल पर ओटीपी भेजने की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा अपार आईडी बनाने में आधार कार्ड की अनिवार्यता को लेकर भी शिक्षक संघ ने सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि जब सरकार आधार कार्ड को जन्म प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं कर रही है, तब बिना आधार के अपार आईडी न बनने पर विद्यालयों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र मलिक, संजीव कुमार, विजयपाल, मास्टर विजय, रजनीश कुमार, प्रतीक कुमार, हीना आदि मौजूद रहे।

# सट्टा लगाते जुआरी को पुलिस ने दबोचा, नगदी व सट्टा पर्ची बरामद




**समाज जागरण**

कांधला। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा लगाते हुए एक जुआरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नगदी, पेन और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है ।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजीव पुत्र भुल्लन निवासी मोहल्ला शेखजादगान, कस्बा कांधला के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 230 रुपये की नगदी, एक पेन तथा सट्टा पर्ची बरामद की गई। शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नगर एवं क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध धंधे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# अमावस्या के मौके पर भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। श्री विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा अमावस्या के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शनिवार को अमावस्या के मौके पर श्री विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा धीमानपुरा स्थित श्री विश्वकर्मा धाम पर भंडारे का आयोजन किया गया।



सुबह के समय पूजा अर्चना की गयी, दोपहर के समय भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में साजन पांचाल द्वारा खीर के प्रसाद की व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर डा. राजेन्द्र स्वामी, कमलकांत धीमान, श्यामसुंदर धीमान, वासु धीमान, अनिल धीमान, नरेन्द्र धीमान, सुभाष धीमान, विकास धीमान आदि भी मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**समाज जागरण**

शामली। नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा शनिवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि तीर्थ धाम अमृतसर में 24 एवं 25 मई को आयोजित होने




वाले विशाल सम्मेलन एवं यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट कर सम्मेलन में पहुंचने का आग्रह किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान आगामी सम्मेलन को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अश्वनी तेश्वर, प्रदीप टांक, प्रसिद्ध कवि एवं शायर मनीष गहलोत, दीपक चन्द्रा, सुनील चन्द्रा, पूर्व बैंक मैनेजर एवं नामित सभासद मीरा चावला, पूर्व सभासद सोनू चावला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवक की जेब से अज्ञात ने निकाले पचास हजार रुपए

**समाज जागरण**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र में बैंक से रुपये निकालकर सामान खरीदने पहुंचे युवक की जेब से 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव कुरावा निवासी विकास पुत्र जयपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 मई को खरड़ बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर शामली में पप्पी लोहे की दुकान पर सामान लेने आया था। आरोप है कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़ित को जब रुपये गायब होने का पता चला तो उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की। बाद में दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें चोरी की घटना कैद मिली। पीड़ित के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर भी स्पष्ट दिखाई दे रही है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरी हुए रुपये बरामद कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले बासठ हजार रुपए, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर पीडित के खाते से 62 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्र के गांव भनेडा जट निवासी महक सिंह पुत्र इलम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गत 23 फरवरी को किसी कार्य से शामली बाजार आया था। इसी दौरान वह एसबीआई बैंक के पास स्थित एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचा। आरोप है कि वहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसके खाते से 62 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित को खाते से रुपये निकलने की जानकारी होने पर उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए रकम वापस दिलाने की मांग की है ।पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम ने किया नगर पंचायत बनत का निरीक्षण, मिली खामियां

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) डीएम आलोक यादव ने शनिवार को नगर पंचायत बनत कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के



दौरान डीएम को कार्यालय में मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। शनिवार को निरीक्षण के दौरान डीएम आलोक यादव ने रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया, जहां अभिलेख व्यवस्थित पाए गए। उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आईजीआरएस एवं कर संबंधी अभिलेखों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यालय कार्यों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संचालित करने पर जोर दिया। कई रजिस्टरों की जांच में मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ सफाई को लेकर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष कुसुम, अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन, लिपिक ओमसिंह कश्यप, जनप्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, सभासद इकराम उर्फ मुन्नू उपस्थित रहे।

# पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए रोहित सूद

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़, 16 मई : पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में रोहित सूद ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। देर रात तक चली मतगणना के बाद घोषित परिणामों में रोहित सूद को कुल 1483 वोट मिले। उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी वरिष्ठ अधिवक्ता परमिंदर सिंह सेखों को 96 वोटों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। सेखों को 1387 वोट प्राप्त हुए।अध्यक्ष पद की इस मुकाबले में सुरजीत सिंह स्वैच को 1099 वोट मिले, जबकि राजेश कुमार मौदगिल को 121 और अनिल कुमार गोयत को 69 वोट प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बार एसोसिएशन परिसर में देर रात तक जश्न का दौर चलता रहा।



देर रात आए नतीजे । इसमें रोहित सूद को मिले 1483 वोट और सूद ने परमिंदर सिंह सेखों को हराया।

# रेलवे अस्पताल में पी.आर.पी. थेरेपी की शुरुआत, मरीजों को मिलेगी आधुनिक इलाज सुविधा

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,16 मई : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शनिवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि मंडल रेलवे अस्पताल फिरोजपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पी.आर.पी. (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा) थेरेपी की शुरूआत की गयी है। इस नई तकनीक के माध्यम से मरीजों का इलाज उनके अपने प्लेटलेट्स से किया जाएगा, जिससे शरीर की प्राकृतिक हीलिंग प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा।विशेषज्ञ ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. अमित शेरसिया ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना सहगल के मार्गदर्शन में मंडल रेलवे अस्पताल फिरोजपुर में इस आधुनिक थेरेपी को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह थेरेपी शरीर की प्राकृतिक और बायोलॉजिकल हीलिंग प्रक्रिया पर आधारित है। इसमें मरीज के अपने खून से प्लेटलेट्स तैयार कर प्रभावित हिस्से में इंजेक्ट किए जाते हैं, जिससे ग्रोथ फैक्टर्स तेजी से कार्य करते हैं और मरीज को प्राकृतिक तरीके से राहत मिलती है।डॉ. शेरसिया ने बताया कि यह थेरेपी विशेष रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस, टेनिस एल्बो, गोल्फर्स एल्बो, घुटनों के आगे के दर्द, एड़ी के दर्द, लिगामेंट एवं खेलों से जुड़ी चोटों, रोटेटर कफ टियर के कारण कंधे के दर्द जैसी बीमारियों में काफी लाभकारी साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि इस उपचार के लिए देश के प्रमुख अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों और विशेष किटों का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल में पहले ही दिन पांच मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया।रेलवे अस्पताल में इस नई सुविधा की शुरूआत से क्षेत्र के मरीजों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।



# तीनों लोकों में पत्रकारिता एवं संवाद के जनक थे देवऋषि नारद: ऋषि शर्मा

**समाज जागरण, जिला संवाददाता**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। देवऋषि नारद को भगवान विष्णु का परम भक्त और ब्रह्मांड का पहला पत्रकार माना जाता है। उन्होंने तीनों लोकों में संवाद स्थापित कर सूचनाओं के आदान-प्रदान की परंपरा शुरू की, इसलिए उन्हें पत्रकारिता एवं संवाद का जनक कहा जाता है।

यह विचार देवऋषि नारद जयंती के अवसर पर मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी ऋषि शर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नारद मुनि ने निष्पक्ष संवाद, लोक कल्याण और धर्म की स्थापना के लिए सदैव सत्य का प्रचार किया। आज के पत्रकारों को भी उनसे निष्ठा, निर्भीकता और जनहित की भावना सीखनी चाहिए। ऋषि शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण है। देवऋषि नारद का जीवन हमें सिखाता है कि संवाद का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना और सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष देश भर में देवऋषि नारद जयंती मनाई जाती है और पत्रकारों एवं मीडिया जगत ( लोकतंत्र के प्रहरियों ) को सम्मानित किया जाता है जोकि एक बहुत ही सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि आज भ्रामक एवं मिथ्या सूचनाओं की बहुत भरमार है जोकि बढ़ते बढ़ते फेक न्यूज का रूप ले लेती हैं जो समाज एवं राष्ट्र के लिए घातक साबित हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि पत्रकारिता एवं जनसंचार से जुड़े लोगों को सही व गलत की पहचान कर मीडिया नैतिकता को अपनाते हुए समाज एवं राष्ट्र हित में पूर्ण समर्पित भाव से निष्पक्ष एवं सकारात्मकता से कार्य करने की आवश्यकता है।





# निजी होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, होटल संचालक पुलिस गिरफ्त में।

सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरासिया) सिरसा पुलिस ने अवैध रूप से चलाए जा रहे देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी होटल में चल रहे अनैतिक गतिविधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मामले में होटल संचालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने आगे की जांच तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 14 मई 2026 को दो पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिरसा पहुंचकर एसपी साहब को शिकायत दी थी। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वे सिरसा की ऑटो मार्केट के नजदीक रेलवे लाइन क्षेत्र स्थित ‘ब्लू बेरी’ नामक होटल में पिछले चार-पांच महीनों से सफाई का कार्य कर रही थीं। इस दौरान होटल संचालक प्रिंस तथा उसकी पत्नी ने उन्हें बंधक बनाकर होटल में आने वाले ग्राहकों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करना शुरू कर दिया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इतना ही नहीं, मामले में एक महिला यूट्यूबर द्वारा भी उन पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था। महिलाओं के अनुसार उक्त महिला उन्हें पुलिस के पास न जाने की धमकी देते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाने की बात कह रही थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साहब ने महिला थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। शिकायत के आधार पर महिला थाना पुलिस ने होटल संचालक सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान महिला थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस पुत्र राजेश कुमार निवासी रानियां रोड, नजदीक पुरानी भाखड़ा कॉटन मिल, हाल फ्रेंड्स कॉलोनी सिरसा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सिरसा पुलिस का कहना है कि इस अवैध धंधे में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# एस.एस.पी. डॉ. प्रज्ञा जैन ने पुलिसकर्मियों के लिए 'बड़ा खाना' आयोजित किया, *टीम भावना को मिली नई उड़ान

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 16 मई : फरीदकोट पुलिस में एकता, विश्वास और अपनेपन का एक सशक्त उदाहरण पेश करते हुए एस.एस.पी. डॉ.प्रज्ञा जैन ने कल शाम पुलिसकर्मियों के समूह के लिए एक विशेष "बड़ा खाना" (सामूहिक भोज) आयोजित किया। इस आयोजन ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर की सबसे खास बात यह थी कि हर अधिकारी और कर्मचारी के चेहरे पर खुशी, अपनापन और पारिवारिक माहौल साफ झलक रहा था। इस विशेष अवसर पर, फरीदकोट के डिप्टी कमिश्नर श्री राहुल चाबा ने विशेष रूप से शिरकत की। इसके अलावा, सिविल प्रशासन और न्यायिक अधिकारी, फरीदकोट पुलिस के राजपत्रित अधिकारी, एस.एच.ओ.,विभिन्न यूनिटों/ शाखाओं (जिनमें पुलिस थाने/चौकियां और अन्य शाखाएं शामिल हैं) के प्रभारी, एस.एस.एफ., जी.आर.पी., जेल विभाग में सेवारत पुलिसकर्मी, और विशेष रूप से फरीदकोट पुलिस के सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की भी पूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर, फरीदकोट पुलिस के कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान, फरीदकोट पुलिस के बैंड स्टाफ ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से इस कार्यक्रम को और भी अधिक रोमांचक बना दिया। बैंड की देशभक्तिपूर्ण और प्रेरणादायक धुनों ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों में एक नया जोश और उत्साह भर दिया। यह कार्यक्रम केवल एक सामूहिक भोजन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने पुलिस विभाग में मजबूत टीम वर्क, आपसी सहयोग और संवाद को सुदृढ़ करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला पुलिस कप्तान फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने इस दौरान स्टाफ के साथ आत्मीयता से बातचीत की, जिससे कर्मचारियों के बीच विश्वास और संतुष्टि का माहौल बना। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान एस.एस.पी. फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली, आपसी विश्वास और सौहार्द ही उसकी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि खाकी वर्दी केवल कर्तव्य-पालन का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, सम्मान, अनुशासन और अपनेपन का भी एक सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब कोई पुलिस बल एक परिवार की तरह मिलकर काम करता है, तो हर चुनौती का सामना अधिक दृढ़ता, साहस और समर्पण के साथ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये स्तर फरीदकोट पुलिस की भावना को पूरी तरह से दशार्ते हैं झ ‘सेवा, सुरक्षा और सहयोगः खाकी दा परिवार’ इस अवसर पर, श्री नवीन कुमार डी.एस.पी. (स्थानीय) फरीदकोट ने कहा कि ऐसे संयुक्त कार्यक्रम पुलिस बल के भीतर आपसी तालमेल, विश्वास और टीम भावना को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्यूटी की जिम्मेदारियों के बावजूद, जब सभी अधिकारी और कर्मचारी एक मंच पर एक साथ आते हैं, तो इससे न केवल मनोबल बढ़ता है, बल्कि पारिवारिक माहौल और अपनेपन की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर, महिला कांस्टेबल प्रभजोत कौर, जो गोलेवाला चौकी पर ड्यूटी पर थीं, ने एस.एस.पी. फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन के नेतृत्व और पुलिस परिवार के प्रति उनके अपनेपन को कविता के माध्यम से बहुत ही भावुक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, "साहस भरा, नया उत्साह जगाया, फरीदकोट पुलिस का मनोबल बढ़ाया; ड्यूटी से समय निकालकर एक बड़ा भोजन कार्यक्रम आयोजित किया; इससे हम और भी बेहतर काम करेंगे, परिवार हमें और भी प्यार करेगा..." उनकी इस सुंदर प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के समूह को भावुक कर दिया, और फरीदकोट पुलिस के भीतर मौजूद अपनेपन, भाईचारे और जुड़ाव की भावना की सराहना की गई। पारिवारिक माहौल को बहुत ही खूबसूरती से दशार्या गया। इस अवसर पर, वरिष्ठ महिला कांस्टेबल अनु बाला, जो ट्रैफिक पुलिस में ड्यूटी पर थीं, ने काव्यात्मक अंदाज में कहा, "जो लोग कहते हैं कि 'लड़की होकर घर नहीं संभाल सकती', वे आकर हमारी मैडम को देखें; वे तो पूरे शहर को संभाल रही हैं..." उनकी भावुक प्रस्तुति ने कार्यक्रम के माहौल को और भी अधिक उत्साहपूर्ण और गरिमामय बना दिया, और वहां मौजूद अधिकारियों तथा कर्मचारियों के समूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इसकी सराहना की।इस अवसर पर पी.सी.आर. प्रभारी धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि फरीदकोट जिले के 3 पुलिस अधिकारियों को पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक देकर सम्मानित किया गया। इस ‘बड़े भोजन’ कार्यक्रम ने पुलिस कर्मियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहाँ वे अपने विचार साझा कर सके और एक-दूसरे के साथ मजबूत रिश्ते बनाने में सफल रहे। ऐसे उपाय न केवल मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि ड्यूटी के दौरान चुनौतियों का मिलकर सामना करने का साहस भी प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर, डॉ. प्रज्ञा जैन एस.एस.पी.फरीदकोट के नेतृत्व में की गई यह पहल फरीदकोट पुलिस के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित हुई है, जो भविष्य में भी टीम भावना और जनसेवा के मानकों को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध होगी।







# सोने के आयात पर कस्टम डियूटी 6 फीसदी से बढ़ा कर 15 फीसदी किऐ जाने पर देश के स्वर्णकार/ ज्वैलर्स मे बड़ी नाराजगी : करतार सिंह जौड़ा

**समाज जागरण**

जैतो,16 मई ( रघुनंदन पराशर ):आज पंजाब स्वर्णकार संघ के हैड आफिस बठिंडा में एक विशेष मीटिंग में स्टेट अध्यक्ष करतार सिंह जौड़ा, स्टेट सैकटरी रजिंदर सिंह खुरमी, जिला प्रधान मनमोहन सिंह कुकू, सिटी प्रधान भोला सिंह सदियोड़ा, जरनल सैकटरी हर्ष भोला, सैकटरी हरिंदर जौड़ा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। मीटिंग में विचार किया गया कि केन्द्र सरकार की ओर से सोने चांदी के आयात पर कस्टम डियूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का हुक्म जारी करने से सोना चांदी की कीमतों मे 9 फीसदी की बढ़ौतरी देश में स्वर्णनकार/ ज्वैलर्स/ कारीगर तथा सोना कारोबारीयों के रोजगार पर बहुत प्रभाव पड़ेगा । पंजाब स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष करतार सिंह जौड़ा ने कहा है कि यह फरमान जारी होने के कारण व्यापारीयो के साथ-साथ सभी नागरिकों को मंहगाई के संकट में डाल दिया है। श्री जौड़ा ने कहा कि आर्थिक कमजोरी तथा बढ़ी हुई कीमतों के कारण कारोबार प्रभावित हो चुके है। प्रधान मंत्री नरिंदर मोदी के ‘एक साल सोना ना खरीदो’ वाले बयान के बाद देश भर के स्वर्णकारों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ज्वैलरी कारोबार से जुड़े लोगों ने इस बयान को अपने रोजगार तथा व्यापार के लिए खतरनाक बताया है। संघ के अध्यक्ष जौड़ा ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अगर लोग एक साल तक सोना खरीदना बंद कर देगें तो देश के लगभग पांच करोड़ कारोबारी, कारीगर प्रभावित होंगे । उनको बेरोजगार करके, रोजी रोटी छीन कर, कारपोरेट घराने/ पूंजीपतियों तथा बड़ी कंपनीयों के गुलाम बनाने की साजिश नजर आ रही है।उन्होने कहा कि सोने के कारोबार से जुड़े बड़े जवैलर्स ही नही बल्कि छोटे दुकानदार, कारीगर, डिजाईनर, पोलिश करन वाले कारीगर तथा इमपोर्ट से जुड़े लोग अपनी रोजी-रोटी कमाते है। इस लिए इस तरह का बयान पूरे हषतकला के वर्ग के लिए चिंता का विषय बन गया है। सोना चाँदी की खरीद-बेच होने से सरकार को बहुत बड़ी तादात में इंपोर्ट डीयूटी, जी.एस.टी., इंकम टैकस तथा और टैकसों के जरीऐ अरबों रूपयों का रैवनियू मिलता है। जो देश के विकास मे बहुत बड़ा हिस्सा बनता है। श्री जौड़ा ने केन्द्र सरकार को अपील की है कि देश के करोड़ों व्यक्तियों की रोजी -रोटी तथा देश के नागरिकों के हितों का ध्यान रखते हुऐ, विषेशकर, समगलिंग रोकने के लिए कस्टम डियूटी घटा कर फिर से 6 फीसदी की जाऐ। सोना-चाँदी खरीदने वाले देश वासीयों को अपने परिवारिक रिति रिवाज, विवाह शादियों, धनतेरस जैसे शुभ समय पर आजादी से सोना चांदी खरीदने के बयान जारी किए जाएं।



# कलेक्टर श्री यादव ने आकस्मिक निरीक्षण कर समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी व्यवस्था का लिया जायजा

## जोरतला खुर्द, बजरंगगढ़ और बांदकपुर खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों ने जताया संतोष

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज आकस्मिक भ्रमण के दौरान जिले के समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जोरतला खुर्द, बजरंगगढ़ एवं बांदकपुर खरीदी केंद्र पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा खरीदी, तौल एवं बारदाना व्यवस्था की जानकारी ली। किसानों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव सबसे पहले जोरतला खुर्द खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि उनका अनाज सुचारु रूप से खरीदा जा रहा है तथा केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। कलेक्टर ने मौके पर एक बोरी गेहूं की तौल कराई, जो निर्धारित मापदंड के अनुरूप पाई गई।

इस दौरान अभाना क्षेत्र के कुछ किसानों ने बताया कि उनका गेहूं खरीदी केंद्र पर अभी तक खरीदा जाना प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद सहायक पंजीयक सहकारी समितियां एवं खाद्य अधिकारी रचना प्रजापति को निर्देश दिए कि आज से ही खरीदी प्रारंभ कर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

इसके बाद कलेक्टर श्री यादव बजरंगगढ़ गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां किसानों से चर्चा की गई। किसानों ने खरीदी व्यवस्था पर संतोष जताते हुए किसी प्रकार की शिकायत नहीं की।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया कि बांदकपुर खरीदी केंद्र में पहले से तौली गई बोरी की पुनः तौल कराई गई, जिसमें वजन सही पाया गया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं है तथा बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

निरीक्षण के दौरान किसान महेश तिवारी ने बताया कि ओटीपी नहीं आने के कारण पर्ची मिलने में विलंब हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि खरीदी व्यवस्था से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे जिला प्रशासन द्वारा जारी कंट्रोल रूम नंबर पर सूचना दें, ताकि समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।



# दमोह की बेटी प्रिंसी जैन ने फिर बढ़ाया जिले का मान

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। दमोह की गौरव प्रिंसी जैन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेडल प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि प्रिंसी ने इससे पूर्व बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बी.एंफ.ए.) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, और अब सफलता के इस सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि मास्टर डिग्री में अपने नाम की है। इस बार उन्हें यह विशिष्ट सम्मान श्री जगत प्रकाश नड्डा (केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार) के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर ब्रजेश पाठक (उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश), सुरेश कुमार खन्ना (वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश), भूपेंद्र सिंह चैधरी एवं प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी जी जैसे दिग्गज व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे। प्रिंसी की इस निरंतर सफलता पर उनके पिता दीपचंद जैन (शारदा सीमेंट पाइप, दमोह) ससुर मनोज बंगेला (सागर) एवं समस्त परिवारजनों ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है।




# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी – कलेक्टर श्री यादव

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

दमोह जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। प्रताप नारायण यादव ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें और मरीजों को समय पर उपचार मिल सके, लेकिन यदि कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करेंगे तो यह किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। शनिवार सुबह करीब 10 बजे कलेक्टर श्री यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलिया घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई। अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित नहीं था। इस दौरान तीन मरीज इलाज के इंतजार में अस्पताल में बैठे हुए थे, जबकि एक महिला अपनी बहू को प्रसव के लिए लेकर अस्पताल पहुंची थी। बताया गया कि सुबह डिलीवरी हुई थी, लेकिन उसके बाद भी अस्पताल में कोई जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं मिला।

अस्पताल की अव्यवस्था देखकर कलेक्टर श्री यादव ने मौके से ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कॉल कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित डॉक्टरों एवं स्टाफ के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज अस्पतालों में इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यदि अस्पतालों में डॉक्टर और नर्स ही उपस्थित नहीं रहेंगे तो आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पेयजल व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को असुविधा न हो।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार निगरानी की जाएगी और आगे भी इसी तरह औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समय पर अस्पताल पहुंचना सुनिश्चित करें तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें, अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर की इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति देखी गई। वहीं ग्रामीणों ने कलेक्टर के औचक निरीक्षण और सख्त रुख की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा।



# कश्यप समाज की जनसभा में भाजपा सरकार के खिलाफ फूटा आक्रोश

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

गांव भैंसवाल में आयोजित कश्यप समाज की जनसभा में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नाराजगी देखने को मिली। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कश्यप समाज पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं बदले तो आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट के जरिए जवाब दिया जाएगा।गांव भैंसवाल में आयोजित जनसभा का नेतृत्व मनोज कश्यप लहरीपुर ने किया, जबकि अध्यक्षता चौधरी भोपाल कश्यप ने की। सभा का संचालन सुरेश कश्यप द्वारा किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद कश्यप समाज को सुरक्षा और सम्मान देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कश्यप समाज के लोगों पर लगातार हमले और हत्याएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में अपराध और माफियाओं पर कार्रवाई की बात करते हैं, लेकिन कश्यप समाज पर हो रहे अत्याचार सरकार को दिखाई नहीं दे रहे। इससे समाज में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार समाज की उपेक्षा होती रही तो कश्यप समाज गांव-गांव जाकर जनसभाएं आयोजित करेगा और बड़े आंदोलन की रणनीति बनाएगा।सभा को संबोधित करते हुए मनोज कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज ने बिना किसी स्वार्थ के भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनाई थी,

# अनूपपुर में गूँजे वैदिक मंत्र: 40 बटुकों का हुआ सामूहिक जनेऊ संस्कार

**समाज जागरण**

अनूपपुर धर्मनगरी अनूपपुर गुरुवार का दिन एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गौरव का साक्षी बनी। स्थानीय आशीर्वाद मैरिज गार्डन में ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मयार्दाओं के साथ संपन्न हुआ।इस गरिमामयी आयोजन में जिले के लगभग 40 बटुकों ने पूरी विधि-विधान से जनेऊ धारण कर अपने आध्यात्मिक जीवन की शुरूआत की। जनेऊ संस्कार के बाद नगर में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे, आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया। विद्वान



आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, मुंडन, भिक्षाटन और हवन जैसी सभी परंपराएं अत्यंत सूक्ष्मता से पूर्ण की गईं।इस आयोजन ने समाज में एकता और समरसता की एक अनूठी मिसाल पेश की, जहाँ पूरा नगर एक ही आध्यात्मिक सूत्र में बंधा नजर आया। महिलाओं के मांगलिक गीतों और युवाओं के अनुशासन प्रबंधन ने इस धार्मिक अनुष्ठान को एक आनंदमयी उत्सव में बदल दिया।यह आयोजन केवल एक धार्मिक संस्कार नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति के संरक्षण और भावी पीढ़ी को धर्म से जोड़ने का एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है। इस सफल आयोजन में ब्राह्मण समाज सेवा समिति के जिला अध्यक्ष पंडित रामप्रकाश द्विवेदी और एवं समाज पदाधिकारी सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर बाघ का हमला, ग्रामीणों की चीख-पुकार से जंगल की ओर भागा बाघ

**समाज जागरण**

उमरिया जंगल में तेंदूपत्ता संग्रह करने गई एक महिला पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और मातम का माहौल है।मृत महिला की पहचान पनपथा वन परिक्षेत्र के कुदरी गांव निवासी ममता यादव पति पप्पू यादव उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि महिला शुक्रवार सुबह गांव के अन्य ग्रामीणों और अपने पति के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने वन क्षेत्र में गई थी।इसी दौरान झाड़ियों में घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाघ ने



महिला को संभलने का मौका तक नहीं दिया।अचानक हुए हमले से मौके पर भगदड़ मच गई।महिला के साथ मौजूद ग्रामीण और उसका पति जोर-जोर से चिल्लाने लगे,जिसके बाद बाघ महिला को छोड़ जंगल की ओर भाग गया।लेकिन तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी और उसकी जान नहीं बच सकी।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस अमला मौके पर पहुंचा।क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में भारी दहशत है। वहीं वन विभाग आसपास के जंगल में निगरानी बढ़ाने और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है।इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# माँ नर्मदा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न

**समाज जागरण**

अनूपपुर/जैतहरी। माँ नर्मदा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सीटू नेता जुगुल किशोर राठौर, करतार सिंह, राजा भैया एवं अमर सिंह राठौर मुख्य अतिथि के रूप



में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान एसोसिएशन के नवचयनित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई तथा ट्रांसपोर्टरों के हितों की रक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में दिग्विजय सिंह को अध्यक्ष, करतार सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रशांत त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र पांडे को सचिव, रवि राठौर को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश सिंह राठौर एवं मनीष अग्रवाल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वे हमेशा ट्रांसपोर्टरों के साथ खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की लड़ाई में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने संबंधित कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और मनमानी बंद नहीं हुई, तो कंपनियों को बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसपोर्टरों ने संगठन की एकता और मजबूती बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह का समापन उत्साह, भाईचारे और संगठनात्मक एकजुटता के माहौल में हुआ।

# प्याऊ या भ्रष्टाचार का अड्डा ? रेलवे स्टेशन चौराहे पर प्यासे राहगीरों के साथ छलावा

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भीषण गर्मी में आम नागरिकों, मजदूरों और राहगीरों को राहत देने के नाम पर रेलवे स्टेशन चौराहा स्थित नगर पालिका द्वारा बड़े प्रचार-प्रसार और दिखावे के साथ लगाए गए मिट्टी के घड़ों वाले प्याऊ की हकीकत अब सवालों के घेरे में आ गई है। जिस प्याऊ का उद्घाटन मानव सेवा और जनहित के नाम पर किया गया, वहीं बुधवार को वहां पहुंचने वाले लोगों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हुआ।



स्थानीय लोगों के अनुसार प्याऊ स्थल पर रखे गए सभी मिट्टी के घड़े खाली पड़े थे, घड़ों के ढक्कन खुले हुए थे और पानी पिलाने के लिए मानदेय पर नियुक्त कर्मचारी मौके से गायब मिला। तेज धूप और गर्मी में जब राहगीर पानी की आस लेकर पहुंचे तो उन्हें निराशा हाथ लगी।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब नगर पालिका द्वारा बाकायदा कर्मचारी नियुक्त करने और नियमित पानी भरवाने का दावा किया गया था, तो फिर यह लापरवाही क्यों? क्या यह केवल फोटो खिंचवाने और कागजी खानापूर्ति तक सीमित व्यवस्था थी?

नागरिकों ने आरोप लगाया कि गरीब मजदूरों और यात्रियों की प्यास को भी अब भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया गया है। सरकारी धन से घड़े खरीदे गए, कर्मचारी की व्यवस्था दिखाई गई, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह शून्य नजर आई। लोगों का कहना है कि यदि प्याऊ में पानी ही नहीं रहेगा तो फिर ऐसी व्यवस्था का औचित्य क्या है?

स्थानीय जनों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह सार्वजनिक किया जाए कि प्याऊ संचालन के नाम पर कितना खर्च किया गया तथा जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी कौन हैं।

भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को राहत देने की बजाय यदि व्यवस्थाएं केवल दिखावा बनकर रह जाएं, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि संवेदनहीनता भी मानी जाएगी। अब देखना यह है कि नगर पालिका इस मामले में जवाबदेही तय करती है या फिर यह मामला भी अन्य व्यवस्थाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# तीन दिवसीय नाट्य समारोह का शुभारंभ आज से, संदेश नाट्य मंच रंगमंडल उमरिया का आयोजन

**समाज जागरण**

उमरिया। अत्यंत हर्ष का विषय है कि सिर्फ. नगर ही नहीं वरन्,पूरे संभाग की एकमात्र पंजीकृत नाट्य संस्था ,संदेश नाट्य मंच एवं रंगमंडल , उमरिया अपनी स्थापना के 30 में वर्ष की रंग यात्रा का आयोजन कर रहा है। संस्था की स्थापना 1 मार्च 1997 को हुई थी और 1 मार्च 2026 से संस्था के तीसवें वर्ष के प्रवेश की गरिमामई शुरूआत हुई।

इस गरिमामई 30वें वर्ष की रंग यात्रा के दूसरे पड़ाव में संदेश नाट्य मंच (रंगमंडल) द्वारा तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत आज से यानी दिनांक 17 मई 2026 से होगी । यह समारोह तीन दिन चलेगा 17, 18 ,और 19 मई 2026 । इस नाट्य समारोह का आयोजन नगर के सुप्रसिद्ध सिंधी धर्मशाला में संपन्न होगा।



दिनांक 17 मई 2026 को दो प्रस्तुतियां हैं ,,नाटक शिकारी (द सिडक्शन )इसके लेखक हैं प्रख्यात लेखक,एंटोन चेखव और दूसरी प्रस्तुति है "मौसाजी" कहानी मंचन यह प्रख्यात लेखक उदय प्रकाश जी की कहानी है और इन दोनों ही प्रस्तुतियों के निर्देशक हैं,,राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नई दिल्ली )के स्नातक श्री पंकज दुबे है।

दूसरी प्रस्तुति दिनांक 18 मई 2026 को संपन्न होगी जिसका नाम है ,तुमने क्यों कहा था खूबसूरत ,हो यह कहानी है प्रख्यात लेखक यशपाल की जिसका नाट्य रूपांतरण किया है। अख्तर अली ने परिकल्पना एवं संयोजन अंकित मिश्रा एवं निर्देशन है गौरव सिंह राजपूत जी ने किया है। यह प्रस्तुति रंग उत्सव नाट्य समिति रीवा की होगी।

तीसरी प्रस्तुति दिनांक 19 मई 2026 को होगी,नाटक का नाम है ,,उल्लू पंचायत ,,यह पंचतंत्र की एक कहानी है , जिसका मार्गदर्शन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्नातक डॉ .योगेंद्र चौबे जी ने किया है और इसका निर्देशन युवा रंग निदेशक श्री मोहन सागर जी ने किया है। यह प्रस्तुति कहानी बाज थिएटर सोसाइटी, (रायगढ़) छत्तीसगढ़ की होगी।

संस्था के निर्देशक पंकज दुबे का उमरिया नगर के समस्त रंग प्रेमियों कला प्रेमियों एवं कलाकारों से यह अनुरोध है कि वे तीनों ही दिन नाट्य प्रस्तुति के समय शाम को 7:00 बजे निश्चित तौर पर सपरिवार और मित्रों के साथ नाट्य प्रस्तुति का आनंद लेने के लिए सिंधी धर्मशाला ,स्टेशन रोड उमरिया में अवश्य पधारें और नगर की इस ऐतिहासिक परंपरा को जीवित रखने और उसे पुष्पित पल्लवित करने में अपना अमूल्य सहयोग अवश्य दें।

# अक्सर बिजली गुल होने से जैतहरी वासी परेशान

**समाज जागरण**

जैतहरी। बीते एक सप्ताह से जैतहरी में बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी इसका कोई ठिकाना नहीं है बताया जाता है कि 24 घंटे में बिजली कम से कम 10 बार गोल होती है और एक-एक घंटे लाइट गुल रहता है। वैसे भी गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली की अधिक जरूरत रहती है और जैतहरी में बार-बार लाइट गुल होने से नगर वासी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

# महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ किया वट सावित्री व्रत, पति की दीघार्यु के लिए की पूजा-अर्चना

**समाज जागरण**

अनूपपुर। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला पवित्र व्रत वट सावित्री पूरे अनूपपुर जिले सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखकर भगवान विष्णु, माता सावित्री एवं वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की।



जिले के मंदिरों, नदी घाटों तथा गांव-नगरों में स्थित पुराने वट वृक्षों के पास महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर पूजा की थाली में फल, फूल, रोली, अक्षत, सूत, दीपक एवं प्रसाद लेकर वट वृक्ष की पूजा की। इसके बाद वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया।

वैदिक शास्त्रों के अनुसार वट वृक्ष को त्रिदेवों का स्वरूप माना गया है। इसकी जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु तथा शाखाओं में भगवान शिव का वास माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। शास्त्रों में यह भी उल्लेख है कि वट वृक्ष दीघार्यु, स्थिरता और जीवन शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

पुराणों के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, भक्ति और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं इस व्रत को पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि के लिए करती आ रही हैं। धार्मिक विद्वानों के अनुसार वट सावित्री व्रत केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति, समर्पण और परिवार के प्रति आस्था का प्रतीक भी है।

अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, राजेंद्रग्राम, बिजुरी, अमरकंटक एवं ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने समूह बनाकर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ बनी रही और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

# 17 दिन बाद समाप्त हुआ युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**बड़वारा में गरजी युवा कांग्रेस यूएस ट्रेड डील और स्थानीय रोजगार के मुद्दे पर सरकार को घेरा; बिरला और जेके सीमेंट प्लांट पर स्थानीय युवाओं की अनदेखी का आरोप**

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के बड़वारा मुख्यालय में पिछले 17 दिनों से चल रहा युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह शनिवार को संपन्न हो गया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के अंतिम दिन पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सत्याग्रह का समापन किया। आंदोलन के अंतिम दिन कांग्रेस के कई नेता और सैकड़ो कार्यकर्ता बड़वारा में एकत्रित हुए, जहाँ उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



सत्याग्रह के समापन के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने सत्तासीन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, यह सरकार पूरी तरह से किसान और युवा विरोधी है। लगातार युवाओं के भविष्य और किसानों के हक के साथ छलावा किया जा रहा है। हाल ही में नीट (NEET) परीक्षा का रद्द होना इस दमनकारी नीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। मिश्रा ने संकल्प दोहराया कि युवा कांग्रेस इस सरकार के खिलाफ जमीनी स्तर पर लड़ाई जारी रखेगी और आने वाले समय में युवा इस सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष सौरभ सिंह और पूर्व विधायक बसंत सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

यूएस ट्रेड डील किसानों की आत्मा पर वार मोहम्मद इसराइल युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने केंद्र सरकार की विदेश व्यापार नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'यूएस ट्रेड डील' देश और प्रदेश के किसानों की आत्मा पर सीधा वार है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में किसान पहले से ही खाद, बीज और फसलों के सही दाम के लिए दर-बदर भटक रहा है और आत्महत्या करने को मजबूर है। ऐसे में यह ट्रेड डील किसानों के लिए दोहरी मार साबित होगी।

**राजस्व देने वाले जिले का युवा पलायन को मजबूर**

स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए मोहम्मद इसराइल ने कहा कि कटनी जिला प्रदेश में सर्वाधिक खदानों और फैक्ट्रियों वाला क्षेत्र है, जो सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। इसके बावजूद यहाँ का पढ़ा-लिखा और योग्य युवा आज भी रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर है। उन्होंने बड़वारा क्षेत्र में स्थापित बिरला व्हाइट सीमेंट कंपनी और जेके व्हाइट सीमेंट प्लांट प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन प्लांट्स में स्थानीय और क्षेत्रीय युवाओं को दरकिनार कर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए बाहरी लोगों को नौकरियां दी जा रही हैं, जो इस क्षेत्र के युवाओं के साथ सरासर छलावा है।

राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस 17 दिवसीय सत्याग्रह के अंत में युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा की गई 'यूएस ट्रेड डील' को तुरंत वापस लिया जाए, जिससे किसानों के हितों की रक्षा हो सके,बड़वारा क्षेत्र में संचालित बिरला व्हाइट सीमेंट प्लांट और जेके सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियाँ यहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठा रही हैं, इसलिए इन उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य किया जाए। इन दोनों बड़ी कंपनियों के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) फंड के माध्यम से क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल और स्कूलों का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

इस दौरान उनकी रही उपस्थित, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिह , पूर्व विधायक विजय राघवेंद्र सिंह पूर्व उमरिया युथ कांग्रेस जिला अंबुज सिह ,प्रदेश सचिव विक्रम प्रताप सिंह विधानसभा बहोरीबंद युवा अध्यक्ष मुकेश यादव , पूर्व आदिवासी जिला अध्यक्ष रंजीत जनपद सदस्य सुनील बघेल , सिंह ल्ल२४ जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा मुड़वारा बड़वारा ब्लाक कांग्रेस विकाश निगम अध्यक्ष विधनसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग विधानसभा अध्यक्ष बहोरीबंद यूथ अध्यक्ष दीपक यादव आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिह अंशुल राजपूत अवध लाल यादव राहुल चौधरी परम कॉल अधिक उपस्थित रहे

## दमोह-पन्ना मुख्य मार्ग पर 'अंधियारा बगीचा' बना जाम का टापू: शासन-प्रशासन बेखबर, नेताओं की चुप्पी पर उठे सवाल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा/दमोह- दमोह-पन्ना मुख्य मार्ग पर स्थित हटा का 'अंधियारा बगीचा' क्षेत्र इन दिनों राहगीरों और स्थानीय जनता के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ चौबीसों घंटे वाहनों का भारी दबाव रहता है, लेकिन अव्यवस्थित यातायात और प्रशासनिक अनदेखी के चलते यहाँ आए दिन घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लगना आम बात हो गई है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस गंभीर समस्या से वाकिफ होने के बाद भी शासन-प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है, जिससे स्थानीय जनता में भारी आक्रोश पनप रहा है।



**घंटों फंसे रहते हैं वाहन, एम्बुलेंस को भी नहीं मिलता रास्ता**

अंधियारा बगीचा क्षेत्र में लगने वाले इस नियमित जाम के कारण न केवल आम राहगीर और व्यापारी परेशान हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। कई बार गंभीर मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी इस जाम में घंटों फंसी रहती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर बढ़ते अतिक्रमण और यातायात पुलिस की तैनाती न होने के कारण यह स्थिति निर्मित होती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं।

**नेताओं की चुप्पी पर खड़े हो रहे बड़े सवाल**

चुनावी मंचों से विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाले क्षेत्रीय राजनेताओं ने भी इस जन-समस्या पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। रोजाना इस मार्ग से कई जनप्रतिनिधियों और रसूखदारों का आना-जाना होता है, लेकिन जनता को इस नरकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए किसी भी नेता ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। राजनेताओं की इस रहस्यमयी चुप्पी पर अब जनता खुलकर सवाल उठाने लगी है कि आखिर जनता के वोटों से चुनकर आने वाले नुमाइंदे इस जन-मुद्दे पर मौन क्यों हैं?

# प्रबंधन के आदेशों पर भारी "राख प्रभारी"

**- आखिर क्यों नहीं छूट रहा चचाई का मोह?**

**- ईस्टरे ऑर्डर की आड़ में वर्षों से जमे अधिकारी पर उठे सवाल**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई एक ओर जहां प्रदेश में बेहतर उत्पादन और कार्यकुशलता के नए रिकॉर्ड बना रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ अधिकारी अपने विशेष कौशल से अलग ही इतिहास रचने में जुटे दिखाई दे रहे हैं। यहां मशीनों से ज्यादा चर्चा इन दिनों एक ऐसे प्रभारी अधिकारी की हो रही है, जिनका मोह विभाग, कुर्सी और राख से ऐसा जुड़ा है कि स्थानांतरण आदेश भी उनके सामने बौने नजर आने लगे हैं। सूत्रों की मानें तो ताप विद्युत गृह के राख प्रबंधन विभाग में पदस्थ प्रभारी प्रबंधक वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। जहां अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण कर उन्हें दूसरे संयंत्रों में भेज दिया जाता है, वहीं यह अधिकारी न्यायालयीन आदेशों और प्रशासनिक तकनीकीताओं की आड़ लेकर लगातार अपनी कुर्सी बचाने में सफल बताए जा रहे हैं।

अब सवाल यह उठने लगा है कि आखिर ऐसा कौन-सा अद्भुत प्रशासनिक अनुभव है जो सिर्फ इन्हीं के पास है?




क्या पूरे विभाग में इनके अलावा कोई योग्य अधिकारी नहीं?

या फिर मामला कुछ और ही है, जिसकी चर्चा अब गलियारों से निकलकर आम लोगों तक पहुंचने लगी है?

**राख के कारोबार पर उठ रही उंगलियां**

ताप विद्युत गृह में राख परिवहन और उससे जुड़े कार्यों को लेकर लंबे समय से चचाएं चल रही हैं। सूत्रों का दावा है कि राख परिवहन से जुड़े कई कार्यों में निजी हित और विशेष ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। इतना ही नहीं, राख परिवहन का दायरा अब छत्तीसगढ़ सीमा तक पहुंचने की चर्चा में है।

विडंबना यह है कि संयंत्र परिसर में बड़े-बड़े अक्षरों में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित लिखा है, लेकिन अंदरूनी गतिविधियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो नियम सिर्फ बोर्ड तक सीमित रह गए हों।

स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के बीच यह चर्चा आम है कि राख परिवहन से जुड़े हर वाहन की आवाजाही किसी अदृश्य व्यवस्था के बिना संभव नहीं। यही कारण है कि विभागीय कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

कुर्सी ऐसी कि छोड़ने का मन ही न करे...

व्यंग्य में लोग अब यह कहने लगे हैं कि –

जिस गाड़ी में बैठकर हर चक्कर पर चांदी छनकती हो, वह चालक भला रास्ता क्यों बदलेगा?

और शायद यही वजह है कि वर्षों से एक ही स्थान पर जमे महोदय का चचाई प्रेम कम होने का नाम नहीं ले रहा।

कहते हैं कुछ लोगों के लिए नौकरी सिर्फ सेवा नहीं रहती, वह स्थायी व्यवस्था बन जाती है। फिर कुर्सी कार्यालय की कम और कारोबार की ज्यादा लगने लगती है।

जनता पूछ रही है कि जब अन्य कर्मचारियों पर स्थानांतरण नियम लागू होते हैं तो फिर इस विभाग के विशेष अधिकारी पर प्रशासनिक नियमों का असर क्यों नहीं होता?

क्या इनके लिए अलग कानून बना हुआ है?

या फिर राख के धुएं में जवाब भी कहीं गायब हो चुके हैं?

प्रबंधन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब लगातार शिकायतें और चचाएं सामने आ रही हैं, तब भी प्रबंधन मौन क्यों है?

क्या उच्च अधिकारियों को इन गतिविधियों की जानकारी नहीं?

या जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई से परहेज किया जा रहा है?

यदि समय रहते निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो यह संदेश जाएगा कि ताप विद्युत गृह में कुछ कुर्सियां ऐसी हैं जहां नियम नहीं, बल्कि रसूख चलता है।

**भ्रष्टाचार पर लगे लगाम, हो निष्पक्ष कार्रवाई**

जनहित और संस्थान की पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि राख प्रबंधन विभाग की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा वर्षों से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए।

क्योंकि जब एक ही जगह पर लंबे समय तक जड़ें जम जाती हैं, तब व्यवस्था कमजोर और भ्रष्टाचार मजबूत होने लगता है।

अब देखना यह है कि प्रबंधन कार्रवाई करता है या फिर राख के धुएं में सारे सवाल एक बार फिर गायब हो जाते हैं।

## प्रभाकर बने मंडल कोषाध्यक्ष

**समाज जागरण**

बरगवा ।भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण मंडल के कोषाध्यक्ष पद पर प्रभाकर उरमलिया का मनोनयन किया गया है। प्रभाकर पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल



मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं ।प्रभाकर के कोषाध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला ,भाजपा जिला शाहकोषाध्यक्ष, चंद्रिका द्विवेदी रामनारायण उरमलिया सतनारायण सोनी ,मंडल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, संदीप पुरी, पूर्व मंडल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा, विवेक पांडे ,डॉ राज पांडे ,पार्षद पवन कुमार चीनी ,राहुल मिश्रा ,सुमित सिंह ,बद्री प्रताप सिंह हरे कृष्ण सिंह अखिलेश सिंह मीडिया प्रभारी, अजय दहिया, ज्ञानेंद्र पांडे, विजय तिवारी, विश्वनाथ कहर, नीरज गुप्ता ,अवनीश पांडे ,हरि बैग, अनिल, राजीव रावत राजीव तिवारी, राकेश तिवारी, भाजपा कार्यकताओं ने बधाई प्रेषित की है।

# हिण्डालको रेणुकूट के कर्मचारी रवि सिंह करेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। (उत्तर प्रदेश):- जनपद सोनभद्र के रेणुकूट निवासी रवि सिंह, पुत्र स्वर्गीय महामाया प्रसाद सिंह, रवि सिंह जो हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के विभाग ब्वायलर को-जेनरेशन में कार्यरत हैं, ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले, उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। रवि सिंह आगामी विश्व क्वान की डो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विशेष बात यह है कि वह उत्तर प्रदेश के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्हें 8वीं विश्व क्वान की डो चैंपियनशिप, में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। 8वीं विश्व क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 मई से 24 मई 2026 तक रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट स्थित कॉम्प्लेक्स स्पोर्टिफ "सैले पॉलीवैलेंटे डायनामो", बुखारेस्ट, रोमानिया में आयोजित की जाएगी।



जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। रवि अपनी मेहनत, अनुशासन तथा निरंतर अभ्यास के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में वह हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट में कार्यरत रहते हुए खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। रवि सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं सहयोगियों को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश क्वान की डो एसोसिएशन के महासचिव अमित कुमार सिंह, क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तथा क्वान की डो के समस्त पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। रवि सिंह ने कहा, ह्लदेश के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गर्व है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने हर कदम पर मेरा समर्थन किया। मैं विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ उतरूंगा।ह्लरवि सिंह की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिले के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों,सहकर्मियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। रेणुकूट और सोनभद्र क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा सभी को उम्मीद है कि रवि सिंह विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 439 शिकायतों में 43 का मौके पर निस्तारण

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद की चारों तहसीलों में मई माह के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। चर्चित गौड़ एवं अभिषेक वर्मा ने घोरावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ताओं से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में स्थलीय जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कर समय से निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाए।



**घोरावल तहसील में सर्वाधिक शिकायतें-**

घोरावल तहसील में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में कुल 183 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि 6 मामलों के समाधान के लिए टीम को क्षेत्र में भेजा गया। इस प्रकार कुल 15 मामलों का निस्तारण किया गया। शेष 168 मामलों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

**रॉबर्ट्सगंज में 22 मामलों का समाधान-**

रॉबर्ट्सगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में हुआ। यहां तहसीलदार अमित कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने कुल 147 शिकायतें सुनीं। इनमें से 22 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि बाकी 125 मामलों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

**ओबरा में 62 शिकायतें प्राप्त-**

ओबरा तहसील में उप जिलाधिकारी विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 3 मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि 2 मामलों के लिए टीम को क्षेत्र में भेजकर निस्तारण कराया गया। इस प्रकार कुल 5 मामलों का समाधान किया गया और बाकी 57 मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

**दुद्धी में 47 प्रार्थना पत्र पहुंचे-**

दुद्धी तहसील में उप जिलाधिकारी निखिल यादव की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान तहसीलदार दुद्धी, सीओ दुद्धी एवं पिपरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यहां कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष 46 मामलों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

# आंधी-बारिश के बाद विद्युत व्यवस्था बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड रॉबर्ट्सगंज ने बताया कि जनपद में बीते दिनों आई तेज आंधी एवं हल्की बारिश के कारण कई स्थानों पर विद्युत लाइनें, तार एवं पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। विद्युत विभाग द्वारा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षतिग्रस्त विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार फील्ड में रहकर दिन-रात मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल कर दी गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 90 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गई है। शेष प्रभावित क्षेत्रों में टूटे हुए खम्भों को बदलने, तार जोड़ने एवं अन्य तकनीकी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। शीघ्र ही सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। अधिशासी अभियन्ता ने जनमानस से अपील करते हुए

# टोटो रिक्शा में नजर आये विधायक, पहुंचे बिजली दफ्तर

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे ने वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे ईंधन संकट और मौजूदा युद्ध की परिस्थितियों को देखते हुए लोगों से ईंधन की बचत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से बैटरी चालित वाहनों, सार्वजनिक परिवहन और साझा यात्रा को अपनाने का आह्वान किया है, जिसे सभी को गंभीरता से लेना चाहिए।

विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवेदनशील नेता हैं और पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। उनके आह्वान के बाद उन्होंने स्वयं भी यह निर्णय लिया है कि रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र, चुर्क और आसपास के इलाकों में आने-जाने के लिए बैटरी वाहन और सार्वजनिक साधनों का अधिक उपयोग करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि जहां संभव हो, ईंधन चालित वाहनों का कम से कम उपयोग करें और गाड़ी साझा करके चलें। उन्होंने



बताया कि 13 तारीख को आए भीषण तूफान के कारण बिजली विभाग को भारी नुकसान हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में कई पोल, खंभे और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसी की समीक्षा के लिए वह बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे थे और वहां आने-जाने के लिए उन्होंने बैटरी चालित वाहन का उपयोग किया। भूपेश चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से सौर ऊर्जा और स्वदेशी संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के इस दौर में देश को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी मुद्रा बचाने की दिशा में यह जरूरी कदम है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी के आह्वान पर की गईं टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ईंधन बचत संबंधी निवेदन का मजाक उड़ाकर राहुल गांधी देश का उपहास कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि देशहित और आर्थिक मजबूती के मुद्दों का मजाक उड़ाना राहुल गांधी की आदत बन चुकी है और देशवासी इसका जवाब समय आने पर देंगे।

# बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में फिर मौत का तांडव, तेज रफ्तार टिपर ने युवक को कुचला, प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

**समाज जागरण/**

ओबरा/ सोनभद्र । स्थानीय थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र के समीप बिल्ली चढाई में शनिवार को एक बार फिर तेज रफ्तार भारी वाहन ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। खदान से निकल रही एक अनियंत्रित टिपर की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वही चालक घटना स्थल से टीपर वाहन को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों ने खनन क्षेत्र में अव्यवस्थित परिवहन, अवैध खनन तथा प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मृतक की पहचान अंकित कुमार चौरसिया पुत्र नंदलाल निवासी सेक्टर-8 आकाशवाणी कॉलोनी, ओबरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अंकित एमआर की नौकरी करता था और वो अपने घर सुबह रॉबर्ट्सगंज से ओबरा आ रहे थे। इसी दौरान लगभग 8:30 बजे सुबह बिल्ली मारकुंडी चढ़ाई के पास खदान से निकल रही तेज रफ्तार टिपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक टीपर वाहन के साथ फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हालांकि घटना के बाद प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टीपर वाहन समेत टीपर चालक की तलाश में जुटी है। सीएचसी चोपन में तैनात डॉक्टर सुनील यादव ने बताया कि दुर्घटना के बाद अंकित कुमार को अस्पताल लाया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार युवक का एक्सीडेंट बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में एक टिपर से हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मृतक



के परिजन सत्य प्रकाश चौरसिया ने आरोप लगाया कि खनन क्षेत्र से निकलने वाले भारी वाहन लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता। उन्होंने कहा कि ह्लखनन क्षेत्र में अवैध खनन का बोलबाला है। विभागीय अधिकारियों को सिर्फ मोटी रकम से मतलब है। टिपर चालक बख्शीश और अधिक चक्कर लगाने की लालच में तेज गति से वाहन चलाते हैं। यहां आम लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र में लगातार हादसे हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी दुर्घटना हुई थी और इस महीने यह दूसरी या तीसरी बड़ी घटना है। इसके बावजूद न प्रशासन, न पुलिस और न ही जनप्रतिनिधि इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। खनन क्षेत्र में मानकों के विपरीत बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने के कारण प्रतिदिन भारी मात्रा में बोल्डर निकाले जा रहे हैं। इन बोल्डरों की ढुलाई के लिए हजारों की संख्या में टिपर दिन-रात सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी स्पीड लिमिट व्यवस्था दिखाई नहीं देती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिक चक्कर लगाने और बख्शीश पाने की लालच में टिपर चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। खदान संचालकों के दबाव में वाहन चालक बिना किसी सुरक्षा मानक का पालन किए सड़कों पर सरपट दौड़ते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब भारी वाहन बेलगाम तरीके से चलेंगे तो दुर्घटनाएं होना तय है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग अब तक गंभीर नहीं हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से खनन क्षेत्र में भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने, सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो आने वाले दिनों में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। खनन क्षेत्र में कानून की धज्जियां उड़ाते हुए नियमों को दरकिनार कर किए जा रहे परिवहन को लेकर दो दिन पहले ही खबर के माध्यम से चेतावनी दी गई थी कि प्रशासनिक लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजा यह हुआ कि आज एक परिवार ने अपने जवान बेटे को खो दिया, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सख्ती दिखाता, भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण करता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराता तो शायद यह हादसा टल सकता था। लोगों ने मांग की है कि अब भी प्रशासन चेत जाए और खनन क्षेत्र में चल रहे अव्यवस्थित परिवहन तथा नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सके।

# घर के बंटवारे के विवाद में जानलेवा हमला, चोपन पुलिस ने 24 घंटे में तीन अभियुक्त दबोचे

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। थाना पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 15 मई 2026 को ग्राम पटवध, चोपन से की गई। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। यह मामला घर के बंटवारे को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। 15 मई 2026 को जानकी देवी पत्नी रजनीश विश्वकर्मा ने चोपन थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि उनके भसुर कृपाशंकर विश्वकर्मा, उनकी पत्नी पार्वती, पुत्र रवि विश्वकर्मा और पुत्री मीनू ने गाली-गलौज करते हुए उनके पति रजनीश विश्वकर्मा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। तहरीर के आधार पर चोपन थाने में मु.अ.सं. 0177/2026 धारा 109(1), 115(2), 191(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत



अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी।

इसी क्रम में, 15 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर चोपन पुलिस ने ग्राम पटवध, चोपन से घेराबंदी कर तीनों वांछित अभियुक्तों को शाम करीब 07:25 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एक धारदार हथियार भी बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कृपाशंकर (उम्र करीब 51 वर्ष), रविशंकर (उम्र करीब 29 वर्ष) और शशिकांत (उम्र करीब 19 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी ग्राम पटवध, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र के निवासी हैं और कृपाशंकर के पुत्र हैं। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय भेजा गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रामफेर यादव, कांस्टेबल शिवम सरोज और रिक्रूट कांस्टेबल सत्यम त्रिपाठी की पुलिस टीम शामिल थी।

# एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

एनटीपीसी रिहंद परियोजना में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। स्वच्छता पखवाड़े का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) श्री संजय असाटी ने सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं टाउनशिप के निवासियों को उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत त्रिवेणी क्लब परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर की गई। इसके पश्चात प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं परियोजना प्रमुख श्री संजय असाटी ने किया। यह पहल स्वच्छता के प्रति सामूहिक जागरूकता, सहभागिता एवं सामाजिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्लांट एवं आवासीय परिसर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं सफाई जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता वार्ता, सामूहिक वृक्षारोपण, निबंध लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी तथा चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। एनटीपीसी रिहंद द्वारा आयोजित यह स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# 15वें वित्त आयोग हेल्थ ग्रान्ट से जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

## 24 नये उपकेन्द्रों एवं 07 बी०पी०एच०यू० निर्माण कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 15वें वित्त आयोग हेल्थ ग्रान्ट सेक्टर अन्तर्गत प्रस्तावित 24 नये स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं 07 बी०पी०एच०यू० (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं, भूमि की उपलब्धता, तकनीकी स्वीकृतियों तथा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं बी०पी०एच०यू० के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहतर होगी तथा आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

# वट सावित्री व्रत कर सुहागिनों ने पति की दीर्घायु व परिवार की समृद्धि की मन्नतें माँगी

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी सोनभद्र। ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार की सुबह स्थानीय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस की बाउंड्री व त्रिभुवन फील्ड के समीप स्थित व अन्य बरगद के वृक्ष पर वट सावित्री व्रत की कथा तथा पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पहुंचीं और परंपरा के अनुसार बरगद के पेड़ में कच्चा धागा बाँधकर उसकी परिक्रमा की।

पूजा कार्यक्रम का आरंभ पूर्ण विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ हुआ। महिलाओं ने देवी सावित्री की आराधना करते हुए सत्यवान सावित्री की कथा श्रद्धापूर्वक सुनी। कथा वाचन में बताया गया कि माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और अटूट पतिव्रता धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे तभी से यह व्रत



सुहागिनों के लिए विशेष महत्व रखता है।

पूजन के दौरान उपस्थित महिलाओं ने वटवृक्ष को जल अर्पित किया और दीप, धूप, फल, खीर, पंचामृत,मीठे गुलगुले, चना अन्य पारंपरिक पूजन सामग्री चढ़ाई। सभी ने अपने अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुखड्डसमृद्धि के लिए मन्नतें मांगी।

पूजा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और महिलाएं श्रद्धा तथा विश्वास के साथ पूजा अर्चना बड़े उत्साह के साथ किया।

# राजस्व अभिलेखों को पारदर्शी एवं विवादमुक्त बनाने की दिशा में सोनभद्र प्रशासन की बड़ी पहल

## *पांच दिवसीय विशेष अभियान में 20665 सहखातेदारों का हुआ अंश निर्धारण*

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद में राजस्व अभिलेखों को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित एवं विवादमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाये गये पांच दिवसीय विशेष अंश निर्धारण अभियान ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में संचालित इस अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार खातेदारों एवं सहखातेदारों की खतौनियों में अंश निर्धारण की कार्यवाही युद्धस्तर पर करायी गयी। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु प्रत्येक तहसील स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी थी। क्षेत्रीय लेखपालों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए नियमित मॉनिटरिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यापक स्तर पर अंश निर्धारण की कार्यवाही सम्पन्न करायी जा सकी। उन्होंने बताया कि अभियान के अन्तिम दिवस आज सायं 06:00 बजे तक तहसील रॉबर्ट्सगंज में 4257, तहसील घोरावल में 3187, तहसील ओबरा में 3427 तथा तहसील दुद्धी में 9794 अंश निर्धारण की कार्यवाही पूर्ण की गयी। इस प्रकार जनपद की चारों तहसीलों में कुल 20665 सहखातेदारों का अंश निर्धारण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है। अंश निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण होने से भूमि सम्बन्धी विवादों में कमी आयेगी तथा किसानों एवं खातेदारों को राजस्व अभिलेखों से जुड़े कार्यों में अधिक सुविधा प्राप्त होगी। खतौनी अभिलेख अद्यतन एवं स्पष्ट होने से उत्तराधिकार, नामांतरण एवं अन्य राजस्व कार्यों में भी पारदर्शिता आयेगी।

# एनटीपीसी सिंगरौली में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली में 16 मई 2026 से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शक्तिनगर टाउनशिप के अम्बेडकर भवन से एक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सी.एच. किशोर कुमार थे। उप समादेष्टा (सीआईएसएफ) अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान, सी.एच. किशोर कुमार ने अंग्रेजी में और अरविंद कुमार ने हिंदी में स्वच्छता




शपथ दिलाई। सभी उपस्थित लोगों ने अपने कार्यस्थल और आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई 2026 से 31 मई 2026 तक चलेगा। इस अवधि में परियोजना और टाउनशिप परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष स्वच्छता अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्वच्छता अभियान, श्रमदान, स्वच्छता निरीक्षण, प्रतियोगिताएं और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां शामिल होंगी। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इसका लक्ष्य सामूहिक सहभागिता से स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना भी है। एनटीपीसी सिंगरौली सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वच्छता पहलों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, और स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी ।। आस्था की नगरी काशी के ग्रामीण क्षेत्र रामेश्वर,बरेमा, खेवली , जंसा, गोसाईपुर गांव में बरगद वृक्ष के नीचे शनिवार की सुबह से ही महिलाओं ने पूजन-अर्चन शुरू कर दिया था। दिन है वट-सावित्री व्रत का। महिलाओ ने व्रत रखने के साथ ही वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ के नीचे कच्चे सूत से 7,11,51 या 108 बार परिक्रमा करने के साथ दीप प्रज्वलित कर सावित्री और सत्यवान की कथा सुनती हुई दिखी। इसके अलावा वट वृक्ष के नीचे पूजा के दौरान मौसमी फल और श्रृंगार के समान चढ़ाने की भी परम्परा है।ज्योति,रागिनी तिवारी,सरस्वती देवी,गायत्री देवी सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि हम अपने





सुहाग की रक्षा के लिए पिछले कई सालों से यह व्रत करते हैं।

डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया मान्यता के अनुसार इस व्रत का नाम माता सावित्री के नाम पर पड़ा है ,पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने अपनी बुद्धि, भक्ति और अटूट संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस छीन लिए था।

# डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए छात्रों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय जमापुर में डेंगू एवं मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी।

नो बैग डे के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव द्विवेदी के नेतृत्व में विद्यालय पहुंची। इस दौरान बच्चों को डेंगू जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें बताया गया कि साफ-सफाई और सतर्कता से इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को पूरे बांह के कपड़े पहनने, घर व आसपास जलजमाव न होने देने, स्वच्छ एवं ताजा पानी पीने तथा बुखार, पेट दर्द या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी। साथ ही बच्चों से अपने घर और विद्यालय परिसर में नियमित सफाई बनाए रखने का आह्वान किया गया। अभियान में मलेरिया निरीक्षक ओमप्रकाश, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संजय कुमार मिश्रा, अभिषेक राय, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार वर्मा एवं इंद्रदेव वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, तीन युवक घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज-1 पर शनिवार की शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद और पुलिस की तत्परता से घायलों को तत्काल उपचार के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक कहीं जा रहे थे।प्रतापपट्टी गांव के समीप पहुंचते ही तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक सीधे डिवाइडर से टकरा गई और टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान संदीप (18 वर्ष), अनीश (22 वर्ष) तथा अजय कुमार (20 वर्ष) निवासी भगतुपुर के रूप में हुई है। कोई भी हेलमेट नहीं लगाया था।

सूचना मिलते ही हरहुआ पुलिस चौकी के पैंथर दस्ता के हेड कांस्टेबल नीरज राय कांस्टेबल लालजी राणा मौके पर पहुंचे। काफी देर तक एंबुलेंस न पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को निजी वाहन की सहायता से बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। जहां तीनों घायलों का उपचार चल रहा है। परिजनो को सूचना दे दी गई है। पुलिस वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# मिशन 2027 की सफलता के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें: राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा

## राज्यमंत्री ने नवीन भाजपा कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन।



वाराणसी भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री गोविंद दास गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को खनाव स्थित उनके आवास पर आयोजित अभिनंदन समारोह में नवनियुक्त राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कार्यकताओं से मिशन 2027 के लिए पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश की जनता को बेहतर सुशासन उपलब्ध कराने के लिए कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरें। भाजपा उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। इसके पूर्व भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री गोविंद दास गुप्ता ने पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा के साथ नवनियुक्त राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह के साथ चांदी का मुकुट भेंट कर भव्य स्वागत किया। राज्य मंत्री ने नवनिर्मित पार्टी के कार्यकर्ता कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजयराज यादव, गोविंद दास गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल, राजू प्रजापति, अनिल कुमार पांडेय, सिद्धार्थ कुशवाहा, पार्षद सुरेश पटेल गुड्डू, कमलेश पाल, रमाशंकर गुप्ता, रामप्रकाश वीरू, गौरव पटेल,जय प्रकाश पटेल,विनोद सोनकर, ग्राम प्रधान पारस यादव, कमला,अरविंद, बादल पटेल, अमित सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने हंसराज विश्वकर्मा का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

# पीस कमेटी की बैठक में बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर जोर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने की।



उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर कुबार्नी का कार्य सार्वजनिक स्थानों पर नहीं किया जाएगा तथा कुबार्नी के बाद खून आदि घर के बाहर दिखाई नहीं देना चाहिए, जिससे कि अन्य किसी पड़ोसी को परेशानी न हो। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने की अपील की।

बैठक में चौकीदारों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही कर्बला स्थलों पर गांव के चौकीदारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी शिखा भारती ने चौकीदारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग गांव की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के सहयोगी हैं। क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं को गोपनीय तरीके से पुलिस तक पहुंचाते रहें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान, साइबर कैफे संचालक, सहज जन सेवा केंद्र संचालक, चौकीदार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह,रविशंकर सिंह ग्राम प्रधान नदिहार, रमेश प्रधान ददरा , जितेन्द्र कुमार सिंह, सतीश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने रामेश्वर वरुणा घाट, मन्दिर , धर्मशालाओं का किया निरीक्षण

## रामेश्वर टीएफसी को तीर्थ यात्रियों के सुविधार्थ उपलब्धता की उठाई जोरदार मांग

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। अधिमास (मलमास) पंचक्रोशी हर तीन वर्ष पर एक माह के लिए जो इस बार 17 मई से 15 जून तक लग रहा है। जिसमें पूर्वांचल समेत अन्य प्रांतों से लाखों लोग पैदल यात्रा करने के लिए शामिल होंगे। तीर्थ मेले में यात्रियों के व्यवस्था को लेकर आज शनिवार दोपहर को सीडीओ प्रखर सिंह के साथ अधिकारियों की टीम रामेश्वर तीर्थ धाम पहुंची। मन्दिर में जलाभिषेक करने के बाद मन्दिर के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अनूप तिवारी बीडीओ सेवापुरी राजेश कुमार सिंह व पूर्व प्रधान रामप्रसाद व स्थानीय जनों से जानकारी ली। इसके पश्चात वरुणा नदी में ज्ञानपुर पम्प कैनाल से तत्काल पानी भरवाने के पूर्व ब्लाक अधिकारियों ,कर्मचारियों से नदी में गंदगी को जाल लगाकर काई,जलकुंभी को हटाने का निर्देश दिया। सभी धर्मशालाओ में पेयजल ,प्रकाश ,निर्मित शौचालयो की साफ सफाई तथा जगह-जगह प्याऊ की



व्यवस्था, गर्मी से राहत के लिए मैट व फरार्टे पंखे,जगह -जगह मिट्टी के घड़े लगवाने ,बिगड़े हैंडपम्पो को ठीक कराने, तीर्थ यात्रियों के लिए सस्ते दर की दुकान खोलने, सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में शिफ्ट वार सफाई कर्मी की तैनाती ,स्वास्थ्य सेवाओं संग एम्बुलेंस की उपलब्धता,मेला क्षेत्र में जलजीवन मिशन की टँकी से लगातार आपूर्ति व जल कल विभाग से 6 टैंकर लगाने, पंचक्रोशी मार्ग के किनारे साफ सफाई कराने का भी निर्देश दिया और सूचीबद्ध किया।स्थानीय मन्दिर प्रशासन व ग्राम पंचायत प्रशासन ने रामेश्वर में निर्मित टीएफसी को आम तीर्थयात्रियों के लिए हस्तांतरण की मांग कर अवगत कराया कि यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित किये जाने का एकमात्र टीएफसी केंद्र है जहां हजारों हजार तीर्थयात्री लाभान्वित होंगे।इसका निर्माण भी यात्रियों के लिए सीएम ने करवाया है।पूर्व में होने वाले अन्य व्यवस्थाओ की भी जानकारी ली। अधिकारियों में प्रमुख रूप से सीडीओ प्रखर सिंह, डीपीआरओ आदर्श ,डीडीओ विजय कुमार जायसवाल, बीडीओ सेवापुरी राजेश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत धनन्जय कुमार ,सचिव श्यामनारायण शामिल रहे।

# एन०एच०एम० संविदा कर्मचारियो के लम्बित मानदेय भुगतान किये जाय, अन्यथा कार्य बहिष्कार कर करेंगे प्रदर्शन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। उ०प्र० मे एन० एच०एम० के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को मार्च 2026 एवं अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक प्राप्त नही हो पाया है। जिससे कर्मचारियो एवं उन पर आश्रित परिवारजनों को गम्भीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन -संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ0 अब्दुल जावेद व सचिव डॉ0 कुंवर अमित सिंह के अनुसार वर्तमान समय में विद्यालयों का नया शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसके चलते कर्मचारियों को अपने बच्चों का शैक्षिक शुल्क , पुस्तके एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु धन की जरूरत है।अभी तक कोई अपेक्षित कार्यवाही नही हुई। आजीविका का संकट हो गया है। कर्मचारियो मे गहरा असंतोष है। समस्त एन एच०एम० संविदा कर्मचारियो का लम्बित मानदेय अति शीघ भुगतान नहीं हुआ तो मजबूरन धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। 21 मई 2026 से नो वर्क नो पे की नीति अपनाते हुए कार्य बहिकार बन्द कर देंगे।

इस गम्भीर समस्या का शीघ्र समाधान कराकर सम्भावित आन्दोलन की स्थिति से बचाने का कार्य करें।

# शर्मीला इंटर कालेज में शिक्षा के साथ खेल की तालीम से छात्र-छात्राओं ने की ऊंचाइयां हासिल

## ओलंपियन लखन शर्मा ने बच्चों को जिमनास्टिक की दी उच्च तकनीक कौशल।

हरहुआ। हरहुआ ब्लाक क्षेत्र का इकलौता कालेज शमीर्ला इंटर कालेज जहाँ विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देता है वहीं पर खेल की दुनिया का हुनर भी देकर ख्याति प्राप्त कर रहा है।

विद्यालय प्रबन्धक शमीर्ला प्रजापति के अनुसार विद्यालय के मैदान में सुबह 5 बजे से 7 बजे और दोपहर 3 बजे के बाद देर शाम तक नियमित खेलों की प्रैक्टिस कोच द्वारा की जाती है। अब तक विद्यालय के लगभग 46 बच्चे नौकरी सेना, रेलवे,पीडब्लूडी ,पायलट,टीचर ,साई में कोच में हैं वहीं खेल के ही दम पर 70 बच्चे विभिन्न खेलो में चयन के बाद हॉस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अच्छी बात यह है कि बच्चों को



विद्यालय व अभिभावक मिलकर संसाधन मुहैया कराते हैं। खेलों में आर्चरी, बालीबाल, एथलेटिक्स, फुटबाल ,कबड्डी,खो-खो, बैडमिंटन, तीरंदाजी गेम में खेल की नर्सरी को कोच हेमंत प्रजापति ,प्यारेलाल प्रजापति तैयार करते हैं।

खेल में राष्ट्रीय स्तर के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर भी पहुंच चुके हैं। वर्ष 2013 में रूस में आयोजित चिल्ड्रन एशियन गेम्स में गीतांजलि प्रजापति कक्षा 7 की छात्रा ने भारत का नाम रोशन किया।

इस समय इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम नई दिल्ली के कोच ओलंपियन लखन शर्मा ने शमीर्ला इंटरमीडिएट कॉलेज पुआरी खुर्द वाराणसी के बच्चों को जिमनास्टिक खेल फ्लोर एक्सरसाइज , पामेल हॉर्स, स्टील रिंग्स, वाल्ट, पैरेलल वार, हाई वार,हार्जेटल वार आदि की महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां दे रहे हैं। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन जिमनास्टिक का निःशुल्क प्रशिक्षण कोच हेमंत प्रजापति के द्वारा दिया जाता है। विद्यालय के केवल छात्र ही नही बल्कि बाहर के खेल में अभिरुचि रखने वाले भी प्रैक्टिस करते हैं। खेल प्रतियोगिता में हर वर्ष 50 से अधिक बच्चे अपनी हुनर का प्रदर्शन करते हैं।

# आर०एस०कान्वेंट स्कूल बाराचंवर के टॉपरो का स्कूल परिसर मे हुआ सम्मान

## 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जागृति तिवारी बनी जिला टापर स्कूल का बढ़ाया मान

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की ओर से इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में क्षेत्र के प्रतिष्ठित आर.एस. कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय मे गुरूवार के दिन सफल छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। विद्यालय की छात्रा जागृति तिवारी पुत्री श्यामभज तिवारी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टापर लिस्ट मे जगह बनाई,तथा स्कूल में सर्वोच्च स्थान (टॉपर) हासिल किया है। जागृति की इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। जागृति के अलावा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में निखत जमाल जमाल 77.60%, अंशु मौर्या पुत्री श्रीराम मौर्या 75%, अनुष्का राय पुत्री अमित कुमार राय 70.2%, प्रियंका कुशवाहा पुत्री दिनेश कुशवाहा




68%, कन्दर्प तिवारी 66.4% अंक, नवीन कुमार गुप्ता पुत्र रत्न कुमार गुप्ता 66%, प्रियांजलि यादव पुत्री धर्मप्रकाश यादव 65.4%, शंशाक सिंह कुशवाहा पुत्र संजय सिंह कुशवाहा 64.60% अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद आर.एस. कान्वेंट स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा गया कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह गौरवशाली परिणाम संभव हो पाया है। अभिभावकों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह,प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव,क्वाडिनेटर आनन्द तिवारी, गौतम प्रजापति,डा०ऐके गिरि, विश्वजीत सिंह,सुधीर संदीप, सुमन सिंह कुशवाहा,अंजली जायसवाल, सुप्रिया कुशवाहा, अनामिका सिंह, लक्ष्मी सिंह,निशा यादव, आदि सभी शिक्षक स्टाप एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापक संग शिक्षक साइकिल चला कर पहुंचे स्कूल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बचत की अपील के बाद बड़े अधिकारियों ने भी उनकी अपील पर गौर करना शुरू किया है। इसी कड़ी में पीएम की प्रेरणा से वाराणसी के सेवापुरी विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बरेमा के प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह ने शनिवार



को नो व्हीकल डे मनाते हुए साइकिल से विद्यालय आए और लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के अन्य शिक्षक भी बचत की आदत डालें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें ताकि चुनौतियों को आसानी से पार किया जा सके।शिक्षिका डॉ. दीप्ति जैसवाल ने कहा कि बचत केवल आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने साइकिल चलाने के फायदे बताते हुए कहा कि यह न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे प्रदूषण में भी कमी आती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे साइकिल का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।इस नेक पहल की शिक्षक नागराज पाल,कुमारी रीना और रानी ने भी सराहना करते हुए अपने दिन चर्या में ईंधन का प्रयोग कर करने की बात कही।

# रिंग रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी चन्द्रशेखर राजभर की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि वह देर रात रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे।

बरियासनपुर रिंग रोड सर्विस लेन स्थित बराई अंडरपास के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी लक्ष्मीना राजभर ने चौबेपुर थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# मंदिर परिसर में महिला व बेटे से मारपीट का आरोप

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के आयर गांव निवासी शीलू श्रीवास्तव पत्नी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को चोलापुर थाने में तहरीर देकर मंदिर परिसर में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार शनिवार को अपने पति विनोद कुमार श्रीवास्तव और बेटे मंगलम के साथ आयर बाजार स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए गई थीं। आरोप है कि मंदिर के अंदर किसी बात को लेकर पुजारी ने उनके तथा उनके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। परिसर में मौजूद शिबू उर्फ शुभम मिश्रा समेत तीन-चार अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और पुजारी का साथ देते हुए उनके साथ अभद्रता व मारपीट किया। पीड़िता ने चोलापुर थाने में तहरीर देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है। वही मंदिर का पुजारी फरार है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मनुष्य एक रहस्य है जो इतिहास बनाता है-फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

हार्टमन इंटर कॉलेज, हार्टमनपुर,गाजीपुर में दो धर्म बहनों का विदाई, धन्यवाद समारोह के नाम से मनाया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ जूनियर बालिकाओ के विदाई गीत से हुआ तत्पश्चात प्राइमरी प्रभाग के वरिष्ठ अध्यापक वीरेंद्र यादव द्वारा धर्मबहनों के शिक्षण कार्य एवं उनके साथ अपने अनुभवो को साझा करते हुए बताया कि इस विद्यालय में सिस्टर हेलेन एक्का ने सहायक अध्यापिका के रूप में अपने







जीवन के 25 वर्ष पूरी ईमानदारी और निष्ठा से विद्यालय तथा बच्चों की सेवा की। साथ ही साथ सिस्टर पूनम ने चार वर्षो तक अंशकालिक सहायक अध्यापिका के पद पर सेवा दी। इसके बाद प्राइमरी प्रभाग की बालिकाओं द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के अध्यापक तथा अध्यापिकाओं द्वारा दोनों धर्मबहनों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार भेंट किया गया। इसके बाद दोनों धर्मबहनों ने हार्टमन इंटर कॉलेज में बिताए गए पल तथा अपने अनुभवो को साझा किया एवं फादर पी० विक्टर , शिक्षको, सपोर्टिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं को भी धन्यवाद ज्ञापित की।

कार्यक्रम का समापन फादर पी० विक्टर के आशीर्वचन से हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में बताया कि मेहनत का फल,मुसीबत का हल और आने वाला कल केवल ईश्वर के हाथ में है इसलिए मनुष्य को पूरी तन्मयता से कर्म करना चाहिए, फल की इच्छा नहीं करना चाहिए।मनुष्य एक रहस्य है जो इतिहास बनाता है। जब तक आप खुशी नहीं बाटेंगे तब तक आपको खुशी नहीं मिलेगी। अंत में फादर ने दोनों धर्मबहनो को विद्यालय की सेवा करने के लिए धन्यवाद दिए और आशीर्वाद दिए कि वे स्वस्थ रहें और जहां भी जाएं अपने सेवा कार्यो का निर्वहन ईमानदारी से निभाए। कार्यक्रम में हार्टमनपुर मिशन के पल्ली पुरोहित फादर प्रकाश तिग्गा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।

# ददरा-कूड़ी सड़क संपर्क मार्ग निर्माण में अनियमितता पर डीएम सख्त

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव में मण्डी समिति द्वारा कराए जा रहे ददरा से भैसाखाद बस्ती होते हुए कूड़ी सम्पर्क मार्ग के लेपन कार्य में मानक विहीन निर्माण और भारी अनियमितता का मामला शनिवार को तहसील समाधान दिवस में गूंज उठा। ग्राम प्रधान रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को प्रार्थना पत्र सौंपकर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है। सड़क पर



बिछाई गई गिट्टियां हल्के दबाव में ही उखड़ रही हैं तथा कई जगहों पर तारकोल की परत बेहद कमजोर दिखाई दे रही है। आरोप है कि पानी का छिड़काव और गिट्टियों की समुचित कुटाई नहीं कराई गई, जिससे सड़क पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर जल्दबाजी में कार्य कराने का भी आरोप लगाया।

पिछले शिकायत के बाद खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने एक दिन पूर्व मौके का निरीक्षण किया था, जिसमें निर्माण कार्य में गंभीर खामियां मिलने की बात सामने आई। निरीक्षण रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेज दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम की सख्ती के बाद विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

# सब इंस्पेक्टर से एएसपी तक संघर्ष पूर्ण सफर का नाम सीआईडी कानपुर सेक्टर के एएसपी अशोक वर्मा

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। जिसकी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली वाली जांच पर आज भी लोगों को पूरा भरोसा है। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में वह सीबी सीआईडी कानपुर सेक्टर में पहले से ज्यादा सक्रिय हो गई है।

अवगत कराते चलें कि कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में निष्पक्ष जांच पड़ताल के रूप में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस सीआईडी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता की चर्चा की जा रही है, आजकल उस सीआईडी के कानपुर सेक्टर की कमान निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी और परोपकारी स्वभाव के एएसपी अशोक कुमार वर्मा के हाथ में है।

अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक



अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके बृजभूमि मथुरा में जन्मे और वर्तमान में जनपद हाथरस के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले कठोर परिश्रम, अनुशासन और सेवा भाव के भी प्रतीक अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

जानकारी के मुताबिक1989 में उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती होकर अपने कैरियर की शुरूआत करते हुए अलीगढ़ के अलिया गैंग के अलिया सहित 3 हार्ड कोर अपराधियों के .एनकाउंटर में पूर्ण सफाए के फलस्वरूप ही आउट आफ टर्न पदोन्नति पाकर 1998 में इंस्पेक्टर और करीब 16 वर्षों तक इसी पद पर जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कठोर परिश्रम और कर्तव्य के प्रति अपनी ईमानदारी पूर्ण प्रगाढ़ निष्ठा के चलते वर्ष 2014 में प्रोन्नति पाकर डिप्टी एस पी और अब अपर पुलिस अधीक्षक यानी एएसपी के पद पर पहुंचने वाले बिरले पुलिस अधिकारियों में से एक सरल और शालीन स्वभाव के सीबीसीआईडी के सेक्टर ऑफिसर एएसपी अशोक कुमार वर्मा की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही लोकहित में निरंतर निरत कर्म योगी एएसपी अशोक कुमार वर्मा जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली, कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के ए एस पी अशोक कुमार वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

कुल मिलाकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निदेशों का अक्षरशः पालन करने में भी अग्रणी होने के साथ ही पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के रूप में योगी सरकार का इकबाल भी लगातार बुलंद कर रहे लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी एडिशनल एसपी अशोक कुमार वर्मा की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली वाली नेतृत्व कुशलता का सार्थक परिणाम सीआईडी की लोकप्रियता और जन विश्वास में और अधिक इजाफा करने वाला भी माना जा रहा है।

# तहसील समाधान दिवस में गूंजे अवैध कब्जों और भूमि विवादों के मामले, 253 शिकायतों से भरा रहा तहसील परिसर......

**ग्राम समाज की जमीन, निशानदेही और कब्जेदारी को लेकर फरियादियों ने लगाई गुहार, मौके पर सिर्फ 59 मामलों का निस्तारण.......**

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज ।लखनऊ, शनिवार को तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की भारी भीड़ और भूमि विवादों से जुड़े मामलों के कारण पूरे दिन चर्चा में रहा। तहसील परिसर में सुबह से ही शिकायतकताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अवैध कब्जा, ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण, जमीन की निशानदेही, पुलिस कार्रवाई और राजस्व विवादों को लेकर लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं ।समाधान दिवस में कुल 253 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मौके पर केवल 59 शिकायतों का निस्तारण हो सका जबकि 194 मामले लंबित रह गए। सबसे ज्यादा 119 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें 33 का निस्तारण किया गया। राजस्व एवं पुलिस से जुड़े 33 मामलों में केवल 7 शिकायतों का समाधान हो सका। समाज कल्याण विभाग में 23, शिक्षा विभाग में 9 तथा अन्य विभागों से संबंधित 64 शिकायतें दर्ज हुईं।

**45 वर्षों से कब्जे वाली भूमि पर जबरन निर्माण का आरोप....**



मोहनलालगंज के बक्तौरी खेड़ा मजरा मेंहदौली निवासी विकास पुत्र स्व. राजाराम ने शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर उसका करीब 45 वर्षों से कब्जा है। पीड़ित के अनुसार उसने वहां कमरा और बरामदा बनवा रखा है तथा कई पेड़ भी लगाए हैं, जिनकी वह वर्षों से देखभाल करता आ रहा है ।आरोप है कि गांव के ही कौशल पुत्र बदलू ने 27 अप्रैल की रात लोहे की तारबंदी काटकर जबरन निर्माण शुरू कर दिया। विरोध करने पर विवाद और मारपीट की स्थिति बन गई। पीड़ित ने प्रशासन से कब्जा रोकने और न्याय दिलाने की मांग की है ।गढ़ी निवासी सुनील कुमार जायसवाल ने तहसील दिवस में शिकायत देकर बताया कि ग्राम मऊ स्थित गाटा संख्या 3226 के बंटवारे संबंधी मुकदमे में एसडीएम न्यायालय से अंतिम डिग्री का आदेश पारित हो चुका है ।पीड़ित के अनुसार 6 मई को राजस्व टीम द्वारा निशानदेही भी की जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू करते ही विपक्षी पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दोबारा पैमाइश होने तक निर्माण रोक दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेश के बावजूद उसे अपनी ही जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में दोबारा निशानदेही कराकर कब्जा दिलाने की मांग की।

बंजर भूमि पर कब्जे को लेकर शिकायत....ग्राम पंचायत शेरपुर लवल निवासी मनीष कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की बंजर भूमि गाटा संख्या 1246 पर अवैध कब्जा किया जा रहा है ।शिकायत के मुताबिक रायबरेली निवासी एक व्यक्ति द्वारा 2 मई को उक्त भूमि पर मिट्टी डलवाकर कब्जा शुरू किया गया था। सूचना मिलने पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद रात में लगातार मिट्टी डलवाकर कब्जा कर लिया गया। शिकायतकर्ता ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अधिकांश मामलों में भूमि विवाद, अवैध कब्जा और राजस्व संबंधी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई फरियादियों ने आरोप लगाया कि आदेश और पैमाइश होने के बावजूद जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है ।तहसील दिवस में उमड़ी शिकायतों की संख्या ने प्रशासनिक व्यवस्था और राजस्व विवादों की गंभीर स्थिति को भी उजागर किया। अधिकारियों ने सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री पशुधन वितरण योजना के तहत पोटका में किसानों को मिली बकरी और बतख चूजे, विधायक संजीव सरदार ने किया वितरण

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर के पोटका प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग की अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पशुधन वितरण योजना के तहत किसानों के बीच बकरी एवं बतख (चूजा) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पोटका विधायक संजीव सरदार ने कुल 17 लाभुक किसानों के बीच पशुधन का वितरण किया। योजना के तहत छह किसानों को 10-10 बीमाकृत बकरी, टब, मग तथा कृमिनाशक दवा उपलब्ध कराई गई, जबकि 11 किसानों को प्रति किसान 30-30 बतख चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों में काफी उत्साह देखा गया और लाभुकों ने सरकार की इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए उपयोगी बताया।



इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन वितरण योजना केवल पशु वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है। पशुपालन के जरिए किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार चाहती है कि गांवों में रहने वाले लोग आत्मनिर्भर बनें तथा पलायन की समस्या कम हो। उन्होंने लाभुक किसानों से पशुधन की बेहतर देखभाल करने और योजना का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ सही एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में जरूरतमंद लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है और पशुपालन, कृषि तथा स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाया जा रहा है।

विधायक संजीव सरदार ने किसानों को पशुपालन से संबंधित अन्य सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसान आधुनिक तरीके से पशुपालन करें तो वे कम लागत में बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, बीटीएम कौशल झा, प्रधान लिपिक संजय कुमार, पशुधन सहायक राजकुमार साहू तथा वैष्णवी इंटरप्राइजेज के अख्तर हुसैन समेत कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लाभुक किसानों ने सरकार एवं विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनने में मदद मिलेगी।

# टाटानगर स्टेशन का डीआरएम तरुण हुरिया ने किया निरीक्षण, यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था पर दिया जोर

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल (सीकेपी) के डीआरएम तरुण हुरिया ने शनिवार दोपहर टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, टिकट काउंटरों, प्लेटफॉर्म तक पहुंचने वाले मार्गों और रेलवे कर्मचारियों की कार्य स्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

स्टेशन पहुंचने पर डीआरएम का स्वागत रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ कर्मियों द्वारा किया गया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन परिसर का दौरा शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने टिकट काउंटर और रिजर्वेशन काउंटर का निरीक्षण किया तथा यह जानकारी ली कि यात्रियों को टिकट लेने में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है। उन्होंने कतार व्यवस्था, यात्रियों की भीड़ और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने प्लेटफॉर्म तक पहुंचने वाले मार्गों, प्रतीक्षालयों, पेयजल व्यवस्था और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए यात्रियों के लिए पेयजल और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में साफ-सफाई और यात्रियों की सुविधा रेलवे की प्राथमिकता होनी चाहिए।

डीआरएम तरुण हुरिया ने कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी की छुट्टियों के कारण यात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में रेलवे प्रशासन को पहले से ही पूरी तैयारी रखनी होगी ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण, टिकट व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना रेलवे की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने आरपीएफ महिला बैरक का भी दौरा किया। वहां उन्होंने महिला सुरक्षा कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने महिला कर्मियों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी यात्रियों की सुविधा।





टाटानगर स्टेशन के री-डेवलपमेंट कार्यों की समीक्षा करते हुए डीआरएम ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि यात्रियों के लिए और कौन-कौन सी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे लगातार आधुनिक सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रहा है ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके। स्टेशन को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए चल रहे कार्यों को समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया।

गर्मी की छुट्टियों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन पर भी डीआरएम ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है, इसलिए रेलवे प्रशासन अतिरिक्त तैयारी कर रहा है। संबंधित विभागों को पहले से ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। हाल ही में मालगाड़ी पर चढ़ने के दौरान करंट लगने से एक किशोर की हुई मौत पर डीआरएम ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए लोगों से रेलवे परिसर और ट्रेनों के आसपास सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेलवे समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाता है, लेकिन लोगों को भी सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को रेलवे ट्रैक तथा ट्रेनों से दूर रहने की सलाह दी।

स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 और 2 पर लगे एक्सीलेटर के अक्सर बंद रहने के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि इस संबंध में संबंधित कंपनी से बातचीत की गई है। उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण कुछ पाट्र्स में समस्या आई थी, जिसे जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक्सीलेटर को शीघ्र चालू कर यात्रियों को राहत दी जाएगी।

ट्रेनों के परिचालन में हो रही देरी के संबंध में पूछे गए सवाल पर डीआरएम ने कहा कि रेलवे लगातार सुधार की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में रेलवे सेवाओं में काफी सुधार हुआ है और आने वाले समय में यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

# टीएमएच ने शुरू की 247 टीएमएच साथी हेल्पलाइन, अत्याधुनिक स्ट्रोक यूनिट से मरीजों को मिलेगा त्वरित इलाज

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर शहरवासियों को बेहतर, आधुनिक और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टीएमएच साथी हेल्पलाइन सेवा की शुरूआत की। इस हेल्पलाइन का उद्घाटन अस्पताल की जीएम डॉ. विनीता सिंह ने किया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे कार्य करेगी और मरीजों तथा उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराएगी।




अस्पताल परिसर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान डॉ. विनीता सिंह ने कहा कि टीएमएच लगातार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नई तकनीकों और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को शामिल किया जा रहा है, ताकि जमशेदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन मरीजों को अधिक सुविधाजनक और त्वरित चिकित्सा सेवा देने के उद्देश्य से कई नई योजनाओं पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि टीएमएच साथी हेल्पलाइन शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता, इलाज संबंधी जानकारी, जांच प्रक्रिया, आपातकालीन सहायता और अन्य जरूरी सेवाओं के बारे में आसानी से जानकारी मिल सकेगी। इससे मरीजों को अस्पताल आने से पहले ही आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त होगा और इलाज की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल और व्यवस्थित बनेगी।

डॉ. विनीता सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक और त्वरित संचार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में यह हेल्पलाइन सेवा लोगों और अस्पताल के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि मरीजों को भरोसेमंद और बेहतर अनुभव प्रदान करना भी है।

कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस नई पहल को मरीजों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे लोगों को समय पर सही जानकारी और चिकित्सा सहायता प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी।

**टीएमएच में अत्याधुनिक स्ट्रोक यूनिट की भी शुरूआत**

इसी क्रम में टाटा मेन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नई स्ट्रोक यूनिट की शुरूआत भी की गई है। मार्च 2025 में उद्घाटित इस विशेष यूनिट का मुख्य उद्देश्य स्ट्रोक पीड़ित मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराना है। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि इस यूनिट के शुरू होने से गंभीर मरीजों की जान बचाने में काफी मदद मिलेगी।

अस्पताल के विशेषज्ञों ने बताया कि नई स्ट्रोक यूनिट अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम से सुसज्जित है। इसमें न्यूरोलॉजिस्ट, प्रशिक्षित नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सा कर्मियों की टीम लगातार मरीजों की निगरानी और उपचार करेगी। मरीजों को आधुनिक और साक्ष्य आधारित चिकित्सा पद्धति के अनुसार इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि स्ट्रोक एक अत्यंत गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जिसमें समय पर इलाज मिलना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज को स्ट्रोक आने के बाद 4.5 घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो विशेष दवाओं और उपचार के माध्यम से मस्तिष्क में बने रक्त के थक्के को घोला जा सकता है। इससे लकवे के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है और मरीज के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**"BE FAST" फॉमूर्ले से लोगों को किया गया जागरूक**

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने लोगों को स्ट्रोक के शुरूआती लक्षणों के प्रति जागरूक भी किया। डॉक्टरों ने "BE FAST" फॉमूर्ले की जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति का संतुलन अचानक बिगड़ने लगे, आंखों की रोशनी धुंधली हो जाए, चेहरा टेढ़ा दिखाई दे, हाथ या पैर में कमजोरी महसूस हो या बोलने में परेशानी हो, तो इसे बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना जरूरी है।

विशेषज्ञों ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण कई बार मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। इसलिए स्ट्रोक के लक्षणों की समय रहते पहचान और तत्काल उपचार बेहद महत्वपूर्ण है।

टीएमएच प्रबंधन ने विश्वास जताया कि टीएमएच साथी हेल्पलाइन और नई स्ट्रोक यूनिट जैसी सुविधाओं से जमशेदपुर सहित पूरे कोल्हान क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। अस्पताल भविष्य में भी मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करता रहेगा।

# टूंडला तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में टूंडला तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति में तहसील टूंडला में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की शिकायतों को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया, आज के आयोजन में राजस्व, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, पुलिस-प्रशासन और जन सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों को कड़ी चेतावनी के साथ-साथ ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**आंगनबाड़ी केंद्र भूमि विवादः (ग्राम नगला छैकुर)**

ग्राम प्रधान संजय कुमार द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि गाटा संख्या -303 पर चल रहे अवैध कब्जे को तत्काल मुक्त कराया जाए ताकि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सके और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

अतिक्रमण एवं पैमाईश संबंधी मामले : विभिन्न ग्रामों (जैसे मौजा कार्तिक) से आई भूमि पैमाइश और पड़ोसियों द्वारा चक मार्ग व खेत दबाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी टूंडला को निर्देशित किया कि तत्काल क्षेत्रिय लेखपाल और कानूनगो की टीम गठित कर निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए।

**जल भराव व संक्रमण रोगों से बचाव**

ग्राम नगला महादेव में तालाब की सफाई न होने और गांव में कीचड़ व जल भराव के कारण फैल रहे डेंगू जैसे संक्रामक रोगों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने व फॉगिंग कराने के सख्त निर्देश दिए।

**सार्वजनिक सुविधाओं का पुनर्निमार्णः**

टूंडला स्थित स्टेशन रोड कपड़ा मार्केट में बरसों पुराने सार्वजनिक शौचालय को पुनः बनवाने से रोकने वाले दबंगों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक को कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनहित के इस कार्य को निर्बाध पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्रः (विरासत मे लापरवाही)**

एक अत्यंत संवेदनशील मामले में स्वर्गीय रवि कुमार बाल्मीकि की पत्नी हंस देवी द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल पर रिपोर्ट न लगाने व परेशान करने के आरोप पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 7 दिवस के भीतर आख्या उपलब्ध कराते हुए, पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। इसी तरह ग्राम नगला खरगा निवासी कालीचरण ने जिलाधिकारी के समस्त उपस्थित होकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई प्रार्थी ने बताया कि गाटा संख्या 227, 228, 231, 214, 215, 216, 224, 223, 370 आदि का सरकारी बंटवारा न्यायालय द्वारा अंतिम डिग्री जारी होने के बाद १-6 रजिस्टर में दर्ज हो चुका है, इसके बावजूद कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पिछले 5 महीने से इस टरकाया जा रहा है और आदेश को खतौनी पर अंकित नहीं किया जा रहा है, बार-बार चक्कर काटने के कारण प्रार्थी मजदूरी भी नहीं कर पा रहा है, जिससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

पीड़ित बुजुर्ग की व्यथा और कंप्यूटर ऑपरेटर की इस घोर लापरवाही को देखते हुए, जिलाधिकारी ने तहसीलदार टूंडला को निर्देशित किया कि इस प्रकरण पर तत्काल नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा 1 घंटे के भीतर इसका पूरी तरह निस्तारण कर, इसकी आख्या उपलब्ध कराए, इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष 151 मामले आए, जिनमें से 21 मामलों का निस्तारण किया गया।

# गृहक्लेश के चलते युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**

बहजोई ।बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव पाठकपुर में शनिवार शाम गृहक्लेश से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार, पाठकपुर निवासी 22 वर्षीय विपिन पुत्र मित्रपाल का शनिवार सुबह पत्नी से विवाद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि सूचना पर पत्नी के मायके पक्ष के लोग घर पहुंचे, विपिन से मारपीट की और पत्नी को मायके ले गए। पिता मित्रपाल ने बताया कि इस घटना से विपिन मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गया था। शाम करीब 6 बजे विपिन ने घर के कमरे में सीमेंट की कड़ी से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने उसे फंदे से उतारा, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी।

सूचना पर सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी, कोतवाल राजीव कुमार मलिक व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

सीओ दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जाम में एंबुलेंस फंसी तो नपेंगे पुलिसकर्मी

## अस्पतालों के बाहर 100 मीटर का दायरा 'नो टॉलरेंस जोन' घोषित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में ट्रैफिक जाम के कारण एंबुलेंस फंसने और मरीजों की मौत के लगातार बढ़ते मामलों पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि किसी भी परिस्थिति में एंबुलेंस सड़क जाम में नहीं रुकनी चाहिए। यदि किसी सड़क, बाजार या चौराहे पर एंबुलेंस फंसी पाई गई, तो वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठकों में यह गंभीर मुद्दा सामने आया था। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रैफिक जाम की वजह से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में औसतन 20 से 25 मिनट की अतिरिक्त देरी हो रही है, जो चिकित्सकों के अनुसार जानलेवा साबित हो रही है। भागलपुर के मायागंज अस्पताल (जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल) की रिपोर्ट ने प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है, जहाँ पिछले छह महीनों में 15 से 20 मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई। इनमें से कई मरीज एंबुलेंस में ही जाम का शिकार हो गए थे।मायागंज जैसे बड़े अस्पतालों में बांका, कटिहार, पूर्णिया और मुंगेर से भी गंभीर मरीज आते हैं, लेकिन मुख्य द्वार पर अवैध पार्किंग के कारण एंबुलेंस फंस जाती हैं। इसे देखते हुए सरकार ने अस्पतालों के मुख्य प्रवेश द्वार से 100 मीटर के दायरे को ह्यशून्य सहनशीलता क्षेत्रह्व (नो टॉलरेंस जोन) घोषित करने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र में ऑटो, ई-रिक्शा या किसी भी वाहन की अवैध पार्किंग और अनावश्यक भीड़ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। समस्या के तकनीकी समाधान के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगे अत्याधुनिक कैमरों से नियंत्रण कक्ष के जरिए एंबुलेंस की आवाजाही पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाएगी। रुकावट दिखने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया जाएगा।

भागलपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि मरीज की जान बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है कि सायरन सुनते ही तुरंत रास्ता खाली कराया जाए। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# वैश्विक तनाव के कारण पेट्रोल-डीजल 3 महंगा

## पटना में पेट्रोल 108 के पार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध तनाव का सीधा असर अब भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर दिखने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल के बाद देश की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बड़ी बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही सीएनजी की कीमतों में भी 2 रुपये प्रति



किलोग्राम की वृद्धि की गई है। नई दरें 15 मई से प्रभावी हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी पटना में पेट्रोल की कीमत 105.37 रुपये से बढ़कर 108.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 94.65 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। किशनगंज जिले में कीमतें और भी अधिक हैं, जहां पेट्रोल 110.26 रुपये और डीजल 96.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। हालात यह हैं कि किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड के आठ में से चार पेट्रोल पंप बंद होने के कारण लोग ईंधन के लिए पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल का रुख कर रहे हैं। वहीं गया के इमामगंज में भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। परिवहन और कारोबार जगत से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़ोतरी का सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा। सब्जियों, फलों, राशन और अन्य जरूरी सामानों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, खेती की लागत बढ़ने से किसानों पर भी बोझ बढ़ेगा और स्कूल बसों व सार्वजनिक परिवहन का किराया महंगा हो सकता है। पश्चिम एशिया के संकट के कारण कच्चा तेल 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में एक कार्यक्रम के दौरान देशवासियों से पेट्रोलियम उत्पादों का सावधानीपूर्वक और संयमित उपयोग करने की अपील की है ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके और युद्ध के आर्थिक प्रभावों को कम किया जा सके।

# भ्रष्टाचार पर ईओयू का बड़ा प्रहार

- कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी
- 40 लाख नकद और आभूषण बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी मुहिम के तहत आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने शनिवार को ग्रामीण कार्य प्रमंडल, झाझा (जमुई) के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई पटना और जमुई जिले के चार अलग-अलग स्थानों पर की गई। इस दौरान पटना स्थित फ्लैट से 40 लाख रुपये नकद, भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण और जमीन व निवेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया था। ईओयू की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि उन्होंने अपनी ज्ञात आय से लगभग 81.5 प्रतिशत अधिक संपत्ति बनाई है, जो करीब 2 करोड़ 61 हजार रुपये आंकी गई है। इसके बाद विशेष न्यायालय निगरानी से तलाशी वारंट लेकर यह कार्रवाई शुरू की गई। 15 मई 2026 को आर्थिक अपराध इकाई थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।शनिवार सुबह ईओयू की 16 सदस्यीय टीम ने, जिसमें चार डीएसपी शामिल थे, पटना की मजिस्ट्रेट कॉलोनी (ज्योतिपुरम) स्थित जगत विला अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या एफ-2 में छापा मारा। इसके अलावा पटना के कंकड़बाग स्थित एक मकान, जमुई में केकेएम कॉलेज के पास किराए के आवास और झाझा स्थित कार्यालय में भी एक साथ तलाशी ली गई ताकि कोई साक्ष्य मिटाया न जा सके। मौके से कई बैंकों की पासबुक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वित्तीय लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिनका विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच आगे बढ़ने पर कई और संपत्तियों का खुलासा होने की संभावना है। राज्य में लगातार हो रही इस तरह की सख्त कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नबीनगर में वट सावित्री की धूम: सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर में शुक्रवार को वट सावित्री व्रत पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पुरानी पीएनबी के समीप स्थित वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने एकत्रित होकर वट सावित्री की पूजा-अर्चना की।सुहाग के प्रतीक वट सावित्री व्रत के मौके पर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा। पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा कराई गई। महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावित्री-सत्यवान की व्रत कथा सुनी और अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की।पूजा के बाद सुहागिनों ने ब्राह्मणों को फल, वस्त्र और दक्षिणा दान कर आशीर्वाद लिया। मान्यता है कि वट



सावित्री व्रत करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। सावित्री ने इसी दिन यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। इसी कारण सुहागिनें पति की दीघार्यु के लिए यह व्रत रखती हैं।सुबह से ही वट वृक्षों के नीचे महिलाओं की भीड़ जुटी रही। बाजारों में भी पूजा सामग्री, फल और सुहाग के सामान की खूब बिक्री हुई। पूरे नबीनगर में धार्मिक माहौल बना रहा।

# कोरम पूरा न होने से खारिज हुआ नबीनगर उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के उप प्रमुख लव कुमार सिंह के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शनिवार को कोरम के अभाव में खारिज हो गया। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में बुलाई गई विशेष बैठक में जरूरी संख्या में सदस्य नहीं पहुंचे।पंचायत समिति नबीनगर में कुल निर्वाचित सदस्यों की संख्या 35 है। बिहार पंचायत राज अधिनियम-2006 की धारा 44(3) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए कुल सदस्यों के दो तिहाई यानी 24 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। शनिवार को हुई बैठक में मात्र 21 सदस्य ही उपस्थित



हुए।दो तिहाई से कम सदस्य होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्रवाई नहीं की जा सकी। कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने कोरम के अभाव का हवाला देते हुए बैठक को खारिज कर दिया।प्रेक्षक के रूप में औरंगाबाद के वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव बैठक में मौजूद रहे।गौरतलब है कि शुक्रवार को ही प्रखंड प्रमुख चित्र कुमारी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भी कोरम पूरा न होने से खारिज हो गया था। तब 35 में से मात्र 2 सदस्य ही बैठक में पहुंचे थे।प्रस्ताव खारिज होने पर उप प्रमुख लव कुमार सिंह के समर्थकों मे हर्ष की लहर है।

# नबीनगर: निजी स्कूल की वैन पलटी, अधिकांश बच्चे घायल, नाबालिग चला रहा था गाड़ी

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड 5 स्थित रामनगर गांव के समीप शुक्रवार को सुबह बड़ा हादसा हो गया। नबीनगर के निजी विद्यालय शिवम पब्लिक स्कूल की एक चार चक्का वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में सवार लगभग 20 बच्चे घायल हो गए।हादसे के बाद सभी घायल बच्चों को आनन-फानन में विभिन्न निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। कई बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका एक्स-रे कराकर इलाज किया जा रहा है। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन काफी पुराने मॉडल की थी। सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई कि वाहन को एक नाबालिग चालक चला रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वाहन में करीब 20 से 25 बच्चे सवार थे जिनमें अधिकांश को मामूली से लेकर गंभीर चोटें आई हैं। इस



लापरवाही के बाद शिवम पब्लिक स्कूल प्रबंधन पर सवालिया निशान लग रहे हैं। अभिभावकों में आक्रोश है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ कैसे हुआ। स्कूल वाहन की फिटनेस और चालक की उम्र की जांच किए बिना बच्चों को कैसे भेजा जा रहा था।घटना के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु प्राचार्य द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी स्कूल प्रबंधन और वाहन मालिक पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।गौरतलब है कि नबीनगर मे कई निजी विद्यालय बिना सरकारी निबंधन और गाइडलाइन के कुकुरमुत्ते की तरह संचालित है ।

# योजनाओं की हकीकत जानने मैदान में उतरे डीपीआरओ, तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केंद्र समेत कई संस्थानों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़/कुकड़ूः सरायकेला-खरसावां जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह कुकड़ू प्रखंड के वरीय पदाधिकारी श्री सुरेन्द्र उरांव ने कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पीडीएस दुकान, तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केंद्र तथा पंचायत भवन पहुंचकर व्यवस्थाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में डीपीआरओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पारदर्शी और सरल तरीके से पहुंचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। वहीं पीडीएस दुकान में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन में संचालित योजनाओं और अभिलेखों की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बतख चूजा वितरण

**समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़/कुकड़ू : कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बतख चूजा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चयनित 24 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। प्रत्येक यूनिट में 30-30 बतख चूजा प्रदान किए गए, जिससे ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की गई।

कार्यक्रम प्रखंड प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लाभुकों को बतख पालन से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी गईं।



अधिकारियों ने बतखों की देखभाल, संतुलित पोषण, रोगों से बचाव एवं वैज्ञानिक तरीके से पालन करने की विस्तृत जानकारी साझा की, ताकि लाभुक योजना का समुचित लाभ उठा सकें। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरेलाल महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, पशुपालन को प्रोत्साहित करना एवं लाभुकों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से लाभुकों को समय-समय पर तकनीकी सहयोग एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो सहित कई गणमान्य लोग एवं दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

# किशनगंज में एससी/एसटी थाना के थानाध्यक्ष निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एससी/एसटी थाना के थानाध्यक्ष पु०अ०नि० दीपू कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर थाना में प्राप्त आवेदन एवं परिवाद पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने, विलंब से दर्ज करने तथा गंभीर मामलों में नियमानुसार कार्रवाई नहीं करने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार को सूचना मिली थी कि एक महिला परिवादिनी द्वारा एससी/एसटी थाना में आवेदन देने के चार दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच पुलिस उपाधीक्षक (साइबर), किशनगंज से कराई।

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि परिवादिनी के आवेदन की थाना दैनिकी में कोई प्रविष्टि नहीं की गई थी और न ही समय पर कोई कार्रवाई हुई। वरीय अधिकारी के निर्देश के




बाद ही मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई गंभीर मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं कांड के निष्पादन की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई तथा केवल औपचारिकता निभाई गई।

इसके अलावा कई आवेदनों में समझौता दशार्या गया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। कई मामलों में आवेदन प्राप्ति की तिथि और प्राथमिकी दर्ज होने की तिथि में भी अंतर पाया गया, जिसे विभागीय नियमों के विरुद्ध माना गया।

इन आरोपों को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, मनमानी, आदेश उल्लंघन एवं संदिग्ध आचरण मानते हुए पु०अ०नि० दीपू कुमार को तत्काल प्रभाव से जीवन-यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। किशनगंज पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा भ्रष्ट आचरण के प्रति ह्लजीरो टॉलरेंसह्व की नीति अपनाई गई है तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कुटुम्बा पुलिस की कार्रवाई: झारखंड के फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थाना कांड संख्या 80/25 में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को झारखंड के पलामू जिले से गिरफ्तार किया गया है।यह मामला कुटुम्बा थाना कांड संख्या 80/25, दिनांक 01.06.2025 का है। अभियुक्त पर इठर की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज है। ये धाराएं अपहरण, गलत तरीके से अवरोध, आपराधिक धमकी और जबरन वसूली जैसे संगीन अपराधों से संबंधित हैं।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम चितरंजन पासवान, पिता-




रामसुंदर पासवान, ग्राम-सतगांवा, थाना-हरिहरगंज, जिला-पलामू, झारखंड है। थानाध्यक्ष कुटुम्बा को गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने हरिहरगंज में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को पूछ ताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि थाना क्षेत्र में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# पटना में इंदौर की तर्ज पर बनेंगे तीन आधुनिक 'स्ट्रीट फूड हब'

## लिट्टी-चोखा और चंपारण मटन को मिलेगी नई पहचान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजधानी पटना में जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन ह्यस्ट्रीट फूड हबह्व विकसित किए जाएंगे। पटना नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रस्ताव तैयार कर शहरी विकास एवं आवास विभाग को मंजूरी के लिए भेज दिया है। प्रस्ताव पास होते ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नगर निगम द्वारा तैयार ब्लूप्रिंट के अनुसार, शहर के तीन प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। जिसमे जेपी गंगा पथ स्थित दीघा गोलंबर, कोतवाली क्षेत्र की खटाल गली व मीठापुर स्थित निमार्णाधीन साझा सेवा केंद्र परिसर शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक, इन फूड हब का विकास इंदौर की तर्ज पर किया जाएगा। सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित कर विशेष ऑफ-स्ट्रीट वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।इस योजना का मुख्य उद्देश्य बिहार की खानपान संस्कृति को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार के अनिवार्य प्रावधान के अनुसार, इन फूड हब की कम से कम 50 प्रतिशत दुकानों पर बिहार के मूल व्यंजन जैसे लिट्टी-चोखा, चंपारण मटन, मखाना, खाजा और ठेकुआ आदि उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। परियोजना के तहत कोई स्थायी निर्माण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक अस्थायी संरचनाएं बनाई जाएंगी। परिसर में बैठने की उत्तम व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, बेहतर लाइटिंग, पार्किंग और नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के विशेषज्ञों द्वारा खाद्य विक्रेताओं को स्वच्छता, गुणवत्ता और बेहतर सेवा के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे छोटे दुकानदारों को रोजगार के सुरक्षित अवसर मिलेंगे।

# कुटुम्बा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शराब और SC-ST एक्ट के दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा( बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग संगीन मामलों में फरार चल रहे दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एक अभियुक्त शराब मामले में जबकि दूसरा SC-ST एक्ट सहित इठर की गंभीर धाराओं में वांछित था।पहला मामला कुटुम्बा थाना कांड संख्या 109/25 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 से जुड़ा है। इस मामले का प्राथमिकी अभियुक्त मिथलेश सिंह, पिता-स्व. गुप्ता सिंह, ग्राम-मदनपुर, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद को पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी



कर गिरफ्तार कर लिया गया।दूसरा मामला कुटुम्बा थाना कांड संख्या 69/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। इस मामले मे अभियुक्त रोहित सिंह, पिता-रमेश सिंह, ग्राम-अंकुप्पा, थाना-कुटुम्बा, जिला-औरंगाबाद लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया।कुटुम्बा थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में शामिल फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप है।

# नबीनगर: मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बैरिया उच्च विद्यालय के छात्रों ने किया सड़क जाम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के बैरिया उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने बैरिया बाजार मुख्य मार्ग को जाम कर शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।छात्रों का आरोप है कि विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली, पंखे ,वर्ग कक्ष और शिक्षकों की भारी कमी है। बरसात में छत से पानी टपकता है और बैठने के लिए बेंच-डेस्क तक उपलब्ध नहीं हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने मजबूर होकर सड़क जाम किया।छात्रों ने बताया कि बिहार बोर्ड की 2026



की परीक्षा में इसी विद्यालय की छात्रा टॉप 10 में छठा स्थान पाकर जिला और विद्यालय की गौरव बढ़ाई थी।सड़क जाम की सूचना मिलते ही नए प्रभारी बीईओ सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार सिंह,स्थानीय मुखिया और अन्य गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद अधिकारियों ने छात्रों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने धरना-प्रदर्शन वापस ले लिया और जाम हटाया।स्थानीय लोगों ने भी छात्रों की मांगों का समर्थन किया। उनका कहना है कि शिक्षा के अधिकार के तहत हर स्कूल में बुनियादी सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। लगातार अनदेखी के कारण छात्रों का गुस्सा फूटा है। शिक्षा विभाग की लापरवाही पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं।प्रभारी बीईओ ने कहा कि विद्यालय का निरीक्षण कर जल्द रिपोर्ट तैयार की जाएगी और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# गौतमबुद्धनगर के हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी के विरुद्ध सघन अभियान, 14 स्थानों पर पकड़ी गई बिजली चोरी

समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर के हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व हानि को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई मुख्य अभियंता (वितरण), नोएडा क्षेत्र के निर्देशन में की गई।

इसी क्रम में 16 मई 2026 को विजिलेंस एवं विभागीय रेड टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रातःकाल विभिन्न स्थानों पर औचक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 14 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध विद्युत उपयोग सामने आया, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया।

### रोजा जलालपुर और किदवई नगर में बड़ी कार्रवाई

ग्राम रोजा जलालपुर, थाना बिसरख क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र ईटेड़ा से पोषित ए-1 पार्ट-7 एवं खाटू श्याम क्षेत्र में विजिलेंस टीम-प्रथम एवं विभागीय रेड टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग की गई। यह कार्रवाई सहायक अभियंता (रेड) अजीत कुमार एवं अवर अभियंता (रेड) पवन कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन दल पुलिस टीम प्रभारी नरेंद्र सिंह, अवर अभियंता (प्रवर्तन) सचिन कुमार तथा लाइन स्टाफ की मौजूदगी में संपन्न हुई।

इस दौरान 11 परिसरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें विभिन्न उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से विद्युत उपयोग किया जा रहा था। क्षेत्र में कुल लगभग 29.00 किलोवाट अवैध भार का उपभोग पाया गया।

पकड़े गए मामलों में अमरजीत शर्मा, अरुण, राजू, हेमंत चौधरी, पूजा, रविंद्र कुमार, सुशील चौधरी, मृदुला, राजेश देवी, जोगिंदर सिंह और सुमन सहित कई उपभोक्ता शामिल हैं।

### दादरी क्षेत्र में भी 3 परिसरों पर बिजली चोरी पकड़ी गई

इसी प्रकार किदवई नगर, थाना दादरी क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र चिटेहरा से पोषित क्षेत्र में विजिलेंस टीम-द्वितीय द्वारा चेकिंग की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रवर्तन दल पुलिस टीम प्रभारी मनोज कुमार एवं अवर अभियंता (प्रवर्तन) सुशील कुमार ने किया।






यहां 03 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें इस्लाम, रईस और अकरम नामक उपभोक्ताओं के परिसर शामिल हैं। इस क्षेत्र में लगभग 9.46 किलोवाट अवैध विद्युत भार का उपयोग किया जा रहा था।

### कुल 14 परिसरों पर कार्रवाई, 38.46 किलोवाट अवैध भार पकड़ा गया

संयुक्त अभियान में कुल 14 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें कुल लगभग 38.46 किलोवाट अवैध विद्युत भार का उपयोग पाया गया। विभाग द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63 नोएडा में अभियोग पंजीकृत कराने की कार्रवाई की जा रही है।

### विभाग की सख्त चेतावनी और आगे की रणनीति

विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि हाई लॉस क्षेत्रों में इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। विभाग का उद्देश्य विद्युत चोरी पर पूर्ण अंकुश लगाना तथा राजस्व हानि को न्यूनतम करना है।

साथ ही विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध कनेक्शन के माध्यम से ही विद्युत का उपयोग करें। विद्युत चोरी एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है, जिसके लिए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिशासी अभियंता, नगरीय विद्युत वितरण खंड-रेड, नोएडा ने कहा कि ह्वराष्ट्रहित में बिजली बचाना और ईमानदारी से उपयोग करना सभी नागरिकों का दायित्व है ह्व

## नोएडा के सेक्टर-63जी उपकेंद्र पर 17 मई को 5 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित, ब्रेकर व कंट्रोल पैनल स्थापना कार्य होगा

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, गौतमबुद्धनगरः नोएडा एक्सप्रेसवे क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (मेरठ) के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र नंगला चरणदास फेस-2, सेक्टर-80 नोएडा द्वारा उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 17 मई 2026 (रविवार) को सेक्टर-63जी उपकेंद्र पर महत्वपूर्ण विद्युत कार्य किया जाएगा।

### ब्रेकर एवं कंट्रोल पैनल स्थापना के चलते आपूर्ति बाधित

विभागीय सूचना के अनुसार बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत 11 केवी ब्रेकर एवं कंट्रोल पैनल स्थापना का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण संबंधित उपकेंद्र से निर्गत सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। यह कार्य विद्युत व्यवस्था को अधिक आधुनिक एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में किया जा रहा है। इस विद्युत कटौती से सेक्टर-63जी नोएडा के अंतर्गत आने वाले जी-ब्लॉक, चोटपुर एवं छिजारसी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए अपील की है कि वे निर्धारित समय में सहयोग करें। विभाग ने कहा कि यह कार्य भविष्य में बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

“राष्ट्रहित में बिजली बचाएं”


अपने विज्ञापन को दें हजारों पाठकों तक पहुंच

- घर, मकान, दुकान एवं प्रॉपर्टी संबंधी विज्ञापन
- नाम परिवर्तन / रजिस्ट्री / दस्तावेज संबंधी कार्य
- व्यापार, बिजनेस एवं नौकरी संबंधी सूचना
- शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक विज्ञापन
- खोया-पाया एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं

अब अपने विज्ञापन को कराएं हमारे अखबार में प्रकाशित

कम खर्च में अधिक लोगों तक पहुंच का सबसे आसान और प्रभावी माध्यम।

संपर्क करें:

मोबाइलः_9891706853
पताः_दुर्गा पब्लिक स्कूल के पास श्याम लाल कॉलोनी, बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304

आपका विज्ञापन - सीधे हजारों पाठकों तक!



अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।


# तबले की थापों और सारंगी की मधुर धुनों की जुगलबंदी से महकी निर्मल आश्रम अकादमी

## निर्मल आश्रम ज्ञानदान अकादमी, ऋषिकेश में भारतीय शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति

समाज जागरण संवाददाता

ऋषिकेशः निर्मल आश्रम ज्ञानदान अकादमी, ऋषिकेश में आयोजित भारतीय शास्त्रीय संगीत का भव्य एवं सुरम्य कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय बन गया। अजरड़ा घराना के विश्वविख्यात तबला वादक उस्ताद अकरम खान और मुरादाबाद घराना के प्रसिद्ध सारंगी वादक सुभान अली खाँ की जुगलबंदी ने पूरे सभागार को सुरों और ताल की अनूठी अनुभूति से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संरक्षक परम पूज्य संत संत श्री जोध सिंह महाराज, एनजीए डायरेक्टर स. गुरविंदर सिंह, चेयरमैन डॉ. एसएन सूरी, श्रीमती रेनू सूरी एवं भाई हँसबीर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के कोयर ग्रुप ने मूल मंत्र, गायत्री मंत्र और दैनिक प्रार्थना “हे गोविंद, हे गोपाल” प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

विद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में तबले की गूंजती थापों और सारंगी की मधुर तानों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से राग पहाड़ी पर आधारित तीन ताल की लहरा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने अपने वादन के माध्यम से बहते जल, वर्षा की बौछार और बादलों की गूंज का ऐसा सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान उस्ताद अकरम खान ने अपने गुरु एवं सुविख्यात




तबला वादक स्वर्गीय उस्ताद साबिर खान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संगीत का संबंध सदैव संत परंपरा से रहा है और श्रेष्ठ गुरु का सान्निध्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में नगर स्तर पर प्रथम एवं राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा इशिता सिंह को भी सम्मानित किया गया। परम पूज्य महाराज जी ने छात्रा को आशीर्वाद एवं उपहार प्रदान कर उसकी उपलब्धि की सराहना की।

कार्यक्रम में विद्यालय समन्वयक सोहन सिंह कैंतुरा, परीक्षा प्रमुख सरवजीत कौर, स्कूल कप्तान सोनल डोभाल एवं अमरीश शुक्ला ने कलाकारों का स्वागत किया। मंच संचालन माही शर्मा एवं वैष्णवी कोठियाल ने किया।

अंत में संगीत अध्यापिका दीपमाला कोठियाल ने सभी कलाकारों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, संगीत शिक्षक, तकनीकी अधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

## गर्व के पलः गुरुकुल चोटीपुरा की दो NCC कैडेट्स श्रेया और काव्या राज्यपाल के हाथों सम्मानित

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबाद, 16 मई 2026: गुरुकुल चोटीपुरा की दो प्रतिभाशाली एनसीसी कैडेट्स श्रेया और काव्या को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा सम्मानित किए जाने पर पूरे गुरुकुल परिवार में खुशी का




माहौल है। दोनों छात्राओं को अमर उजाला द्वारा आयोजित ह्यसमर्पण सम्मान समारोहह्व में गणतंत्र दिवस परेड 2026 में उत्कृष्ट प्रतिभागिता के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुरादाबाद के पंचायत भवन में आयोजित समारोह में शहीदों के परिजनों, पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान अमर उजाला, मुरादाबाद संस्करण के रेजिडेंट एडिटर पुनीत शर्मा भी मौजूद रहे। गुरुकुल चोटीपुरा की दोनों छात्राएं 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मुरादाबाद से जुड़ी हुई हैं। सम्मान समारोह के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं से संक्षिप्त संवाद भी किया और उनकी पढ़ाई, परिवार एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दोनों कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### गणतंत्र दिवस परेड में दिखाया था दमखम

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड 2026 में गुरुकुल चोटीपुरा की कुल चार छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इनमें दो छात्राएं एनसीसी और दो छात्राएं एनएसएस के माध्यम से परेड में शामिल हुई थीं। कैडेट श्रेया की रुचि योगासन, तलवारबाजी और भाला प्रशिक्षण में है, जबकि काव्या को खेलकूद और तलवारबाजी में विशेष रुचि है। दोनों छात्राओं की उपलब्धि को गुरुकुल परिवार ने संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

### गुरुकुल परिवार ने दी शुभकामनाएं

गुरुकुल प्रशासन एवं शिक्षकों ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। संस्थान ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राएं आगे भी राष्ट्रीय स्तर पर गुरुकुल और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

# नर्सिंग मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम : प्रो. सुभाषिनी

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सों की भूमिका, जिम्मेदारी, समर्पण एवं रोगी देखभाल को केंद्र में रखकर रोल प्ले और रील्स मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम की थीम ह्वएम्पॉवर नर्सेज, सेव लाइव्सह्व रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास एवं डॉ. रामकुमार गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

रोल प्ले प्रतियोगिता में एएनएम के छात्र-छात्राओं सुरभि, पिंकी, निकिता, स्वाति, सृष्टि, शीतल और सानिया के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं अपर्णा, अभयजीत कौर, देव शर्मा, दीक्षा पाल, केंजल पाल, महिमा, गुरमननत कौर, उदित कुमार, रुही, निक्की और दीपिका का समूह द्वितीय स्थान पर रहा।



रील्स मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग के अभयजीत ने प्रथम, अपर्णा ने द्वितीय तथा प्राची ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रो. एसपी सुभाषिनी ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने कहा कि सशक्त और शिक्षित नर्सें ही स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक आधारशिला हैं।

प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम. ने कहा कि शिक्षा, अवसर और सहयोग के माध्यम से नर्सों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। सशक्त नर्सें ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं और उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है।

कार्यक्रम में डॉ. योगेश कुमार, डॉ. सपना सिंह, डॉ. शालिनी जोशी, डॉ. सुमन वशिष्ट, डॉ. सहर्ष वाल्टर, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रो. विजीमोल, प्रो. अनुषी सिंह, प्रो. वेदमूर्ति, यासिर जावेद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एमएससी नर्सिंग की छात्राओं इशिका और शिवाली ने किया, जबकि अंत में डॉ. राम कुमार गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आईएमएस लॉ कॉलेज में मॉडल यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस का समापन, वैश्विक मुद्दों पर छात्रों ने रखे विचार

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 16 मई 2026: सेक्टर-62 स्थित आईएमएस लॉ कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन (एमयूएन) कॉन्फ्रेंस के दूसरे संस्करण का रविवार को समापन हो गया। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए 180 प्रतिभागियों ने सात अलग-अलग समितियों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए आईएमएस नोएडा के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मॉडल यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस केवल वाद-विवाद का मंच नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, वैश्विक दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आईएमएस लॉ कॉलेज विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और वैश्विक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### सात समितियों में वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. गोविंद प्रसाद गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत लोकसभा, ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टी मीट, संयुक्त राष्ट्र महासभा, इंटरनेशनल फुटबॉल ट्रांसफर फोरम, संयुक्त राष्ट्र महिला स्थिति आयोग, इंटरनेशनल प्रेस और आईपीएल जैसी सात समितियों का गठन किया गया था।



इन समितियों में जातिगत जनगणना और आरक्षण व्यवस्था, वक्फ संशोधन अधिनियम-2025, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष, वैश्विक फुटबॉल ट्रांसफर मार्केट, फोटोग्राफी एवं पत्रकारिता, आईपीएल नीलामी प्रक्रिया तथा विश्व स्तर पर बढ़ते एंटी-फेमिनिस्ट उग्रवाद जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा और विचार-विमर्श हुआ।

### सोमवार को घोषित होंगे विजेता

कॉलेज प्रशासन के अनुसार सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के नामों की घोषणा सोमवार को की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुति देकर अपनी कूटनीतिक और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 16 मई 2026: पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं डीसीपी महिला सुरक्षा के पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा टीम द्वारा मिशन शक्ति-5 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

## सेक्टर-63 की दो फैक्ट्रियों में लगी आग, 16 फायर टेंडरों की मदद से पाया गया काबू

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 16 मई 2026: थाना सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित दो फैक्ट्रियों में शुक्रवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया गया।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अनुसार सेक्टर-63 क्षेत्र के डी-139 स्थित शौर्य एक्सपोर्ट और डी-140 स्थित ईगल बिजनेस कॉर्पोरेशन (बैग बनाने की कंपनी) में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना के बाद दमकल विभाग की 16 फायर टेंडरों को मौके पर लगाया गया।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। मौके पर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं पुलिस और फायर विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

## धूमधाम से मनाया गया शनि जन्मोत्सव, भक्तिभाव से हुई शनिदेव की पूजा-अर्चना

समाज जागरण संवाददाता

शनि जयंती के पावन अवसर पर हटिया पुलिस बूथ चौराहे स्थित शनिदेव मंदिर में भव्य शनि जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुभाष केसरवानी के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर भक्तों ने भगवान शनिदेव का काले तिल और सरसों के तेल से अभिषेक किया। मंदिर परिसर में सरसों तेल से महाआरती एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पीपल वृक्ष के नीचे दीपदान कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की तथा ह्वमनोकामना ज्योतिह्व भी प्रज्ज्वलित की।



मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और भगवान शनिदेव का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान शनिदेव महाराज की स्तुति पाठ एवं भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### भक्ति संध्या में झूमे श्रद्धालु

शनि जयंती महोत्सव के तहत भक्ति संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश केसरवानी, रवि केसरवानी, कन्हैया कुशवाहा, उमेशचंद्र केसरवानी, गंगेश शर्मा, सुशील गुप्ता, संतोष अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, अजय अग्रहरि सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार





दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरुद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरुद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज



जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी सेहत को क्या नुकसान होता है -

**डायबिटीज़**

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

**वजन बढ़ना**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

**सेक्स ड्राइव में कमी**

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते हैं जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

**एंग्जायटी और डिप्रेशन**

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

**इम्युनिटी कमजोर होना**

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।